{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल 10 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 17, अंक 38
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 84,404.46 |
| निफ्टी | ~ | 25,877.85 |
| सोना | ~ | 1,11,350 |
| चांदी | ~ | 1,51,000 |
| डॉलर | ~ | 88.65 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### एकता नगर बना देश का पहला हरित (ई-सिटी) शहर

नर्मदा। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर नर्मदा जिले के केवड़िया स्थित विश्वप्रसिद्ध स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 30 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 25 नई ई-बसों का शुभारंभ (फ्लैग ऑफ) किया गया। इसके साथ ही अब एकता नगर में कुल 55 ई-बसें पर्यटकों को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी। प्रधानमंत्री ने हरित परिवहन और टिकाऊ पर्यटन की दिशा में एकता नगर को देश के आदर्श ई-सिटी के रूप में विकसित करने की दृष्टि प्रस्तुत की। लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री ने हरित ध्वज लहराकर नई ई-बसों को एकता नगर की सड़कों पर चलने की अनुमति दी।

### मलेशिया में भी काम करेगा भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम

बेंगलुरु। मलेशिया यात्रा करने गए भारतीय बहुत जल्द अब पेमेंट के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर सकते है। रेजरपे की ओर से गुरुवार को यह घोषणा भारत के डिजिटल पेमेंट इनोवेशन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रेजरपे ने एक्स पर लिखा, इनोवेशन की कोई सीमा नहीं होती। भारत की फिनटेक लीडरशिप में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रेजरपे की मलेशियाई सब्सिडियरी कर्लेक और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड के बीच एक साझेदारी हुई है। इस एग्रीमेंट को 7 से 9 अक्टूबर तक चले ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के दौरान फाइनल किया गया, जो कि यूपीआई को देश की सीमाओं के बाहर भी स्वीकार करने को लेकर एक मील का पत्थर है।

### नागपुर में भीषण सड़क हादसा, कार और बस की टक्कर में तीन की मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर वडम्बा गांव के पास दोपहर में हुआ। पुलिस के मुताबिक, जबलपुर की ओर जा रही एक कार ने सड़क पर अचानक आए दोपहिया वाहन से बचने की कोशिश की, जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रही यात्री बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और उसमें सवार कपिल साहनी (50), अमित अग्रवाल (51) और संदीप सोनी (51) की मौके पर ही मौत हो गई।

### कुछ ना कहना




## महिला वनडे विश्व कप

# भारत ने रोका गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ

## खिताब से एक कदम दूर; अब द. अफ्रीका से सामना

नवी मुंबई। भारतीय महिला टीम ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर उसका विजय रथ रोक दिया है। भारत ने जेमिमा रॉड्रिग्ज और हरमनप्रीत कौर की शानदार साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने जैसे ही जीत का चौका लगाया मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज भावुक हो गई और अपने आंसू नहीं रोक सकीं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने एलीस हीली की टीम का विजयी अभियान रोक दिया। भारत का अब रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था।



### भारत तीसरी बार फाइनल में

भारतीय टीम तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टीम इससे पहले 2005 और 2017 में भी खिताबी मैच में पहुंची थी। भारत ने अब तक कभी विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीती है और अब उसके पास खिताबी सूखा समाप्त करने का अच्छा मौका है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया को रोकना आसान नहीं था, लेकिन जेमिमा और हरमनप्रीत ने इसे मुमकिन बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप चरण में भारत को मात दी थी, लेकिन भारत ने उसे सेमीफाइनल में हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया।

### भारत को लगे शुरुआती झटके

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना के रूप में शुरुआती झटके लगे। किम गार्थ ने शेफाली वर्मा को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। शेफाली पांच गेंदों पर दो चौकों की मदद से 10 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद गार्थ ने मंधाना को हीली के हाथों कैच कराया। अंपायर ने मंधाना को नॉटआउट दिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें दिखा कि गेंद का संपर्क मंधाना के बल्ले से हुआ है। मंधाना 24 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रॉड्रिग्ज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में शानदार बल्लेबाजी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती झटकों के बाद भारत की पारी को संभाला। हरमनप्रीत और जेमिमा के बीच शतकीय साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने नया रिकॉर्ड बना डाला।

## भारत निवेश के लिए एक सही स्थान - मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करने के बाद गुरुवार को निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि भारत निवेश के लिए एक सही स्थान है।

उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, हमारे पास वर्ल्ड-क्लास पोर्ट्स, एक लंबी कोस्टलाइन, स्ट्रेटेजिक ग्लोबल ट्रेड रूट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इनोवेशन और इरादा है। हमारे युवाओं की वजह से हमारा इकोसिस्टम इनोवेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। आइए, हमारे साथ जुड़िए!



पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास ब्लू इकोनॉमी ग्रोथ के लिए एक एंबिशियस विजन है। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग सर्विस प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर एक पोस्ट में इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने बताया कि वे कई बड़े सीईओ से मिले और इस सेक्टर के बड़े स्टेकहोल्डर्स से बात की। देश के मैरीटाइम सेक्टर को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर, सुधारों और लोगों की भागीदारी के साथ इस सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन बदलावों के साथ मैरीटाइम सेक्टर मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्लोबल ट्रस्ट और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया है।

पीएम मोदी ने अपने लिंक्डइन पोस्ट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का मंत्र देते हुए कहा कि बिल्स ऑफ लैडिंग बिल से लेकर इंडियन पोर्ट्स बिल (2025) तक पांच महत्वपूर्ण बिलों ने मैरीटाइम गवर्नेंस को मॉडर्न बनाया है, व्यापार को आसान बनाया है, राज्यों को मजबूत किया है और भारत को ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के साथ जोड़ा है।

उन्होंने बताया कि इस ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से समुद्री सेक्टर के लिए 70,000 करोड़ रुपए का एक अम्ब्रेला पैकेज मंजूर किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि शिपबिल्डिंग असिस्टेंस स्कीम, मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड और शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम से 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का इन्वेस्टमेंट आएगा और 2,500 से अधिक जहाज बनाने में मदद मिलेगी।

## राहुल गांधी का करारा वार-

# नरेंद्र मोदी डरपोक हैं, उनमें यह कहने का दम नहीं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं

नालंदा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 50 बार ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा किया है, लेकिन नरेंद्र मोदी डरपोक हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। बिहार चुनाव प्रचार के दौरान नालंदा में आयोजित एक विशाल जनसभा में राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि वह डरती नहीं हैं। इसके विपरीत, अमेरिका के राष्ट्रपति ने 50 बार मोदी का अपमान किया और एक फोन कॉल पर ऑपरेशन सिंदूर बंद करवाने का दावा किया। लेकिन नरेंद्र मोदी में इतना दम नहीं है कि वे कह सकें कि अमेरिका का राष्ट्रपति झूठ बोल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मर्द (मोदी) से ज्यादा दम उस महिला (इंदिरा गांधी) में थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बिहार के युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि वे दुनियाभर में अपना खून-पसीना बहाकर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं, तो इस ऊर्जा और क्षमता का उपयोग बिहार को बनाने में क्यों नहीं किया जा सकता? उन्होंने बिहार की बदहाल स्थिति के लिए पिछले 20 वर्षों से शासन कर रही जदयू-भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने नालंदा के ऐतिहासिक महत्व को याद दिलाते हुए कहा कि एक समय नालंदा विश्वविद्यालय में विदेशों से लोग पढ़ने आते थे, लेकिन आज बिहार की पहचान पेपर लीक से जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों से भाजपा-जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है, या मज़दूर।




जनसभा में उमड़े भारी जनसैलाब के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 साल के विकास के दावे पर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार की स्थिति बदहाल है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार की सरकार नहीं चला रहे हैं, बल्कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नागपुर (आरएसएस) द्वारा उसे चलाया जा रहा है। मोदी जो बटन दबाते हैं, नीतीश वही चैनल चालू कर देते हैं। अपने जोशीले भाषण में राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो हिंदुस्तान बन गए हैं- एक अडानी-अंबानी और मोदी का और दूसरा गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों का। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर स्नान के लिए एक तरफ आम जनता के पास प्रदूषित पानी वाली यमुना थी, तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी के लिए तालाब में साफ पानी भरा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सरकार द्वारा करोड़ों की जमीन अडानी को दी जा रही है। मोदी हिंदुस्तान की संपत्ति अडानी-अंबानी के हवाले कर रहे हैं, जिसकी वजह से युवाओं को पब्लिक सेक्टर में रोजगार मिलना बंद हो गया है। मोदी चाहते हैं कि अडानी-अंबानी चीन का माल लाएं बेचें, जबकि महागठबंधन चाहता है कि फोन व अन्य सामान पर 'मेड इन चाइना' नहीं, 'मेड इन बिहार' लिखा हो और यहां के युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री युवाओं से रील बनाने को कहते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि रील देखने से पैसा युवाओं की जेब में नहीं, बल्कि जियो कंपनी के ज़रिए अंबानी की जेब में जाता है। राहुल गांधी ने जनता को आगाह किया कि भाजपा-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी करके ही भाजपा हरियाणा और महाराष्ट्र का चुनाव जीती थी और अब उसी तरह बिहार में भी वोट चोरी की कोशिश करेगी, जिसे हर युवा को पोलिंग बूथ पर रोकना होगा। उन्होंने महागठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने पर बिहार एक बार फिर शिक्षा और रोज़गार का केंद्र बनेगा।

## मुंबई में ऑडिशन के बहाने 17 बच्चों को बंधक बनाने वाला आरोपी रोहित आर्य की पुलिस मुठभेड़ में मौत

मुंबई। मुंबई के पवई स्थित एक स्टूडियो में रोहित आर्या नाम के एक व्यक्ति ने 20 बच्चों को रखा था। उसने ऑडिशन के नाम पर बच्चों को बुलाया था और उन्हें एक कमरे में रखा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बड़ी मुश्किल से बच्चों को बचाया। इस दौरान आरोपी रोहित आर्या और पुलिस के बीच गोलीबारी हुई। इसमें आरोपी रोहित आर्या मारा गया। गुरुवार दोपहर लगभग दो घंटे तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने सभी 17 बच्चों को सुरक्षित बचा लिया। इस दौरान रोहित आर्या ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बाद में पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह पवई स्थित आरए स्टूडियो में ऑडिशन शुरू हुआ था। ऑडिशन के लिए करीब 100 बच्चे आए थे। यूट्यूबर रोहित शर्मा ऑडिशन दे रहे थे। वह 5 दिनों से ऑडिशन ले रहे थे। इसके लिए एक हॉल किराए पर लिया गया था। बटरफ्लाई नाम के ऑफिस में ऑडिशन चल रहा था। इस बीच रोहित आर्या ने कुछ मांगों के बदले अचानक इन बच्चों को बंधक बना लिया और एक वीडियो जारी किया। इसमें उसने कहा कि वह कुछ लोगों से बात करना चाहता है। अगर मेरी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो मैं विस्फोट कर दूंगा। जैसे ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिली, वे मौके पर पहुँचे और अंदर मौजूद सभी बच्चों को बचाया। मुंबई पुलिस ने इस रेस्क्यू की चौंकाने वाली घटना बताई। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पवई पुलिस स्टेशन पर दोपहर पौने 2 बजे एक कॉल आई। बताया गया कि महावीर क्लासिक नामक एक इमारत में एक व्यक्ति ने कुछ बच्चों को बंधक बना लिया है। पवई पुलिस और हमारे कर्मचारी तुरंत इस कॉल पर प्रतिक्रिया देते हुए मौके पर पहुँचे। विशेष इकाइयों और सभी एजेंसियों को बुलाया गया। शुरुआत में, बच्चों को बंधक बनाने वालों से बातचीत की जा रही थी। इस दौरान यह देखा गया कि बातचीत से कोई नतीजा नहीं निकल रहा था। अंदर बच्चे थे। इसलिए समय पर निर्णय लेना ज़रूरी था। फिर हमारे पवई पुलिस स्टेशन के अधिकारी बाथरूम से अंदर घुसे। अंदर मौजूद एक नागरिक की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया। बचाए गए लोगों में कुल 17 बच्चे, एक वरिष्ठ नागरिक और एक आम नागरिक शामिल थे। पुलिस ने यह भी बताया, शुरुआती जाँच में आरोपी के पास एक एयरगन पाई गई। उसमें कुछ रसायन भी पाए गए। इस दौरान रोहित आर्या ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने रोहित पर गोली चलाई। रोहित घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।




## जस्टिस सूर्यकांत देश के अगले मुख्य न्यायाधीश नियुक्त, 24 नवंबर को करेंगे शपथ ग्रहण

नई दिल्ली। जस्टिस सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। सीजेआई बीआर गवई ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर जस्टिस सूर्यकांत के नाम की सिफारिश की थी। गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत को 24 नवंबर 2025 से भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। मैं उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

हरियाणा के हिसार जिले में 10 फरवरी 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे जस्टिस सूर्यकांत 24 मई, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के में जज बने थे। उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा और वे 9 फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस सूर्यकांत देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर दो दशकों के अनुभव के साथ आए हैं, जिसमें अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, भ्रष्टाचार, पर्यावरण और लैंगिक समानता पर ऐतिहासिक फैसले शामिल हैं।

बता दें कि यह परंपरा है कि कानून मंत्रालय सीजेआई से उनकी सेवानिवृत्ति से करीब एक महीने पहले उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश मांगता है। इसके बाद वर्तमान सीजेआई औपचारिक रूप से पद छोड़ने से करीब 30 दिन पहले, पद धारण करने के लिए उपयुक्त माने जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ जज के नाम की सिफारिश करते हैं।

### आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ी

मुंबई। आयकर विभाग ने घोषणा की है कि ऑडिट रिपोर्ट और आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 10 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह उन करदाताओं के लिए बड़ी राहत है जिनके मामले ऑडिट के लिए आते हैं और जो समय सीमा को लेकर चिंतित थे। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पुरानी समय सीमा 31 अक्टूबर, 2025 से बढ़ाकर 10 दिसंबर, 2025 करने का फैसला किया है।

## चक्रवात मोन्था हुआ कमजोर...लेकिन आंध्र में 3 लोगों की मौत, 42 मवेशी मारे गए और खड़ी फसलें बर्बाद

नई दिल्ली। चक्रवात मोन्था दिन गुजरने के साथ ही कमजोर हो रहा है। लेकिन, इसका असर कई राज्यों में दिख रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। यूपी के लखनऊ-कानपुर सहित 15 शहरों में बारिश हो रही है। काशी में बारिश से जलभराव हो गया है।

मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। इससे तापमान में कमी आई है। उज्जैन में तापमान 23 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

इधर, मोन्था ने आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और उड़ीसा में काफी नुकसान किया है। आंध्र प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गई, 42 मवेशी मारे गए और करीब 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। तेलंगाना के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है। सूर्यापेट में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। खम्मम जिले में एक ट्रक ड्राइवर के बह जाने की भी खबर है। उधर, नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। नेपाली मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है।



नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है। कोशी, मधेश और बागमती प्रांतों की नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ने की आशंका जताई गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और नदी किनारे के इलाकों से दूर रहने की अपील की है।

## एलेक्जेंडर पाल्मर, अख्तर कुतुबुद्दीन हुसैनी क्या है असली नाम...

# भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से गिरफ्तार फर्जी वैज्ञानिक

मुंबई। देश के प्रमुख परमाणु शोध संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से गिरफ्तार फर्जी वैज्ञानिक के पास से कई चीजें बरामद की गई हैं जो कि चिंता बढ़ाने वाली हैं। मुंबई पुलिस के सूत्रों का कहना है कि फेक वैज्ञानिक बने अख्तर कुतुबुद्दीन हुसैनी के पास संदेहास्पद परमाणु डेटा मिला है। इसके अलावा 14 नक्शे भी मिले हैं। ये नक्शे परमाणु केंद्र और आसपास के ही बताए गए हैं। फिलहाल पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि जो दस्तावेज उससे बरामद हुए हैं, उसका कहीं गलत इस्तेमाल तब नहीं हुआ है। इसके अलावा यह जानने की भी कोशिश है कि जो जानकारी हुसैनी के पास है, वह कितनी संवेदनशील है।



मुंबई पुलिस ने अंसारी को वर्सोवा से बीते सप्ताह गिरफ्तार किया था। वह खुद को वैज्ञानिक बताता था और कई नाम रखे हुए थे। पुलिस को आरोपी के पास से कई फर्जी पासपोर्ट, आधार कार्ड और पैन कार्ड मिले हैं। इसके अलावा उसके पास से भाभा रिसर्च सेंटर के कई फर्जी आईडी भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि इन फर्जी दस्तावेजों के सहारे ही रिसर्च सेंटर में प्रवेश करता रहा होगा। एक आईडी में आरोपी ने अपना नाम अली राजा हुसैन रखा हुआ है। इसके अलावा एक अन्य आईडी में उसका नाम एलेक्जेंडर पाल्मर है। फिलहाल उसके कॉल रिकॉर्ड्स की जांच की जा रही है।

# कल से हेलमेट अनिवार्य, नो हेलमेट-नो राइड

## डर रत्तीभर नहीं : दुकानों से हेलमेट की बिक्री महज 10-15 प्रतिशत ही हुई

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। शहर में बीते कुछ दिनों से पुलिस सड़क पर सक्रिय होकर आमजन और दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस का जोर विशेष रूप से हेलमेट पहनने पर है और वह लगातार लोगों से आग्रह कर रही है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर से शहर में 'नो हेलमेट, नो राइट अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत यदि कोई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चलाते पाया जाता है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी।



हालांकि, हेलमेट की खरीददारी अभी आमजन में उतनी नहीं बढ़ी है। ऑटो डीलरों का कहना है कि बीते कुछ दिनों में हेलमेट की बिक्री महज 10 से 15 प्रतिशत तक ही बढ़ी है। वह भी यह मानते हैं कि आम जनता अभी भी हेलमेट पहनने के महत्व को पूरी तरह नहीं समझ रही है। पुलिस लगातार सड़क पर नजर रख रही है और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस का कहना है कि यह कदम न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करेगा, बल्कि दुर्घटनाओं में होने वाले गंभीर हादसों से लोगों की जान भी बचा सकेगा।

बढ़ते सड़क हादसे और मृत्यु दर में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा सतत रूप से दोपहिया वाहन चालकों सहित सभी नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की बात कही जा रही है। इसी क्रम में बीते कुछ दिनों से पुलिस ने शहर की सड़कों पर उतरकर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देना शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा भी स्वयं सड़कों पर उतरकर आमजन को यातायात नियमों के पालन और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से विशेष रूप से अपील की है कि हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं, क्योंकि हेलमेट पहनना न केवल दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि यह गंभीर चोटों और जान के जोखिम को भी कम करता है। हालांकि, ऑटो डीलरों का कहना है कि अभी भी वाहन चालक उतनी संख्या में हेलमेट खरीदने नहीं आ रहे हैं। डीलरों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में हेलमेट की बिक्री केवल 10 से 15 प्रतिशत तक ही हुई है। ऑटो डीलर मोहम्मद अजीज ने बताया कि 1 नवंबर से पुलिस ने हेलमेट पहनना पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद आमजन में अभी भी जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि उनकी दुकानों में अभी हेलमेट की मांग अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है। अजीज ने यह भी बताया कि यदि बड़ी संख्या में वाहन चालक हेलमेट खरीदने आते हैं, तो स्टॉक बढ़ाने की पूरी संभावना है और आवश्यकता पड़ने पर वह अतिरिक्त हेलमेट मंगवाने के लिए तैयार हैं। लेकिन फिलहाल, दुकानों में हेलमेट की बिक्री अपेक्षित गति से नहीं हो रही है, जबकि पुलिस लगातार आमजन को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सलाह दे रही है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि 1 नवंबर से शहर में 'नो हेलमेट, नो राइड' अभियान कड़ाई से लागू किया जाएगा। यदि कोई भी दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मिश्रा ने कहा कि यह कदम दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों की संख्या को कम करने के लिए उठाया गया है।

### 1 नवम्बर से नो हेलमेट, नो राइड अभियान शुरू - आदित्य मिश्रा

इधर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि वह जिले की जनता का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहते हैं, क्योंकि जब से उन्होंने 'नो हेलमेट, नो राइड' अभियान शुरू किया है, उन्हें लोगों की ओर से बहुत ही सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता इस हेलमेट की उपलब्धता और पहनने के महत्व का समर्थन कर रही है। आदित्य मिश्रा ने साझा किया कि उनके अपने परिवार में उनके करीबी की हेलमेट नहीं पहनने की वजह से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश और जिले के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत सी दुर्घटनाएं स्थानीय स्तर पर भी हुई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि दुर्घटनाएं सिर्फ लंबी ड्राइव के दौरान ही नहीं बल्कि रोजमर्रा के छोटे स्थानीय सफर के दौरान भी होती हैं। पुलिस अधीक्षक ने जोर देकर कहा कि हेलमेट पहनना एक बहुत ही छोटी जिम्मेदारी है, जिससे हम अपनी जान को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए दुर्घटना का शिकार होता है, तो सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार बिखर जाता है और परिवार को अत्यधिक दुख सहना पड़ता है। श्री मिश्रा ने उम्मीद जताई कि पूरे प्रदेश में बालाघाट जिला एक उदाहरण बने, जहां कम से कम शत प्रतिशत लोग हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि यह कोई असंभव कार्य नहीं है और बालाघाट की जनता पर उनका पूरा विश्वास है। उनका मानना है कि यदि सभी लोग इस अभियान का पालन करेंगे, तो यह निश्चित ही सफल होगा। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि वह जो 'नो हेलमेट, नो राइड' अभियान चला रहे हैं, उसका उद्देश्य केवल नियम पालन कराना नहीं बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने जनता से अपील की कि यह छोटी सी जिम्मेदारी अपनाकर वे खुद और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## सांसद श्रीमती पारधी का दौरा कार्यक्रम

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 31 अक्टूबर को प्रात: 8.30 बजे सरदार पटेल विश्व विद्यालय डोंगरिया में सरदार पटेल की प्रतिमा के सफाई और माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके पश्चात वे प्रात: 09 बजे पुलिस लाइन बालाघाट में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में शामिल होंगी तथा प्रात: 09=15 बजे आम्बेडकर चौक में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वी जयंती के अवसर पर पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगी। सांसद श्रीमती पारधी दोपहर 02=00 बजे सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत संचालित अंगीकार-2025 मेला शहरी में शामिल होंगी और दोपहर 02=30 बजे शीतल पैलेस में आयोजित सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगी।




**ग्राम पंचायत पांढरवानी जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र.**

पत्र क्रमांक .... दिनांक 28/10/2025

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा द्वारा निर्मित थोक सब्जी मार्केट के निकट दुकान का निर्माण किया गया है, जिसे अस्थाई रूप से किराये पर दिया जाना प्रस्तावित है। अत: इ'छुक आवेदक ग्राम पंचायत कार्यालय में तारीख 07/11/2025 तक कार्यालयीन समय तक अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

**टीप :** विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत पांढरवानी के कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कृष्णा पंचेश्वर, सहायक सचिव | रणविजय सिंह, सचिव | अनीस खान, सरपंच

ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा।



**न्यायालय तहसीलदार वारासिवनी जिला बालाघाट**

रा.प्र.क.1140/अ-6/2025-26
ग्राम- सिवनी प.ह.नं. 26/2
तहसील वारासिवनी जि. बालाघाट

**इस्तेहार**
**(दिनांक 24.10.2025)**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा सिवनी प.ह.नं. 26/2 राजस्व निरीक्षक मंडल वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्दुदेवी मोर पति जमनादास उर्फ जमनाधर जाति अग्रवाल निवासी नगर नागपुर तह. व जिला नागपुर द्वारा मौजा सिवनी की अपनी भूमि खसरा नं. 111/6,111/7,111/8,111/घ रकबा 0.388 हे. भूमि वसीयत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है आवेदिका के पति जमनादास अग्रवाल पिता श्री नरसिंहदास की मृत्यु दिनांक 22.03.2021 को फौत होने से मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारसानों का नाम दर्ज किया जावे। इसमे यदि किसी व्यक्ति को या पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 04.11.2025 तक न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है आपत्ति दिनांक के बाद प्राप्त होने वाली दावा आपत्ती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक- 24.10.2025**
**पेशी दिनांक -4.11.2025**
**जारी दिनांक- स्थान तहसील कार्यालय वारासिवनी**

**तहसीलदार**
**वारासिवनी जिला बालाघाट( म.प्र. )**


# 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सर्वे करेंगें बीएलओ

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गये निर्देश

**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। बालाघाट जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए सभी तैयारिया कर ली गई हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 30 अक्टूबर को निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की निदेशक शोभा सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के अधिकारियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। इस बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मृणाल मीना एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे उपस्थित थे।

वीसी में बताया गया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण 01 जनवरी 2026 की स्थिति में किया जाएगा। 01 जनवरी 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में एवं वर्ष 2003 की मतदाता सूची में जिनके नाम शामिल है, उन्हें मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान कोई दस्तावेज नही देना है। 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नही है, लेकिन उनके माता पिता के नाम 2003 की सूची में शामिल है तो उन्हें भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान कोई दस्तावेज नही देना है।

ऐसे मतदाता जिनके नाम 2025 की मतदाता सूची में शामिल है लेकिन 2003 की मतदाता सूची में शामिल नही है, और उनके माता पिता के नाम भी 2003 की सूची में शामिल नही है तो ऐसे लोगो को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान केंद्रीय, राज्य सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी कर्मचारी या पेंशनर पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01 जुलाई 1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्व विद्यालय द्वारा जारी मेट्रिक या शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी, एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर या सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण मे से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

वर्ष 2003 में गहन पुनरीक्षण के आधार पर मतदाता सूची तैयार की गई थी। यह सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर की अवधि में घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की जानकारी गणना पत्रक में दर्ज करेगा। गणना पत्रक की एक प्रति मतदाता को प्रदान करेगा। गणना पत्रक में मतदाता से जु?ी अन्य जानकारियाँ दर्ज हैं। इसके आधार पर मतदाता का सत्यापन किया जायेगा। मतदाता के माता, पिता अथवा अन्य निकट संबंधी का नाम यदि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है तो बीएलओ उसे प्रमाणित कर देगा। बीएलओ को गणना पत्रक पूरी सावधानी से भरना होगा। वर्ष 2003 के डाटा तथा वर्तमान मतदाता सूची की तुलना करने पर लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन हो जाएगा। इसके बाद बीएलओ मृत मतदाता, शिफ्टेड तथा डुप्लीकेट मतदाता का चिन्हांकन करेगा। मतदाता अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य का नाम यदि देश के किसी भी मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसका सत्यापन हो जाएगा। जिनका सत्यापन नहीं हो पाएगा उनके लिए 12 तरह के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक बीएलओ एवं बीएलए के प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात बीएलओ द्वारा 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जाएगा। बीएलओ को एक घर में सर्वे के लिए तीन बार जाना होगा। सर्वे के बाद 09 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का सभी मतदान केंद्रो पर प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, मृत या पलायन कर चुके लोगो के नाम हटाने तथा नाम संसोधन के संबंध में दावें आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 09 दिसम्बर से 08 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस एवं दावों आपत्ति की सुनवाई का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 07 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम में युवक को मारपीट कर छीने 3100 रुपए

**पदमेश न्यूज,बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भड़कापार में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम के दौरान कुछ लड़को ने लाइट बंद कर एक युवक को हाथबुक्के और हाथ के कड़े से मारपीट कर घायल कर दिए और उसके पास रखे 3100 रुपए छीन लिए। मारपीट में घायल युवक वंश पिता विनोद वनवाले 20 वर्ष को जिला अस्पताल ने भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वंश वनवाले मजदूरी करता है ।29 अक्टूबर को ग्राम भड़कापार की मंडई थी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम था। वंश बनवाले मंडई समिति का सदस्य था। रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम के दौरान गांव के कुछ लड़के उपद्रव कर रहे थे। वंश वनवाले ने इन लड़कों को समझाईस दी थी। इसी को लेकर इन लड़कों से वंश वनवाले से रंजिश बन गई थी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बिजली चले जाने पर जनरेटर चालू करके कार्यक्रम चालू किया गया था तभी गांव के ही लड़के बलराम ने मंच से वंश वनवाले को आवाज देकर पानी पीना है कहकर बुलाया और उसने वंश वनवाले को मंच के पीछे लेकर गया।वहां पर तीन-चार लड़के पहले से खड़े थे। जिनमे अंकुश बाहैश्वर उसका भाई और अन्य लड़के जिनका नाम वंश वनवाले नहीं पहचानता था। इन लड़कों ने जनरेटर का वायर खींचकर अंधेरा कर दिए और और छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम में उपद्रव करने पर समझाईस देने की बात को वन वनवाले को हाथबुक्के से मारपीट करने लगे, हाथ में पहने कड़े से वंश वनवाले के सिर में वार कर उसका सर फोड़ दिए।इन लड़को ने वंश वनवाले के पास रखे 3100 रुपये भी छुड़ा लिए। वंश वनवाले के चिल्लाने पर मंडई समिति के लोग पहुंचे और बीच बचाव किये बीच बचाव के बाद इन लड़कों द्वारा की गई मारपीट में घायल युवक वंश वनवाले को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया। जिला अस्पताल पुलिस ने वंश वनवाले का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना किरनापुर भिजवा दी है।


**आम सूचना**

सूचना हो कि ग्राम घोटी घुसमारा, प0ह0क्र0 9/11 रा.नि.मं. भानेगाँव, तह0 लॉजी, जिला बालाघाट में श्रीमति डिलेश्वरी देवेन्द्र धामने, जाति लोधी, ग्राम बोलेगाँव, तह0 लॉजी, जिला बालाघाट के कब्जे मालिकी की खसरा क्र0 47/13 रकबा 0.240 हेक्ट0 (60 डिस0) भूमि स्थित है जिसे इस सूचना में सौदेशुदा भूमि कहा गया है। सौदेशुदा भूमि डिलेश्वरी धामने द्वारा मेरी पक्षकार श्रीमति प्रिया अरूण तिड़के, जाति कलार, ग्राम घोटी घुसमारा, तह0 लाँजी, जिला बालाघाट को विक्रय करने का लिखित अनुबंध दि0 24.09.2025 को करते हुए बड़ी रकम बतौर बयाना प्राप्त की थी जिसका विक्रय पत्र माह नवम्बर 2025 के अंत तक निष्पादित किया जाना था किन्तु विक्रय अनुबंध के प्रभावी रहते हुए डिलेश्वरी धामने द्वारा दि0 23.10.2025 को राजमन नत्थूलाल बड़गैया ग्राम घोटी घुसमारा तह0 लॉजी जिला बालाघाट के पक्ष में सौदेशुदा भूमि का बिक्री पत्र निष्पदित कर दिया गया है इसलिए मेरी पक्षकार द्वारा सौदेशुदा भूमि के विक्रय अनुबंध के विनिर्दिष्ट पालन हेतु राजमन बड़गैया तथा डिलेश्वरी धामने के विरूद्ध माननीय सिविल जज वरिष्ठ खंड बालाघाट के न्यायालय में सिविल वाद प्रस्तुत किया जा चुका है जो विचाराधीन है। इस तरह सौदेशुदा भूमि सक्षम सिविल न्यायालय के समक्ष लम्बित सिविल वाद की विषयवस्तु होकर विवादित संपत्ति है जिसे राजमन बड़गैया को विचारण न्यायालय की अनुमति के बिना अंतरित करने का कोई कानूनी हक नहीं रह गया है। अत: सूचना हो कि कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के बाद सौदेशुदा भूमि किसी भी रूप में अपने पक्ष में अंतरित/अर्जित/ भारित करने हेतु अग्रसर न हो। यदि कोई भी व्यक्ति, इस सूचना के प्रकाशन के बाद सौदेशुदा भूमि को अपने पक्ष में अर्जित / अंतरित / भारित करता है या ऐसा करने का प्रयत्न या अनुबंध करता है तो ऐसा अर्जन/अंतरण/भारण या उसका अनुबंध, अवैधानिक और अनाधिकृत होकर मेरी पक्षकार के विरूद्ध बंधनकारी, प्रभावी और प्रवर्तनीय नहीं होगा और मेरी पक्षकार द्वारा सँस्थित किए गए सिविल वाद में विचारण न्यायालय द्वारा पारित की जाने वाली डिक्री के अधीन होगा।

**जितेन्द्र मंगलानी,**
**अधिवक्ता ( बालाघाट 88033-88433 )**


# सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में एफएलएन मेले का हुआ आयोजन




**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को परखना है। 30 अक्टूबर को बालाघाट के सांदीपनि विद्यालय में भी इस मेले का आयोजन किया गया, जहां कक्षा पहली और दूसरी के छात्र-छात्राओं की पढ़ने, लिखने और संख्यात्मक ज्ञान का मूल्यांकन किया गया।

इस मेले में अभिभावकों की सहभागिता भी रही, जिन्होंने अपने बच्चों की प्रगति को देखा और समझा। मेले में विभिन्न गतिविधियों के स्टाल लगाए गए, जिनमें बच्चों की बौद्धिक, भाषाई, शारीरिक और गणितीय दक्षता को परखा गया। मध्यप्रदेश सरकार के मिशन अंकुर के तहत आयोजित इस मेले का उद्देश्य बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान में दक्ष बनाना है, जिससे वे समाज में पूरी तरह से भाग ले सकें।

एफएलएन मेले के निरीक्षण के लिए जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन, विवेक गुप्ता एपीसी एकेडमीक जिला परियोजना कार्यालय बालाघाट से उपस्थित हुए और छात्र-छात्राओं से पढ़ने लिखने व संख्यात्मक ज्ञान को परखा गया। सर्वप्रथम सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले, उप प्राचार्य साजिद मोहिस के द्वारा मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। एफएलएन मेले में शारीरिक, बौद्धिक विकास भाषा कौशल और गणितीय ज्ञान को लेकर दक्षता परखी गई। विभिन्न गतिविधियों के अलग अलग स्टाल लगाए गए। जिसमें रिपोर्ट कार्ड में छात्र का पंजीकरण कर बौद्धिक विकास, भाषाई कौशल, शारीरिक दक्षता एवं गणितीय अभिरुचियों को दर्शाने वाली गतिविधियों को प्रदर्शित की गई । इस दौरान श्रीमती मशराम प्रधान पाठक, श्री एमएल बनोटे प्रभारी प्रधानपाठक एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के शिकायतों के समाधान के लिए बीएलओ के साथ रहेंगी बुक-अ-कॉल सुविधा

**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के सभी प्रश्नों और शिकायतों के समाधान के लिए बीएलओ के साथ बुक-अ-कॉल सुविधा प्रदान की है। नागरिक ईसीआईनेट श्वष्टढ्ढहृश्वञ्ज प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस सुविधा के माध्यम से सीधे अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। नागरिक ईसीआईनेट ऐप का उपयोग कर निर्वाचन अधिकारियों से भी जुड़ सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी मुख्य चुनाव पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ईआरओ को नियमित रूप से ऐप पर प्रगति की निगरानी करने और 48 घंटों के भीतर उपयोगकर्ताओं के अनुरोधों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संबंधी सभी जानकारी, फीडबैक, सुझाव और शिकायतों के लिए समर्पित मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की सुविधा भी संचालित है। इसके अलावा राष्ट्रीय संपर्क केंद्र का टोल-फ्री नंबर 1800-11-1950 जो प्रतिदिन सुबह 8=00 बजे से रात 8=00 बजे तक संचालित है, का उपयोग भी नागरिकों द्वारा किया जा सकता है। कॉल प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा संभाले जाते हैं जो नागरिकों और अन्य हितधारकों को निर्वाचन सेवाओं और प्रश्नों में सहायता करते हैं। शिकायतों के समाधान के लिए नागरिक complaints@eci.gov.in पर ईमेल भी भेज सकते हैं।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक / 2650/ लो.नि.वि./न.पा.प. / 2025, वारासिवनी दिनांक- 27.10.2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 08 | क्रं.2025_UAD_450574_2 दिनांक : 30.10.2024 | Contruction of Pla and shed in ward n mokshdham and ward no 13,14 Mehandiwa Road Mokshdham at waraseoni (second | समयावधि- 2 माह लागत- 5,97,957/- | नि.प्रं.मूल्य: 2000/- EMD: 5,980/- | 18/11/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मख्य नगरपालिका नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**वारासिवनी जिला बालाघाट( म.प्र. )**



**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

**लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध**



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# हर्रानाला में नक्सल सर्चिंग : जंगल के भीतर मिले ग्रामीणों को पहचान के बाद सुरक्षित छोड़ा गया

## पुलिस अधीक्षक ने कहा नक्सल समस्या खत्म करना है प्राथमिकता, आमजन को करना होगा सहयोग

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। सरकार द्वारा वर्ष 2026 तक नक्सली समस्या को खत्म किए जाने की बात कही जा रही है, जिसके चलते जिले के नक्सली क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस की अलग-अलग बटालियन काम कर रही हैं। इसी के चलते कुछ नक्सली क्षेत्रों में आम जनों को चल रही सर्चिंग से समस्या उत्पन्न हो रही है। इसी को लेकर बिरसा क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने पुलिस महानिरीक्षक और बालाघाट पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की है, जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि जब वे जंगलों में जा रहे हैं तो पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। इसी को लेकर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अभी नक्सली समस्या को खत्म करने के लिए नक्सली क्षेत्र के जंगलों में अभियान चलाया जा रहा है, जो सतत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीणों को भी पुलिस का साथ देना चाहिए, ताकि जिले को जल्द से जल्द नक्सल मुक्त बनाया जा सके।



विगत 26 अक्टूबर को हर्रानाला के जंगल में बड़े पैमाने पर बालाघाट पुलिस, हॉकफोर्स और सीआरपीएफ के जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया था। जहां जंगल क्षेत्र में तकरीबन 5-6 किलोमीटर अंदर, सुरक्षा जवानों को ग्रामीण मिले थे। जिन्हें जवानों ने रोककर, उनकी पहचान कराई और उन्हें सुरक्षित गांवो तक छोड़ा। लेकिन, इसके बाद विवाद खड़ा हो गया। गत बुधवार को हर्रानाला के पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने आकर, इसकी शिकायत आईजी और एसपी से की। जिसके बाद, ग्रामीण, जंगलो में जाने से रोकने की बात कह रहे है। जिसको लेकर गुरूवार को एसपी आदित्य मिश्रा ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होने मीडियाकर्मियों से चर्चा में बताया कि गृहमंत्री की नीति अनुसार मार्च 2026 के पहले तक हमें नक्सलवाद को समाप्त करना है, उसको लेकर बालाघाट पुलिस हॉकफोर्स और सीआरपीएफ के साथ मिलकर सघन सर्चिंग अभियान चला रहे है। जो दिनो-दिन चलते है। जिस एरिए में जंगल के अंदर डीप सर्च होती है, उसके आसपास गांववालों को भी हम सतर्क कर देते है कि रात में अन्यथा ना घूमे। जहां तक हर्रानाला के ग्रामीणों की बात है तो एरिए में सर्चिंग अभियान चल रहा था, तो हर्रानाला के कुछ लोग, जंगल में काफी अंदर मिले थे। उनको, सर्चिंग में जुटे जवानो ने बैठाया और उनकी पहचान के बाद सुरक्षित सर्चिंग क्षेत्र से बाहर कर दिया गया था। दुनिया भर की सिक्युरिटी फोर्स, इस प्रोटोकॉल को फॉलो करती है। जिसके पीछे का सबसे बड़ा कारण, आम नागरिकों को नुकसान ना हो। कभी नक्सली और पुलिस के बीच लाईव मुठभेढ़ चल रही हो तो दोनो के बीच एक्सचेंज ऑफ फायर चल रहा हो तो ऐसी स्थिति में जंगल में रहने वाले आम नागरिक को भी गोली लगने की संभावना रहती है। जिससे सुरक्षा के चलते और किसी आम नागरिक को नुकसान ना हो, इसके लिए फनल आउट मैथड के तहत जंगल के अंदर ऑपरेशन के दौरान कोई आम नागरिक मिलता है तो उसका प्रोटोकॉल यह है कि उसकी पहले पहचान कराते है और सुरक्षित तरीके से उसे गांव तक छोड़कर आते है ताकि उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचे और यही हर्रानाला में किया गया था। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रोटोकॉल का पालन, ना केवल आम नागरिकों बल्कि ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा के लिए भी किया जाता है।

# जहर खाने से युवक की मौत

पदमेश न्यूज,बालाघाट। एक युवक ने आत्महत्या करने के लिए कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया इस युवक की नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक युवक राहुल पिता सोमलाल छिंदपूरे 22 वर्ष ग्राम समनापुर थाना नवेगांव निवासी है जिला अस्पताल पुलिस में इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल छिंदपूरे दो भाई एक बहन है। तीनों की शादी नहीं हुई है। राहुल ड्राइवरी करता था और वह बालाघाट नगर के एक ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाता था। राहुल प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे बालाघाट जाता था और 4:30 बजे करीब वह घर लौट जाता था और घर आने के बाद राहुल रेलवे स्टेशन तरफ घूमने जाते रहता था। 29 अक्टूबर को 4:30 बजे करीब राहुल ट्रांसपोर्ट का पिकअप लेकर घर आया था और घर आने के बाद वह स्टेशन तरफ घूमने के लिए चला गया था शाम 7:00 बजे तक राहुल के घर नहीं आने पर उसकी बहन पूजा ने खाना खाने के लिए राहुल को फोन लगाई। तब राहुल ने बताई की वह रेलवे स्टेशन के पास गिरा हुआ है कुछ खा लिया हूं और वह चलने की



स्थिति में नहीं है। खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे। राहुल रेलवे स्टेशन में गिरा पड़ा हुआ था। उसे उठाकर घर लाये और प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद राहुल को परिजनों ने बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किए थे। जहा उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई जिसका शव जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने राहुल का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण थाना नवेगाव भिजवा दी है। राहुल ने किस वजह से जहरीली वस्तु खाकर आत्महत्या किया अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है आगे मर्ग जांच नवेगांव पुलिस द्वारा की जा रही है।

# नाके के कर्मचारियों से मारपीट कर पुलिस कर्मचारियों से की झूमाझपटी- आरक्षक की फाड़ी वर्दी

## भैसान घाट नाके मे ट्रक चालक ने मचाया हंगामा

पदमेश न्यूज,बालाघाट। जिले के गढ़ी थाना अंतर्गत बैहर रोड पर स्थित भैसानघाट नाके में एक ट्रक चालक ने हंगामा मचाते हुए नाके के कर्मचारी सहित तीन लोगों को मारपीट कर उन्हें जान से मार डालने की धमकी दे दी। वहीं सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची गढ़ी थाने के पुलिस के कर्मचारियों से भी इस ट्रक चालक ने गालियां देते हुए मारपीट कर एक आरक्षक की वर्दी फाड़ दी। 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह ट्रक चालक भैसानघाट नाके के गेट में आकर जोर-जोर से ट्रक का हॉर्न बजा रहा था और बेरियल के कर्मचारी उसे एंट्री करने के लिए कह रहे थे।गढ़ी पुलिस ने फॉरेस्ट कर्मचारियों के साथ मशक्कत करके बड़ी मुश्किल से इस ट्रक चालक को पकड़ कर थाने ले गए ।यह ट्रक चालक संतोष पिता रुखनलाल बिसेन सुभाष वार्ड मुलताई जिला बैतूल निवासी बताया गया है जिसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे चुन्नेलाल करायत ग्राम कुकर्रा निवासी भैसान घाट नाके में ड्यूटी पर था उस समय आईसर ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 92 56 का चालक भैसान घाट नाके पहुंचा और जोर-जोर से ट्रक का हर बजाने लगा। नाके के कर्मचारी चुन्नेलाल करायत ने ट्रक चालक को एंट्री करने के लिए कहा तो यह ट्रक चालक भड़क गया और उसे अश्लील गालियां देकर हाथमुक्के से मारपीट करने लगा। इस कर्मचारी के साथ में उस समय तोषेन्द पटले, गौरव पटेल उपस्थित थे। उन्हें यह ट्रक चालक अश्लील गालियां देते हुए कहने लगा कि मैंने सीएम हेल्पलाइन में फोन लगाया हूं ।तुम लोगों ने गेट नहीं खोला तो नाका तोड़ दूंगा। तुम्हें किसी को नहीं छोडूंगा और कहकर यह ट्रक चालक उन्हें भी मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देने लगा यहां तक की फॉरेस्ट नाका को तोड़ने की भी कोशिश करते करने लगा था और उस समय यह ट्रक चालक शराब के नशे में होने के कारण गिर भी गया था ।इस घटना की सूचना मिलते ही गढ़ी पुलिस थाने के पुलिस कर्मचारी भैसानघाट नाका पहुंचे। यह ट्रक चालक पुलिस कर्मचारी को देख कर उन्हें भी अश्लील गालियां देने लगा। पुलिस कर्मचारी उसे समझा रहे थे तभी इस ट्रक चालक ने एक आरक्षक पर मारपीट करने आमाद होकर उसकी गर्दन पकड़ कर दबाने लगा और उसके सीधे हाथ को दांत से काट दिया। नाखून से खरोच दिया और वर्दी फाड़ दी। एक सहायक उप निरीक्षक के साथ इस ट्रक चालक हाथापाई झूमाझपटी करने लगा ।पुलिस कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से अपना बचाव किये और फारेस्ट कर्मचारियों के साथ इस ट्रक चालक को काबू करने की कोशिश किया। इस दौरान इस ट्रक चालक ने फॉरेस्ट गेट को तोड़ने का प्रयास करने लगा था। जिससे उसके पैरों हाथ में भी चोंटे आई। पुलिस कर्मचारियों ने फॉरेस्ट कर्मचारियों के साथ बड़ी मशक्कत करके इस ट्रक चालक को पकड़े। नाम पूछने पर इस ट्रक चालक में अपना नाम संतोष पिता रुखनलाल बिसेन सुभाष वार्ड मुलताई जिला बैतूल निवासी होना बताया। इस प्रकार इस ट्रक चालक ने जहां पर भैसान घाट बैरियल नाका के कर्मचारियों के साथ मारपीट की वही पुलिस कर्मचारियों के शासकीय कार्य मे बाधा डालकर ड्यूटी के दौरान उन्हें अश्लील गालियां देकर और हमला करके वर्दी फाड़ने की घटना को अंजाम दिया। गढ़ी पुलिस ने बेरियल के कर्मचारी चुन्नेलाल करायत 32 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर इस ट्रक चालक के विरुद्ध मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है वही एक आरक्षक द्वारा की गई रिपोर्ट पर इस ट्रक चालक के विरुद्ध पुलिस कर्मचारियों को गाली गुप्ता कर हमला कर वर्दी फाड़ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में ट्रक चालक संतोष बिसेन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चोरी एवं डकैती में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गिरफ्तार पद से हटायी गयी

पदमेश न्यूज,बिरसा। जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भूतना के ग्राम गोरखपुर की आंगनवाड़ी में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने पति सुखचंद वाहने को पद से मुक्त कर दिया गया है उक्त कार्यवाही महिला एवं बाल विकास कार्यालय बिरसा के अनुशंसा पर की गयी।बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता पदमनी को हथियार के बल पर लूटपाट एवं चोरी के मामले में किरनापुर पुलिस ने विगत 22 अक्टूबर को अभिरक्षा में लिया था जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

किन्ही पुलिस चौकी अंतर्गत चोरी में शामिल थी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भूतना के ग्राम गोरखपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने पति सुखचन्द वाहने आंगनबाड़ी में अनुपस्थिति थी।बताया गया की कार्यकर्ता किरनापुर थाना अंतर्गत किन्ही पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई चोरी में शामिल थी जिसके बाद पुलिस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी को अभिरक्षा में लिया एवं जांच के बाद जेल भेज दिया था। जिसके बाद विभाग ने पदमनी को पद मुक्त कर दिया।

### 22 अक्टूबर से आंगनबाड़ी नही पहुची थी कार्यकर्ता

बताया गया कि आंगनबाड़ी ना पहुचने की शिकायत मिलने पर प्रवेक्षक करुणा सिंह तेकाम द्वारा 23 अक्टूबर को आंगनवाड़ी केंद्र गोरखपुर का निरीक्षण किया गया था, जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने अनुपस्थित पायी गयी, जिनका ग्रामीणों एवं सहायिका के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचनामा उल्लेख किया गया कि आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित आंगनबाडी सहायिका एवं निकटतम ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता पदमनी वाहने 22 अक्टूबर से अपने कार्य से अनुपस्थित है।तत्संबंध पर्यवेक्षक ने पंचनामा के तारतम्य में इस कार्यालय का पत्र बिरसा दिनांक 23 अक्टूबर को अनुपस्थित रहने के संबंध में पत्र जारी किया गया है, जिसकी तामिली हेतु सेक्टर पर्यवेक्षक करुणासिंह तेकाम द्वारा पुनः ग्राम गोरखपुर में उसके निवास पर डॉक तामिली हेतु उपस्थित हुई लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने नहीं मिली।इस कारण उक्त पत्र को आंगनबाडी केन्द्र में पांच गवाहों के



समक्ष चस्पा किया गया,तथा दिनांक 27 अक्टूबर को प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना बिरसा द्वारा सेक्टर पर्यवेक्षक करुणा तेकाम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया जाकर पंचनामा तैयार किया गया।पंचनामा में उल्लेख किया गया है कि निरीक्षण दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि पदमनी वाहने आंगनबाडी कार्यकर्ता को 22 अक्टूबर को पुलिस ले गयी थी। हालांकि पुलिस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने को क्यों ले गयी इसकी जानकारी किसी को नहीं थी।

### पुलिस से मिली सूचना पर, पद से मुक्त की गई कार्यकर्ता

बताया गया कि 27 अक्टूबर को किरनापुर थाना द्वारा महिला एवं बाल विकास कार्यालय बिरसा को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने को गिरफ्तार करने की सूचना दी गयी ,जिसके बाद नियमानुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने को पद से मुक्त कर दिया गया।

किरनापुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया गिरफ्तार भेजा जेल

किरनापुर पुलिस थाना से मिली जानकारी अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस थाना किरनापुर अंतर्गत पुलिस चौकी किन्ही में दर्ज अपराध दर्ज किया गया है ।जहां अपराध क्रमांक 398/25,की धारा 305(क ) 331(4), 309(6),109, 115(2), 118(1), 3(5),311,331(6) 310(2) और 61(2) सहित अन्य धाराओं में भारतीय न्याय संहिता 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसके बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता पदमनी वाहने को पद मुक्त कर दिया गया ।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमनी वाहने इसके पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रही थी।

# नूतन समिति समूह पर बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य पदार्थ निर्माण कर परोसने का मामला किया पंजीबद्ध

## खाद्य सुरक्षा अमले ने विद्यालयों में की मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांच

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। 30 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन अमले द्वारा नगर के स्कूलों में पहुंच कर विद्यालय में साफ व स्वच्छता की जांच के साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन अमले के महारानी लक्ष्मी बाई शाला पहुंचने पर




जय माँ संतोषी स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान भोजन का निर्माण कार्य किया जाना पाया गया, जिसमें साफ स्वच्छता में कमी तथा भोजन निर्माण स्थल उचित नहीं पाया गया। इस पर कार्यवाही करते हुए अमले द्वारा हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर के नमूने जांच के लिए लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। पीएम श्री माध्यमिक शाला डाइट का निरीक्षण करने पर पाया गया कि गणेश बचत स्व सहायता समूह के द्वारा भोजन निर्माण कर बच्चों को खिलाया जा रहा था। जहां पर स्वच्छता में कमी, सफाई एरिया में गंदगी तथा मेडिकल प्रमाण पत्रों का नहीं बनाया जाना पाया गया। अमले द्वारा धनिया पाउडर, देसी चना एवं मूंग दाल के नमूने जांच के लिए लेकर प्रयोगशाला भेजे गए तथा साफ स्वच्छता के निर्देश दिए गए।

भटेरा चौकी स्थित यूपीएच हाई स्कूल में संचालित मध्यान भोजन का निरीक्षण करने पर नूतन समिति समूह द्वारा भोजन बनाया जाना पाया गया, किंतु इस नाम से कोई खाद्य रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। फलस?वरूप जांच के लिए नमक, चावल एवं आटा का नमूना लिए गए तथा संबंधित स्व सहायता समूह के विरुद्ध बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य पदार्थ निर्माण कर परोसने का मामला पंजीबद्ध किया गया।

# डॉ. श्रद्धा बारमाटे एवं डॉ. स्वाति मेश्राम के निजी क्लीनिक पर लगा ताला

## शासकीय चिकित्सक होने के बाद भी संचालित कर रही थी निजी क्लीनिक

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शासकीय चिकित्सकों को केवल स्वयं के निवास पर कर्तव्य अवधि के बाहर निजी प्रेक्टिस जिसमें केवल परामर्श सम्मिलित है, की अनुमति दी गई है। इसके बाद भी शासकीय चिकित्सकों द्वारा निजी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचालित ऐसे निजी क्लीनिकों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 30 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा गठित निरीक्षण दल ने जिला चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा बारमाटे एवं सिविल अस्पताल वारासिवनी की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति मेश्राम के निजी क्लीनिक को सीलबंद कर दिया है। शासन के आदेश का उल्लंघन कर निजी क्लीनिक संचालित करने के कारण इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा रहा है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा अपने निज निवास से पृथक क्लीनिक संचालित करने वाले विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पंकज महाजन, चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय बालाघाट डॉ. वर्षा चौबे एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी डॉ.श्रद्धा सिंह को शामिल कर निरीक्षण दल गठित किया गया है। इस दल को क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा थाना प्रभारी के सहयोग से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए है।

निरीक्षण दल द्वारा नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुलता महोबिया के साथ 30 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1:28 बजे वार्ड नं. 14, समता भवन के पास डॉ.श्रद्धा बारमाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट द्वारा संचालित नीजि क्लीनिक तथा शिव मंदिर के पास आई.टी.आई.रोड़, बुढ़ी बालाघाट में डॉ.स्वाति मेश्राम स्त्री रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल वारासिवनी द्वारा संचालित निजी क्लीनिक का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान डॉ.श्रद्धा बारमाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा संचालित निजी क्लीनिक में माईनर आपरेशन किये जाने से संबंधित फोरसेप किट, डिस्पोजेबल सिरिंजेस, जिले की आशा कार्यकर्ताओं की सूची एवं क्लीनिक में उपचार के लिये आने वाले रोगियों का रजिस्टर पाया गया। जिसे जांच दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेते हुये क्लीनिक को सीलबंद कर दिया गया ।

इसी प्रकार डॉ.स्वाति मेश्राम स्त्री रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल वारासिवनी द्वारा संचालित निजी क्लीनिक का निरीक्षण करने पर पाया गया कि इस क्लीनिक का संचालन डॉ. सागर खण्डारे एम.डी.मेडिसिन एवं डॉ.स्वाति मेश्राम द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस क्लीनिक के प्रथम तल पर चिकित्सक का परामर्श कक्ष एवं द्वितीय तल पर पेथोलॉजी लेब संचालित पाई गई। कार्यालय अभिलेखों का परीक्षण करने पर पाया गया कि डॉ. सागर खण्डारे द्वारा इस क्लीनिक के संचालन के लिए मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधित स्थापनाएं अधिनियम के अधीन पंजीयन नहीं कराया गया है। इस क्लीनिक में भी ओ.पी.डी.रजिस्टर के साथ ही एक डायरी में आशा कार्यकर्ताओं के नाम एवं सम्पर्क मोबाईल नम्बर अंकित पाये गये जिन्हें निरीक्षण दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेते हुये अवैद्य रूप से संचालित इस क्लीनिक को भी सीलबंद कर दिया गया ।

राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार विभाग के अंतर्गत कार्यरत नियमित चिकित्सक, संविदा चिकित्सक एवं बंधपत्र चिकित्सक अपने निवास पर निजी प्रेक्टिस के अंतर्गत केवल परामर्श सेवाएं ही दे सकते हैं। शासकीय चिकित्सक स्वयं के नाम अथवा परिजनों के नाम से कोई क्लीनिक, नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालय संचालित नहीं कर सकते हैं। परामर्श सेवाएं मात्र पदस्थापना मुख्यालय में ही दे सकते हैं। परामर्श हेतु केवल मूलभूत उपकरण जैसे- स्टेथोस्कोप, बी.पी.इंस्ट्रूमेंट, आप्थलमोस्कोप, आटोस्कोप, ई.सी.जी.मशीन आदि ही निवास पर रखकर उपयोग कर सकते हैं। ऐसे उपकरण, जिनके लिये पृथक से लायसेंस की आवश्यकता होती है जैसे एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, ईकोकार्डियोग्राफी मशीन, आदि तथा शल्य क्रिया में उपयोग किये जाने वाले उपकरण जैसे डेन्टल चेयर, याग लेजर मशीन, पेथालाजी, माईक्रोबायोलाजी जांचों हेतु निजी प्रेक्टिस के लिये कोई उपकरण अपने नाम से पंजीकृत कर स्वयं के निवास पर नहीं रख सकते हैं। अपने निवास पर परिजन अथवा अन्य व्यक्ति के नाम से स्थापित या पंजीकृत उपकरण पर कार्य हेतु स्वयं का नाम रजिस्टर नहीं करा सकते है एवं स्वयं उस उपकरण पर कार्य की रिपोर्टिंग भी नहीं कर सकते।

राज्य शासन की उपरोक्त व्यवस्था का उल्लंघन करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम के अधीन दण्डनीय कृत्य किये जाने के कारण डॉ.श्रद्धा बारमाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट एवं डॉ.स्वाति मेश्राम स्त्री रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल वारासिवनी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति की राशि का किया अंतरण




पद्मेश न्यूज,बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री निवास से प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों को समेकित छात्रवृत्ति योजना के तहत 300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के जरिए छात्रों के खातों में ट्रांसफर की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समेकित छात्रवृत्ति योजना के तहत बालाघाट जिले के 70 हजार 521 बालक एवं 92 हजार 071 बालिकाओं समेत कुल 01 लाख 62 हजार 592 विद्यार्थी लाभांवित हुये है, जिनके बैंक खातों में राशि रूपये 11.01 करोड़ ट्रांसफर की गई। श्री उपाध्याय ने बताया कि समेकित छात्रवृत्ति योजना का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित हुआ जिसका सीधा प्रसारण जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रातः 10:30 बजे से किया गया था ।

# दो मोटरसाईकिलों में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत

## खमरिया से कोसमी-रटेगांव पहुंच मार्ग पर हुआ सड़क हादसा

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। लालबर्रा थानांतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया से कोसमी (रटेगांव) पहुंच मार्ग के बीच में दो बाईक में जबरदस्त भिड़त होने से एक बाईक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं अन्य लोगों को मामूली चोटे आई है। पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रटेगांव निवासी 36 वर्षीय प्रकाश पटले गुरूवार को सुबह 11 बजे मोटरसाइकिल से खमरिया किसी काम से आया था और काम होने के बाद खमरिया से अपने भतीजे के साथ वापस रटेगांव की ओर जा रहा था। तभी खमरिया एवं कोसमी (रटेगांव) पहुंच मार्ग के बीच स्थित राइस मिल के समीप कोसमी की ओर से आ रहे दुसरे मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए प्रकाश की मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठा ओमकार पटले काफी दुर छिटक गया एवं बाईक में सवार प्रकाश पटले मोटरसाइकिल सहित रोड़ किनारे गिर गया, जिसके सिर में अधिक चोट लगने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद दुर जाकर गिरा युवक ओमकार पटले उठकर रोड़ किनारे आया एवं आने-जाने वालों की घटना स्थल में भीड़ लग गई थी। जिसके बाद घटना की जानकारी मृतक व्यक्ति के परिजनों एवं पुलिस को दी गई। वहीं दुसरे बाईक में सवार अन्य दो से तीन लोग घटना स्थल से फरार हो गये। वहीं पुलिस को खमरिया एवं कोसमी (रटेगांव) के बीच मोटरसाइकिल में भिड़त होने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने की जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक विजय बिसेन पुलिस बल के साथ घटना स्थल





पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है।

### मृतक परिवार का मुखिया था

वहीं इस सड़क दुर्घटना में दुसरे बाईक में सवार फरार व्यक्तियों को भी मामूली चोटे आने की बात कही जा रही है एवं मृतक के साथ जा रहे ओमकार पटले को भी शरीर में मामूली चोटे आई है जिसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक कृषि के साथ ही सैंट्रिंग का कार्य करता था, जो परिवार का मुखिया था, जिसके परिवार में पत्नि एवं दो छोटे ब'चें और कृषि व सैंट्रिंग कार्य से जो आय प्राप्त होती थी जिसे परिवार का पालन-पोषण करता था। जिसकी मृत्यु हो जाने से परिवार को जीविकापार्जन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। मृतक का बड़ा भाई बाहर गया हुआ है, जिसके आने के बाद 31 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हेलमेट पहना होता तो बच जाती प्रकाश पटले जान

रटेगांव निवासी 36 वर्षीय प्रकाश पटले की असामयिक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। उनकी जान जाने का कारण सड़क दुर्घटना है और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि यदि वे हेलमेट पहने होते तो, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। स्व. पटले की दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हुई है। जो दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न पहनने का सीधा परिणाम है। यह घटना सिर्फ एक परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए एक कठोर सबक है। हेलमेट सिर्फ चालान से बचने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन रक्षक कवच है। वहीं बालाघाट पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 1 नवंबर से शुरू किये जाने वाला विशेष अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। यह अभियान केवल दंडात्मक कार्यवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जनमानस को यह समझाना है कि उनका जीवन कितना अनमोल है।

### सामने से आ रहे बाईक चालक ने मारी टक्कर - ओमकार

मृतक का भतीजा ओमकार पटले ने बताया कि मैं अपने चाचा के साथ मोटरसाइकिल की ओर रटेगांव जा रहे थे, तभी खमरिया मोक्षधाम के आगे राइस मिल के समीप कोसमी की ओर से आ रहे बाईक सवार ने तेज रफ्तार से हमारी मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे मैं दुर छिटक गया एवं मेरा चाचा बाईक सहित नीचे गिर गये। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। श्री पटले ने बताया कि हमें टक्कर मारने वाले एक बाईक में दो से तीन लोग थे और सामने से आ रहे बाईक चालक की गलती से यह हादसा घटित हुआ है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### योजना का दिलवाया जायेगा लाभ - बालकृष्ण

दूरभाष पर चर्चा में रटेगांव सरपंच प्रतिनिधि बालकृष्ण बिसेन ने बताया कि सड़क दुर्घटना में ग्राम के 36 वर्षीय प्रकाश पटले की मौत हो जाने से पुरे ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है और यह दु:खद घटना है। मृतक परिवार का मुखिया था, जिसके परिवार में पत्नि एवं दो छोटे ब'चें है, जिसका अंतिम संस्कार आज किया जायेगा। श्री बिसेन ने बताया कि मृतक के परिजनों को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - विजय

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्षक विजय बिसेन से बताया कि गुरूवार को दोपहर में सूचना मिली थी कि खमरिया एवं कोसमी के बीच दो मोटरसाइकिल में भिड़त होने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। श्री बिसेन ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में मृतक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल में जा रहे व्यक्ति को भी मामूली चोटे आई है एवं दुसरे बाईक में सवार व्यक्ति घटना स्थल से फरार हो गये है जिन्हे भी मामूली चोटे आने की बात कही जा रही है जो लोग निजि अस्पताल में उपचार करवाये होगें। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## जिला सरपंच संघ ने पूर्व गृहमंत्री के नाती अजय 'नन्हे' शर्मा का आकस्मिक निधन पर अर्पित की श्रध्दांजली



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** म.प्र. शासन के पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व. पं. नंदकिशोर शर्मा 'बड़े भाऊ' के नाती और समाजसेवी, वन प्राणी संरक्षक, वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा के सुपुत्र 35 वर्षीय अजय (नन्हे) शर्मा का गत दिवस अल्पायु में दु:खद निधन हो गया। जिनका असामयिक जाना पूरे समाज के लिए गहरा कष्टप्रद और हृदय विदारक है। यह:दु:खद समाचार सुनकर जिला संघ संघ के पदाधिकारियों ने गहन शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रध्दांजली अर्पित की है। सरपंच संघ के जिला सचिव, विधिक संरक्षक एवं कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन अपने साथियों के साथ गत दिवस दिवंगत आत्मा के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा और पूरे परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। जिला सरपंच संघ के पदाधिकारी, ब्लॉक सरपंच संघ के पदाधिकारियों और समस्त सरपंच साथियों ने एक स्वर में दिवंगत स्व. अजय (नन्हे) शर्मा के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। वहीं इस दु:ख की घड़ी में सभी ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। श्रध्दांजली अर्पित करने वालों में सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभव बिसेन, लालबर्रा अध्यक्ष चेतन पटले, कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन सहित अन्य सरपंचगण शामिल है।

## बारिश के चलते मंडई स्थगित, नेवरगांव वा. में दिन-रात की मंडई आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. में नवमीं मंडई समिति के तत्वाधान में 30 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया था। किन्तु गुरूवार को दिनभर बारिश होने के कारण मंडई कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है और आज 31 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारी राजा खान ने बताया कि नवमीं मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 30 अक्टूबर को रात 9 बजे से मनमोहनी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था किन्तु दिनभर बारिश होने के कारण मंडई एवं छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। यह मंडई अब 31 अक्टूबर को भरेगी एवं ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मनमोहिनी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति के पदाधिकारियों ने की है।

## जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** लालबर्रा पुलिस ने एक व्यक्ति की खेत स्थित जामून के पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई लाश बरामद किया है। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकोड़ा निवासी 53 वर्षीय दीनाराम बाहेश्वर गुरूवार को प्रात: करीब 10 से 11 बजे के बीच में हसिया लेकर खेत की ओर घास के लिए गया था किन्तु वह घास काटकर वापस नही दिया। जिसके बाद दोपहर 12 बजे के बाद एक व्यक्ति अपने खेत की ओर जा रहा था, तभी तीजूलाल ठाकरे के खेत स्थित जामुन के पेड़ पर एक व्यक्ति फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणजन एवं पुलिस को दी गई। वहीं फांसी पर लटकी लाश दिखाई देने की जानकारी लगते ही ग्राम में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक चेतन उइके पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणजनों की मदद से शव को नीचे उतारे तो उसकी पहचान बकोड़ा निवासी दीनाराम बाहेश्वर के नाम से की गई। जिसके बाद उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी गई और पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये। जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक दीनाराम बाहेश्वर का मानसिक संतुलन ठीक नही था, जिसके परिवार में पत्नि, तीन बेटे है जिसमें दो बेटे बाहर कमाने गये हुए है, घर पर पत्नि एवं छोटा बेटा था। गुरूवार को दीनाराम घास के लिए खेत की ओर गया था और मानसिक संतुलन ठीक नही होने एवं अस्वस्थ के चलते प्रात: 10 से 12 बजे के बीच तीजूलाल ठाकरे के खेत स्थित पेड़ में फांसी लगाने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बकोड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर ने बताया कि दीनाराम बाहेश्वर सुबह घास के लिए गया था तभी दोपहर में जानकारी मिली की उसने फांसी लगा लिया है जिसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की है। श्री नागेश्वर ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नही था, किस कारण से उसने फांसी लगाकर अपनी जान दिया है पता नही, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बे-मौसम बारिश ने बढ़ाई अंचल के किसानों की चिंता

## समुदी तूफान ने बदला मिजाज, धान की फसल भींगी, किसान परेशान

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** बंगाल की खाड़ी में उठे समुद्री तूफान के प्रभाव के कारण मौसम परिवर्तन हुआ है, जिसकी नमी प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों तक पहुंची है। जिसका असर बालाघाट सहित लालबर्रा क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। जिसका परिणाम है कि लालबर्रा क्षेत्र में गत दिवस से अचानक मौसम बदलने के साथ ही दो दिनों तक बूंदाबांदी बारिश एवं बदलीनुमा मौसम बना रहा। साथ ही गुरूवार को सुबह से लेकर शाम तक रूक-रूक कर तेज एवं रिमझिम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। वहीं बे-मौसम बारिश के कारण पककर तैयार धान की फसल अब बारिश और नमी से प्रभावित होने लगी है। जिन किसानों ने कटाई शुरू कर दी थी, उनके खेतों में पानी भरने से फसल बर्बाद होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं जिनकी फसल अब तक खड़ी है, उनके सामने समय पर कटाई न होने से नुकसान की स्थिति बन रही है। जिसको लेकर किसान चिंतित एवं परेशान नजर आ रहे है। इस तरह से गुरूवार को लालबर्रा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर बूंदाबांदी एवं तेज बारिश से किसानों की वर्तमान में जारी हल्की प्रजाति की धान कटाई का कार्य प्रभावित होने के साथ साथ ही धान गीली भी हो चुकी है क्योंकि अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही बारिश होने से किसान खेतों में एकत्रित किये फसलों को पानी से बचाने के लिए तिरपाल ढाक नही पाये। जिससे किसानों के खेतों में बांधकर रखे गये धान के बोझे भी भींग चुके है। साथ ही बदलीनुमा मौसम से तुअर की फसल में बीमारी लगेगी और मौसम खुले के आसार नजर नही आ रहे है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अगर दो-तीन दिन इसी तरह बारिश होते रही तो किसानों के खेतों में पड़ी धान पुरी तरह से गीली हो जायेगी और सरकार उसे समर्थन मूल्य में नही खरीदेगी जिससे किसानों को काफी नुकसान होगा। इस तरह बे-मौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे है ताकि मौसम साफ होते ही अपनी फसल को सुरक्षित कर सके।







### हल्की प्रजाति की धान की कटाई कार्य जारी

आपकों बता दे कि क्षेत्र में अचानक मौसम के बदले मिजाज एवं बे-मौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है और कभी तेज धूप छाई रहती है तो कभी बादल छा जाते। बार-बार मौसम के बदलने के साथ ही गुरूवार को हुई तेज बारिश से किसान चिंतित है। वर्तमान में खरीफ धान की फसल हल्की प्रजाति किस्म की धान की कटाई कार्य जारी है किन्तु गुरूवार को सुबह से नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शाम तक रूक-रूक कर बारिश हुई है और दिनभर आसमान में बादल छाया रहा। मौसम के अचानक बदल जाने एवं 30 अक्टूबर को हुई बारिश से किसान परेशान नजर आ रहे है क्योंकि जो धान कटी हुई है उसके कड़पे भींग गये है। वहीं भींगी हुई धान को कम कीमत में व्यापारियों के द्वारा खरीदा जायेगा। वहीं इन दिनों क्षेत्र में हल्की किस्म की खरीफ धान की कटाई के साथ ही उसके कड़पे उठाने का कार्य जारी है किन्तु अचानक मौसम के बदलने के कारण कई किसान पककर तैयार हो चुकी फसल की कटाई भी नही करवा पा रहे है जो खड़ी फसल है उसमें विभिन्न प्रकार की बीमारी भी लग सकती है और मौसम के बदले मिजाज के चलते किसान बेहद चिंतित है।

### बादल छाये रहने से तुअर की फसल में लग रही बीमारियां

बालाघाट जिले में सबसे अधिक धान की खेती की जाती है और धान की खेती के साथ में तुअर, उड़द व अन्य दलहनी फसले लगाई जाती है और वर्तमान में खरीफ धान के समय मेढ़ों पर किसानों ने तुअर लगाया है। जिसमें फुल व फल लगने लगे है किन्तु मौसम के बदलने के साथ ही बादल छाये रहने से तुअर में लगी फुल झड़ने के साथ ही उसमें इल्लियां व अन्य बीमारियां भी लगने लगी है जिससे तुअर की फसल भी प्रभावित होगी। साथ ही किसानों के द्वारा तुअर में लग रही बीमारी की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का भी छिड़काव किया जा रहा है किन्तु आसमान में बादल छाये रहने से दवाईयां भी काम नही कर पा रही है।

### तेज बारिश होगी तो फसल खराब हो जायेगी - किसान

वहीं किसानों का कहना है कि विगत दिनों से अचानक मौसम बदलने के साथ ही दो-तीन दिनों तक कुछ देर बूंदाबांदी बारिश भी हुई है लेकिन गुरूवार को सुबह से लेकर शाम तक रूक-रूक कर बारिश होने से धान के कड़पे गीली हो चुकी है एवं खेतों में खड़ी फसल झुकने लगी है जिसकी कटाई करने में परेशानी होगी। मौसम विभाग के अनुसार यह परिवर्तन बंगाल की खाड़ी में उठे समुद्री तूफान के प्रभाव के कारण हुआ है, जिसकी नमी प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों तक पहुंची है। बालाघाट सहित लालबर्रा क्षेत्र में इसका असर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। बादल छाये रहने और रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आगे यह भी कहा कि इसी तरह मौसम बना रहा तो फसल में विभिन्न प्रकार के फंगल रोग, कीट प्रकोप की संभावना बढ़ सकती है जिससे किसानों को काफी नुकसान होगा। मौसम के परिवर्तन के कारण किसान फसल को लेकर काफी चिंतित एवं परेशान है, मौसम जल्द साफ होना चाहिए ताकि किसान पकी फसल को सुरक्षित कर सके।

# प्रधानमंत्री आवास के 85 हितग्राहियों में से मात्र 15 ने लौटाई राशि

## वारासिवनी तहसीलदार की कोर्ट में सूचीबद्ध हितग्राहियों की लगी भीड़

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के तहसील कार्यालय स्थित तहसीलदार की न्यायालय के सामने ३० अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की भीड़ लगी रही। जहां उपस्थित हितग्राहियों के द्वारा तहसीलदार के सामने अपना जवाब प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मिली राशि से मकान ना बनने को लेकर दिया जाता रहा। विदित हो की नगर पालिका परिषद के द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत हजारों हितग्राहियों को पक्की छत उपलब्ध कराई गई। किंतु इसमें कुछ हितग्राहियों के द्वारा मकान निर्माण नहीं किया गया वहीं राशि का भी दुरुपयोग कर लिया गया। ऐसे मकान निर्माण नही करने वाले हितग्राहियों के नाम नगर पालिका ने शासन को सरेंडर कर दिए थे। जिस पर एसडीएम कार्यालय से आरआरसी की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई थी। जिसके तहत समस्त ऐसे हितग्राहियों को एसडीएम कार्यालय से १० दिवस के भीतर राशि वापस करने नोटिस जारी कर दिए गए थे। जिसमें १५ हितग्राहियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लिए मिली राशि वापस लौटा दी गई। परंतु ७० हितग्राहियों ने राशि वापस नहीं दिए थे इनको तहसीलदार की न्यायालय के द्वारा नोटिस जारी किया गया था। ऐसे में नगर के दर्जनों प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की भीड़ तहसीलदार की न्यायालय के सामने देखने को मिली। जिसमें लोगों के द्वारा तहसीलदार के सामने उपस्थित होकर उन्हें लिखित में अपना जवाब पेश किया





जाता रहा। इसमें नगर पालिका के द्वारा समस्त १५ वार्डों के अनेकों हितग्राहियों को पांच डीपीआर के तहत वर्ष २०२५ तक योजना का लाभ दिलाया गया। जिसमें समस्त १५ वार्डों में से ८५ हितग्राहियों को शासन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त १ लाख रूपये प्रदान की गई। तो वहीं कुछ ऐसे हितग्राही थे जिन्हें दूसरी किस्त १ लाख रूपये भी जारी कर दी गई। इस प्रकार किसी हितग्राही को शासन ने १ लाख तो दो किसी को २ लाख रुपये योजना में दिए गये। किंतु उनके द्वारा मकान निर्माण नहीं किया गया इस प्रकार कुल ८५ लोगों को १ करोड़ १८ लाख रुपये का वितरण किया गया था। जो हितग्राहियों के द्वारा मकान नही बनने पर वापसी भी नहीं किया जा रहा था। ऐसे में समस्त डीपीआर के ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा शासन की राशि लेकर निर्माण कार्य नहीं किया गया है उनके नाम शासन को सरेंडर कर दिए गए थे। इसी क्रम में राशि वापस करने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी कार्यालय से नोटिस जारी होने पर ९ व्यक्ति ऐसे थे जिनके खाते में राशि जमा थी। जिसे भोपाल स्तर पर राशि जमा कर वापस लौटा दिया गया। तो वहीं ६ हितग्राहियों के द्वारा राशि वापस कर दी गई इस प्रकार करीब १२ लाख रुपये की वसूली की गई है। वही पांच डीपीआर के ७० हितग्राही वर्तमान में बचे हुए हैं जिनसे एक करोड़ ६ लाख रुपए की राशि वसूल की जानी है। किंतु उक्त व्यक्तियों के द्वारा समय सीमा में राशि वापस नहीं करने पर तहसीलदार की न्यायालय में जवाब दिया गया है। जहां बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत किया जा रहा है। हालांकि इसमें एसडीएम के द्वारा जारी किए गए पत्र में १० दिवस के भीतर राशि जमा ना करने पर बलपूर्वक राशि वसूल करने की बात कही गई थी किंतु करीब डेढ़ महीना बीत चूका हैं। आगे यह देखना होगा कि किस प्रकार हितग्राहियों से वह राशि वापस ली जाती है इस दौरान हितग्राहियों के द्वारा नगर पालिका पर भी आक्रोश व्यक्त कर अपने जवाब दिए जा रहे हैं।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि नगर पालिका के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से राशि वसूली के लिए एसडीएम कार्यालय को पत्र दिया गया था। वर्तमान में तहसील कार्यालय में सभी प्रकरण देख रहे है और तहसीलदार के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है वर्तमान में नगर पालिका के पास कुछ नहीं हैं।

**सूर्यप्रकाश उके**
**सीएमओ नगर पालिका**
**वारासिवनी**

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि नगर पालिका के द्वारा प्रधानमंत्री आवास का वितरण किया गया था। कुछ लोगों ने मकान नहीं बनाया है तो उस संबंध में उनकी सूची वसूली के लिए प्राप्त हुई थी। जिसमें पहले नोटिस जारी कर दिया गया था यह दूसरी बार नोटिस जारी किया गया है। जिसमें लोगों के द्वारा तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया है की क्यों उन लोगों ने राशि वापस नहीं की है। आगे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कुर्की अन्य कार्यवाही की जाएगी।

**वंदना कुसराम**
**तहसीलदार वारासिवनी**

# चक्रवाती बारिश से किसान चिंतित, खेतों में भरा पानी

## नुकसान की आशंका से परेशान किसान मुआवजे की कर रहे मांग





पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर सहित क्षेत्र में गत दिनों से मौसम खराब बना हुआ है जहां लगातार बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में २९ अक्टूबर की देर रात से प्रारंभ हुई बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिसके चलते किसानों के खेतों में कटी हुई फसल में सीधा नुकसान देखने को मिल रहा है। तो वहीं खेतों में जो खड़ी फसल है उनमें बीमारी का खतरा भी बढ़ता हुआ देखने को मिल रहा है। ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी होती जा रही है। वर्तमान में अधिकांश खेतों में पानी भरा हुआ है तो वहीं खड़ी फसल भी सर्द हवाओं के कारण खेत में सो गयी हैं। दोनों स्थिति में किसान चिंतित नजर आ रहे हैं परंतु प्राकृतिक आपदा के कारण वह किसी भी प्रकार से अपनी फसल का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। यह बारिश बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ ान मोंथा का प्रभाव माना जा रहा है। ऐसे में आगे और बारिश होने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा बताई जा रही है जो लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है।



### खेतों में अंकुरित हो रही फसल

खरीफ की फसल खेतों में तैयार होने के बाद किसानों के द्वारा खुला मौसम देखकर कटाई कर ली गई थी। तो वहीं त्योहार और मेला मंडई के दौर के कारण उसे उठाया नहीं था तो वहीं कटाई के बाद फसल के सूखने का भी इंतजार किया जा रहा था। ऐसे में अचानक बीते दिवस से हो रही बारिश के कारण वह फसल खेतों में ही पड़ी हुई है जहां पर धान की लोम में लटके अनाज अब अंकुरित होते नजर आ रहे हैं। तो वहीं फसल सूखने के बाद धान झड़ने से लोग परेशान है कि अभी यह मौसम कब खुलता है और फसल कितनी बच पाती है। इसकी संभावना किसानों के द्वारा वर्तमान में व्यक्त की नहीं जा रही है वह पूरा नुकसान मानकर वर्तमान में घर बैठे हुए हैं। यदि कटी हुई फसल अंकुरित होगी तो वह चावल ठीक नहीं बन पाएगा और टूटेगा जिससे सीधा किसानों को नुकसान होना है।

### सावरदेही बीमारी का बढ़ेगा प्रभाव

किसानों के खेतों में फसल काटने को आ गई थी जिसमें मऊ और करपा जैसी बीमारियों के द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। परंतु बीते दिनों से बदली पानी और बारिश के कारण आगे समय में सावरदेही बीमारी का प्रकोप बढ़ने की बात फसल जानकारों के द्वारा कही जा रही है। इस बीमारी में इल्ली के द्वारा फसल की काली को कतरा जाता है और यह बड़ी मात्रा में बढ़ती है। यह बीमारी किसानो की एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। तो वहीं कुछ स्थानों पर यह सावरदेही नामक बीमारी देखने को भी किसानों को मिल रही है। ऐसे में यह बारिश का दौरा और लंबा चलता है फसल में अत्यधिक नुकसान होगा क्योंकि दवा छिड़काव करने के बाद भी बारिश उसे दवा को निष्प्रभाव करती रहेगी।

### फसलों का हाल बेहाल है-पंकज चौधरी

किसान पंकज चौधरी ने बताया कि हमारे साथ लोगों की फसल का खेतों में बुरा हाल है। सभी खेतों में पानी भर गया है या जमीन पूरी नरम हो गई है इसमें जहां कटाई हो गई है फसल खेतों में रखी हुई है बोझा नहीं बांधा गया है उसमें फसल अंकुरित हो रही है। खड़ी फसल सो गई है वर्तमान में तो हमें पूरा नुकसान देखने को मिल रहा है। क्योंकि जब भी बारिश रुकेगी तो फसल सूखने का इंतजार करना पड़ेगा और उसे इकट्ठा करने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जा सकता है। वहीं पहले बीमारी का प्रकोप था अब और बीमारी का प्रकोप बढ़ेगा बहुत दिक्कत किसानों के साथ हो गई है। शासन प्रशासन को किसानो के खेतों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# विधानसभा क्षेत्र में पिछले और वर्तमान के विकास कार्यो की जनता करेगी समीक्षा-प्रदीप जायसवाल



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरखड़ी, उमरवाडा , नवेगांव ख की मण्डई में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम नवेंगावं ख में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का ग्राम की सीमा से कार्यक्रम स्थल तक ग्रामीणों ने स्वागत कर रैली भी निकाली। जिसमें गाजे बाजे और पटाखो के शोर के बीच बच्चो का भी भारी स्नेह उनके प्रति देखा गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हम चाहते तो मुरुम वाली सड़क बनाकर ग्रामो के दलदल को खत्म कर सकते थे। किंतु हमने दर्जनों बड़ी बड़ी पक्की सड़क बनाकर अपनी कार्यशैली का परिचय कराया है हम तो अपनी परीक्षा में पास हो गये है। अब दो साल में वर्तमान विधायक ने कितनी पढ़ाई की या कितनी सड़कें व पुल बनाये आंकलन आप सभी को करना है। श्री जायसवाल ने कहा की हमारे सामने ही झूठ बोलकर सच को छुपाया जा रहा है। सिर्फ चश्मा पहनकर किसी के हाथ हिलाने से विकास कार्य सम्पन्न नही होते है। उसके लिए ड्राइंग,डिजाइन के साथ बकायदा कार्य योजना बनाकर स्वयं को साबित करना पड़ता है। श्री जायसवाल ने कहा कि



सड़के,पुल,फ्फलाई ओवर सहित विभिन्न विकास कार्यो को सामने रखकर पिछले और अभी के कार्यकाल की तुलना करने की बात ग्रामीणजनों से की। श्री जायसवाल ने कहा की रिपोर्ट कार्ड पर नजर तो बनाये रखनी होंगी। यह विषय आपके ग्राम विकास से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इस दौरान मनकलाल कटरे ,संजू राहंगडाले, दिलीप अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश पटले, मिलिन्द नगपुरे , ईश्वरी पटले , धनलाल पटले,पूनम पांडे , प्रवीण पांडे, चन्दनलाल टेंभरे, वेदप्रकाश पटेल, `,अनीश मिश्रा,इंद्रेश टेंभरे उपस्थित रहे।

# बारिश से झड़गाव मंड़ई स्थगित, १ नवंबर को होगा दुय्यम डंडार का मुकाबला-भाग्यश्री

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झाड़गांव की सुप्रसिद्ध मंडई कार्यक्रम जो ३० अक्टूबर को आयोजित किया गया था। वह बारिश के चलते स्थगित कर दिया गया है आगामी १ नवंबर को मंडई का यथावत आयोजन समिति के द्वारा किया जाएगा। हालांकि सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है वहीं दुकान भी लोगों की लग चुकी है जिन्हें यथावत स्थिति बनाए



रखन की अपील आयोजन समिति के द्वारा की गई है। विदित है कि ग्राम झाड़गांव में बीते कई वर्षों से जय मां देवी मंडई उत्सव समिति के द्वारा मंडई आयोजित की जा रही है। जो क्षेत्र के साथ जिले की सबसे बड़ी मंडई कहलाती है जिसकी लोग हमेशा प्रतीक्षा करते रहते हैं। जहां प्रतिवर्ष दुय्यम डंडार का कार्यक्रम आयोजित होता है जो इस वर्ष भी आयोजित किया गया था। किंतु कार्यक्रम के दिन होने वाली बारिश को देखते हुए पूरे कार्यक्रम को ३० अक्टूबर की सुबह स्थगित कर आगामी १ नवंबर को यथावत आयोजित करने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए सरपंच श्रीमती भाग्यश्री चिखले ने बताया कि हमारे गांव की मंडई क्षेत्र में ख्याति प्राप्त मंडई है जहां शांतिपूर्वक पूरा आयोजन होता है और बड़े आयोजनों में हर वर्ष दुय्यम डंडार करवाई जाती है। जिसे पूरी रात लोग आनंद लेते हैं यह मंडई जिले सहित क्षेत्र में अपने आयोजन को लेकर प्रसिद्ध है। जहां हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं तो वहीं ग्राम में हजारों मेहमान छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से भी अपने रिश्तेदारों के घर मंडई के लिए आते हैं। इस मंडई का आयोजन ३० अक्टूबर को कर दुय्यम डंडार का जंगी मुकाबला निरंजन डंडार मण्डल ग्राम.चांदनीटोला नागराधाम गोंदिया एवं श्री कृष्ण आदर्श डंडार ग्राम बिटोड़ी बालाघाट के बीच रखा गया गया था। श्रीमती चिखले ने बताया कि परंतु २९ अक्टूबर की रात से हो रही बारिश के कारण ग्राम के विभिन्न स्थानों पर कीचड़ और अव्यवस्था हो गई है जिस कारण से यह मंडई कार्यक्रम स्थगित कर आगामी १ नवंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें जय मां देवी मंडई उत्सव समिति ने क्षेत्र के लोगों से अपील है कि वह १ नवंबर को आधिकाधिक संख्या में मंडई कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद ले।

# आलेझरी में मंड़ई के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत आलेझरी में मंडई के शुभ अवसर पर मृगनयनी लोकगीत छत्तीसगढी आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया। तत्पश्चात विधायक विवेक पटेल के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित पर दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चना की गई। जिसके बाद मंचासिन अतिथियों के द्वारा बारी बारी सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात नृत्य कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत एवं धार्मिक गीतों की स्तुति के साथ प्रारंभ प्रारंभ किया गया। जहां ग्रामवासी व क्षेत्रवासी बुजुर्ग,युवा,बच्चे माताएं बहने एकाग्रचित होकर कार्यक्रम को देखकर सुनकर प्रसन्नचित हो उठे । वहीं नृत्य कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर समय समय पर दरशकों से तालियां भी बटोरी,कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम की



शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए जोरदार समा बांधा। तो वहीं रात भर दर्शन कार्यक्रम देखकर सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम में नौजवान युवा युवतियाँ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से काफी प्रसन्न अति उत्साहित नजर आए। इस दौरान जितेन्द्र सिंह राजपूत,डोंडूलला चौहान,भागचंद पटले, सुनील झिल्पे, राजकुमार चौधरी, गुड्डु सोनी, विजय बिसेन, संदेश बिसेन, चिंटू जैन, राजेश राजपूत, नरेंद्र बंसोड, तिलक गजभिये,देवाजी बागडे,मुरली अडमे, धरमसिंह राजपूत,त्रिवेंद्र नगपुरे, दिनेश तिलासी,सौभलाल नाने, ज्ञानीराम राने,हंशलाल तामसे,आनंद राजपूत सहित ग्रामवासी मौजूद रहें । विधायक विवेक पटेल ने कहा की ठेकेदार और पूर्व जनप्रतिनिधियों के कारण इस गाँव की जनता को दंश झेलना पड़ रहा है। जिसके कारण इस गाँव में नल जल योजना का काम अधूरा है मेरे द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया गया था। जिसके बाद अधिकारी और ठेकेदार पर गाज गिरी थी जब भी आलेझरी की जनता ने हमसे कुछ कहने बोला है हमने उस काम को किया है। बेमौसम हो रही बारिश में किसानो की फसल खराब हो चुकी है,हमने अधिकारियों से किसानो की नष्ट हुई फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग की है। हम चाहते है की प्रदेश सरकार किसानो को मुआवजा दें।

## संपादकीय

# जालसाजों की पहचान अब आसान

इसमें दोराय नहीं कि नई तकनीक के साथ चुनौतियां भी साथ आती हैं। मोबाइल फोन और इंटरनेट की आसान पहुंच का बढ़ता दायरा सुविधाजनक तो है, लेकिन इससे कई तरह के जोखिम भी हैं। साइबर धोखाधड़ी इनमें से एक है, जो हाल के वर्षों में आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी ऐसे अपराधियों का पता लगाने और उनकी धर-पकड़ के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। मोबाइल उपभोक्ताओं को साइबर जालसाजों की ओर से आए दिन अनजान नंबरों से फोन आना आम बात हो गई है और जो लोग उनके झांसे में आ जाते हैं, वे लाखों-करोड़ों रुपए गंवा बैठते हैं। मगर अब इस तरह के फोन की पहचान करना आसान होगा।

> दूरसंचार विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। जब किसी मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आएगा, तो स्क्रीन पर उसका नाम भी दिखाई देगा। इससे उपयोगकर्ता सतर्क हो जाएगा और वह साइबर ठगों के जाल में फंसने से बच जाएगा।

दूरसंचार विभाग जल्द ही आम उपभोक्ताओं को मोबाइल पर ऐसी सुविधा प्रदान करेगा, जिससे फोन करने वाले व्यक्ति का नाम भी प्रदर्शित होगा। दूरसंचार नियामक ट्राई ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

हालांकि, मोबाइल पर फोन करने वाले व्यक्ति के नाम का पता लगाने के लिए कुछ ऐप आनलाइन उपलब्ध हैं और चुनिंदा लोग उनका इस्तेमाल भी करते हैं। मगर, नाम प्रदर्शित करने की इनकी सटीकता और इस्तेमाल को लेकर लोगों में भ्रम बना रहता है। ऐसे में दूरसंचार विभाग और ट्राई ने जो कदम उठाया है, वह सभी मोबाइल धारकों के हित में है। दरअसल, ट्राई ने फरवरी, 2024 में फोन करने वाले का नाम प्रदर्शित करने से जुड़ी इस सेवा पर अपनी सिफारिशों में कहा था कि यह केवल मांग करने वाले उपभोक्ताओं को ही मुहैया कराई जाए। जबकि दूरसंचार विभाग का कहना था कि यह सुविधा सभी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ट्राई ने अब विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी है और इस पर परीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने उम्मीद जताई है कि यह सुविधा देशभर में मार्च, 2026 तक लागू हो जाएगी। खास बात यह कि अब मोबाइल फोन में ही यह सुविधा मौजूद रहेगी।

दूरसंचार विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। जब किसी मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आएगा, तो स्क्रीन पर उसका नाम भी दिखाई देगा। इससे उपयोगकर्ता सतर्क हो जाएगा और वह साइबर ठगों के जाल में फंसने से बच जाएगा। यह कदम इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश में साइबर अपराध का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की ओर से हाल में जारी एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2022 में साइबर अपराध के 65,983 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में इनकी संख्या बढ़ कर 86,420 हो गई। इस तरह की धोखाधड़ी के उभरते परिदृश्य से पता चलता है कि साइबर जालसाज ठगी के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। दूरसंचार विभाग मोबाइल में जो सुविधा प्रदान करेगा, उसमें फोन करने वाले का वही नाम प्रदर्शित होगा, जो नंबर खरीदते समय उसने अपने दस्तावेज में दर्ज कराया होगा। हालांकि, साइबर धोखाधड़ी के कुछ मामलों की जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि संबंधित अपराधी ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर मोबाइल नंबर हासिल किया था। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक निकायों को इस तरह के मामलों से निपटने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे।

# धरती पर इतना कौन नाचा होगा



**लोक संस्कृति के प्रसिद्ध अध्येता पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी के शब्द हैं ये-'धरती पर इतना कौन नाचा होगा ?'**

जीवन के चार दशक उन्होंने जनजातीय समाज के बीच अध्ययन और शोध में लगाए हैं। इस विस्तृत और गहरे अनुभव के दौरान जो पाया है, वह काफी कुछ प्रकाशित हो चुका है। उनका यह कथन मैंने जनजातीय देवलोक विषय पर हुई एक संगोष्ठी में सुना था। वे भारत के जनजातीय समाज में सदियों से जारी नृत्यों के बारे में बोल रहे थे। उन्होंने 240 प्रकार के नृत्य विभिन्न जनजातियों में चिन्हित किए थे। यह एक आंकड़ा है कि कोई समाज इतने प्रकार से नृत्यों में स्वयं को अभिव्यक्त कर रहा है। मगर वही बात कपिलजी जैसा मनीषी इन शब्दों में कहेगा- 'धरती पर इतना कौन नाचा होगा ?'

मुझे भोपाल में भेल के दशहरा मैदान पर अभिव्यक्ति के रजत जयंती गरबा महोत्सव में उनका कथन तब याद आया, जब हर आयु के समूह विविध रंगी वेशभूषा में गरबा के लिए उतरे। देखते ही देखते मंडलाकार नृत्य ने उस दृश्य को एक आकर्षक ऊर्जा से भर दिया। जनजातीय समाजों में एकल नृत्य की कोई परंपरा नहीं है। कोई अकेले नहीं नाचता। वे समूह में आते हैं और गोलाकार परिधियों में फैल जाते हैं। एक निश्चित थाप पर दूसरे के साथ कदमताल में ऐसे घूमते हैं जैसे अनगिनत ग्रह सूर्य की परिक्रमा में नृत्यरत हों। कपिलजी कहते हैं, नृत्य असल में किसी समाज के उल्लास की चरम अभिव्यक्ति का ही दूसरा नाम है।

मगर कोई समाज कब उल्लास के चरम पर होगा? वह तब उस अवस्था में होगा, जब उसकी भौतिक आवश्यकताएं पूर्ण होंगी और किसी प्रकार के तनाव या चिंता का कोई स्थान नहीं होगा। आपसी प्रेम, विश्वास और सदभाव होगा। दूर से अभावों में दिखने वाला जनजातीय समाज अपनी ही दुनिया में मगन रहा है। प्रकृति के देवलोक में पनपी उसकी अपनी एक संस्कृति है, जिसकी धारा अब तक अटूट है। इस दृष्टि से हमारे शहर अपनी कोई संस्कृति विकसित नहीं कर सके हैं। वे आपसी प्रतिस्पर्धा और तनाव से भरा जीवन जी रहे हैं, जहाँ उल्लास अभिव्यक्ति के चरम पर यदाकदा ही जा पाता होगा।

भारतीय संस्कृति के एक और ख्यातनाम अध्येता वासुदेवशरण अग्रवाल के अनुसार ब्रज मूल का हल्लीसक रास ही कभी श्रीकृष्ण के साथ द्वारिका गया था। कच्छ के गोपालकों ने उसे अपने लोकनृत्य के रूप में स्वीकार किया था। सदियों-सहस्त्राब्दियों से वह हल्ली रास गुजरात की मिट्?टी में कब गरबा और डांडिया के रूप में छा गया और कब नवरात्रि में देवी की आराधना में रच-बस गया, कोई नहीं जानता। लोक परंपराएँ ऐसे ही आपस में घुलती-मिलती रही हैं।

**भारत रत्न**

# एक किशोर, एक सपना और रतन टाटा का भरोसा

> कभी-कभी एक साधारण पल जीवन की दिशा बदल देता है। 16 वर्षीय अर्जुन देशपांडे के लिए वह पल तब आया, जब उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की कैंसर की दवा खरीदने में असमर्थ देखा। उसी करुणा ने उनके भीतर एक मिशन जगा दिया- हर भारतीय तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं पहुंचाने का। इस विचार से जन्मा 'जेनेरिक आधार' आज लाखों जिंदगियों में आशा का स्रोत है। रतन टाटा जैसे दूरदर्शी उद्योगपति का स्नेह, मार्गदर्शन और भरोसा अर्जुन के इस सफर को न सिर्फ सफल बनाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि सच्चा व्यवसाय मुनाफे से नहीं, मानवता से चलता है।

इस उम्र में जब अधिकांश किशोर अपने करियर के संभावित रासो तलाश रहे होते हैं, अर्जुन देशपांडे पहले ही स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति की नीव रख चुके थे। उनको असामान्य सोच, 18 वर्ष की उम्र से पहले, जब वे वोटर पहचान पत्र (आधिकारिक रूप से फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र या एपिक) के लिए आवेदन कर सकते थे, ने न केवल लोगों को चकित किया बल्कि किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का ध्यान भी खींचा श्री रतन टाटा का। यह सब उस समय शुरू हुआ जब अर्जुन एक स्थानीय मेडिकल स्टोर गए और देखा कि एक वृद्ध व्यक्ति अपनी पत्नी की कैंसर दवाइयों के लिए संघर्ष कर रहा है। यही वह क्षण था जिसने जेनरिक आधार की नींव रखी। एक सामाजिक प्रभाव स्टार्टअप, जिसका मिशन हर भारतीय के लिए आवश्यक दवाओं की किफायती और सुलभ बनाना है। सहानुभूति, जिज्ञासा और गुड़ संकल्प से लेस, अर्जुन ने देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को चुना: किफायती स्वास्थ्य सेवा का पहुंच। 18 वर्ष की उम्र तक, उन्होंने न केवल एक स्केलेबल व्यवसाय मॉडल तैयार किया, बल्कि भारत के सबसे सम्मानित उद्योगपतियों में से एक, श्री रतन टाटा का व्यक्तिगत मार्गदर्शन (मेटरशिप) और निवेश भी प्राप्त किया। इस बातचीत में, अर्जुन हमें अपने उस सफर से परिचित कराते हैं, जो उद्देश्य से प्रेरित, नवाचार से संचालित और उन मूल्यों से निर्देशित है, जो टाटा नाम की विरासत की गूंज रखते हैं, पर टाटा ब्रांड का उपयोग नहीं करते।

अर्जुन देशपांडे के साथ विशेष बातचीत में, मैंने उस सामान्य कहानी से अलग एक कहानी देखी, जो हम अक्सर टाटा समूह के प्रबंधन नेताओं के साथ सुनते हैं। हर दिन ऐसा नहीं होता कि आप एक ऐसे युवा से मिलें, जिसने सहानुभूति के एक क्षण को पूरे देश में सस्ती स्वास्थ्य सेवा के आंदोलन में बदल दिया हो। केवल 16 वर्ष की उम्र में अर्जुन ने यह देखा जिसे अधिकांश लोग अनदेखा कर देते, और इसने उनके जीवन की हमेशा के लिए बदल दिया। आज, जेनरिक आधार के संस्थापक के रूप में, जो लाखों लोगों के लिए जीवनरक्षक दवाओं को सुलभबनाता है, वह भारत के सबसे युवा उद्यमियों में से एक हैं, जिन्हें श्री रतन टाटा का विश्वास और मार्गदर्शन प्राप्त था। हमने ठाणे स्थित उनके मुख्यालय में काम कर रहे अर्जुन से उनके सफर, प्रेरणा और श्री टाटा के साथ उनके स्थायी बंधन पर दिल से जुड़ी बातचीत की।

एक संयोग जिसने क्रांति को जन्म दिया अमल मे अर्जुन विनम्रतापूर्वक कहते हैं, में केवल 16 वर्ष का था जब में अपने घर के पास एक स्थानीय मेडिकल स्टोर गया। उन्होंने याद किया कि एक वृद्ध व्यक्ति दवा विक्रेता से अपनी पत्नी की कैसर की दवाइयों उधारी पर लेने के लिए विनती कर रहा था। दुकानदार ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि बुद्ध की पत्नी का मासिक दवा बिल लगभग 15.200 रुपए था, और वह इसे आर्थिक रूप से बहन नहीं कर सकते थे। ये बताते हुए कुछ देर रुकने के बाद अर्जुन कहते हैं, वृद्ध व्यक्ति और दवा दुकानदार के बीच की यह बातचीत मेरे अंदर कुछ तोड़ गई। जिज्ञासा के चलते,

उन्होंने वही दवा ऑनलाइन खोजी और चौंक गए। 'निर्माण लागत केवल लगभग 3,000 रुपए थी। तो मरीज की 15,000 रुपए क्यों चुकाने पड़ रहे थे?' यह सवाल उन्होंने खुद से पूछा। यही यह क्षण था जब उन्हें एहसास हुआ कि यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं थी, बल्कि लाखी भारतीय परिवारों की कहानी थी। यही समझ जेनरिक आधार का बीन बन गई, एक स्टार्टअप जो इस विश्वास पर आधारित था कि किसी को भी लागत के कारण उपचार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

### सपना बनाना एक स्टोर से शुरुआत-

बिना किसी पूंजी और संपर्क के, युवा अर्जुन ने कदम उठाया। वह हंसते हुए बताते हैं- 'मैंने शुरू में सोचा कि मैं अपना खुद का मेडिकल स्टोर खोलूंगा, लेकिन इसके लिए कम से कम 15 से 20 लाख रुपए की पूंजी चाहिए थी, जो मेरे पास नहीं थी। इसलिए उन्होंने एक स्मार्ट रास्ता खोजा। अर्जुन ने बताया 'मैंने अपनी प्रजचत से 15,000 रुपए निवेश कर एक छोटे नेटवर्क की स्थापना की, जिसमें माइक्रो मेडिकल स्टोर्स शामिल थे। भारत में 10 लाख से अधिक स्थानीय फार्मेसियां हैं। मैंने इन छोटे स्टोर मालिकों से एक-एक करके संपर्क किया और उन्हें यह समझाया कि वे हमारे माध्यम से निर्माताओं से सीधे जेनरिक दवाएं प्राप्त कर सकते हैं। ये आसान नहीं था। लगभग दो-तीन महीने की लगातार घर-घर जाकर संपर्क करने की कोशिशों के बाद आखिरकार एक स्टोर मालिक ने हामी भरी। वह पहला 'हां' था और सब कुछ बदल गया, वह गर्व से कहते हैं। जब मैंने अपने माता-पिता को यह बताया कि मैं क्या करने की कोशिश कर रहा हूं, ती वे चकित रह गए। लेकिन मुझे पता था कि यह मॉडल घरेलू दवा के खर्च को 5,000 रुपए से घटाकर लगभग 1.500 रुपए कर सकता है, और यही असली प्रेरणा थी। यहां से, जेनरिक आधार में तेजी से विस्तार किया और कई भारतीय राज्यों में स्थानीय उद्यमियों को सशक्त किया। सभी प्रकार की बीमारियों के रोगियों को किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई।

### जब रतन टाटा ने कॉल किया-

हर स्टार्टअप के लिए एक टर्निंग पॉइंट आता है। अर्जुन के लिए यह अप्रत्याशित स्रोत से आया। 2019 में, केवल 17 वर्ष की उम्र में, उन्हें टेडेक्स पर कैसे एक 17 वर्षीय भारतीय स्वास्थ्य सेवा का चेहरा बदल रहा है विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। उनका संबोधन वायरल हो गया और उसने कई बिजनेस लीडर्स और नेति निर्माताओं का ध्यान खींचा। लेकिन जो हुआ, उसने उन्हें पूरी तरह तैयार नहीं किया था। और वह वक्त भी आ गया। एक शाम, मुझे फोन आया, वह मुस्कुराते हुए याद करते हैं। सामने बाले की आवाज आई, हैलो, में रतन टाटा बोल रहा हूं। अर्जुन ने कहा- कुछ सेकंड के लिए लगा कि कोई मजाक कर रहा है। लेकिन फिर श्री रतन टाटा ने बताया कि उन्होंने मेरा रेडेक्स भाषण देखा और मिशन से गहराई से प्रभावित हुए। अर्जुन साब्ध रह गए। उस कॉल के



बाद 2020 की शुरुआत में मुंजां स्थित श्री टाटा के कार्यालय में बैठक हुई। अर्जुन बताते है कि यह कैाक शेवल 15 मिनट के लिए तय हुई थी, लेकिन यह करीब दो घंटे और तीस मिनट तक चली। बातचीत के दौरान, श्री टाटा ने कहा, मैं सिर्फ आपकी कंपनी में निवेश नहीं करना चाहता, में आपको व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन देना चाहता हूं। कुछ हो समय बाद, बी टाटा ने जेनरिक आधार में वह निवेश लिया, जिसे उन्होंने प्रोत्साहन पूंजी कहते थे। अर्जुन कहते हैं कि वह वित्तीय समर्थन गौव था। असल मदद ती रतन टाटा का विश्वास बा, जो मुझे मिला जब में 13 वर्ष का हुआ।

एक दिग्गज से मार्गदर्शन लगभग तीन वर्षों तक (श्री टाटा के निधन तक) अर्जुन को उस व्यक्ति ने मार्गदर्शन दिया जिन्हें वह भारतीय उद्योग की धड़कन कहते हैं। वह बताते हैं- हर रविवार में उनके घर जाता था। हम व्यापार, नैतिकता और भारतीय स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के बारे में बात करते थे। लेकिन कारोबारी सबक से ज्यादा उन्होंने मुझे विनम्रता सिखाई। अर्जुन एक संवेदनशील घटना साझा करते हैं- 2020 में मेरी ऐसी ही एक मुलाकात के दौरान, मुंबई में भारी बारिश हो रही थी। सम्मान के लिए, मैं अपने जूते उनके घर के बाहर रखाता था। जब में जा रहा था, तो वह मुझे दरवाजे तक छोड़ने आए। मैंने उन्हें अंदर जाने को कहा, लेकिन वह तब तक खड़े रहे जब तक मैंने अपने दोनों जूते पहन नहीं लिए। यह ऐसे ही व्यक्ति थे सरल, दयालु और जमीन से जुड़े हुए विनम्र एक और यादगार पल तब था जब श्री टाटा ने जनरिका आधार की नई उत्पाद श्रृंखला का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे एक मिशन कहा, व्यवसाय नहीं, अर्जुन कहते हैं। उन्होंने कहा, यह समाज को लौटाने के बारे में है. और यही टाटा की विरासत है।

### विरासत को आगे बढ़ाना

जब उनसे पूछा गया कि उनके मेंटर का सबसे महत्वपूर्ण सबक कौन सा है. अर्जुन बिना शिक्षक कहते हैं %सरलता, विनम्रता और नैतिकता। उन्होंने मुझे दिखाया कि महानता धन या शक्ति से नहीं आती, बल्कि यह इस बात से आती है कि आप कितना लौटाते हैं। वह श्री जमशेदजी टाटा, समूह के संस्थापक, के शब्दों से प्रेरणा लेते हैं, जिन्होंने अपने पुत्र सर दोराबजी टाटा को लिखा था: जी समाज से मिला है. उसे समाज की लौटाना चाहिए। यही वह सिद्धांत था जिन पर श्री रतन टाटा ने जीवन जिया। और यही वह सिद्धांत है जिसे जेनरिक आधार अपनाता है, अर्जुन गर्व से कहते हैं।

### एक-एक दवा से जीवन बदलना

आज, जेनरिक आधार का विस्तार देशभर में है, मुंबई से लेकर तमिलनाडु और असम के छोटे शहरों तक। अर्जुन वाहते हैं हमने कई कैंसर दवाओं की कीमत 1.5 लाख रुपए से घटाकर 15,000 रुपए कर दी है। श्री टाटा के 87वें जन्मदिन पर, हमने 87 कैंसर मरीजों के लिए जीवन भर की दवाओं की आपूर्ति मुफ्त में वितरित और सुनिश्चित की। यह हमारी तरफ से उन्हें बद्धांजलि थी। कोविड-19 संकट के दौरान, जेनरिक आधार ने हजारों रेनडेसीवीर आवश्यक दवाएं और पीपीई किट मुफ्त में वितरित को। यह कमाई का समय नहीं था, अर्जुन बताते हैं। यह देश और समाज की सेवा का समय था, और हमने यही किया। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर, अर्जुन की आंखें चमक उठती हैं। हमारा सपना है कि हर भारतीय घर तक स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो, वह कहते हैं। हम नए राज्यों में बिस्तार कर रहे हैं, एनजीओ के साथ सहयोग कर रहे हैं, और डिजिटल फॉर्मसी समाधानों की भी खोज कर रहे हैं। लेकिन लक्ष्य चाहीं है: सबके लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा। पुरस्कार और मान्यता के बावजूद, वह बेहद जमीनी हैं। अर्जुन बहुत धीमी आबाज में कहते हैं- जब लोग मुझे धन्यवाद देते हैं, तो मैं उन्हें बताता हूं कि यह मेरी सफलता नहीं, बल्कि की टाटा का सपना है जिसे मैं आगे बढ़ा रहा हूं।

### दिल से निमंत्रण-

जैसे ही हमारी बातचीत समाप्त होती है. अर्जुन अपनी चिरपरिचित मस्कान के साथ मुझे गर्मजोशी से आमंत्रित करते हैं। आपको किसी दिन हमारे ठाणे कार्यालय आना चाहिए। हम स्वस्थ भारत बनाने के बारे में और बात करेंगे। एक युवा व्यक्ति के लिए, जिसने केवल एक बातचीत से शुरुआत की थी, अर्जुन देशपांडे की कहानी यह साबित करती है कि सहानुभूति, उ?द्देश्य और मार्गदर्शन या मेटरशिप पास्तप में दुनिया बदल सकते हैं। और कहीं न कहीं, ऐसा लगता है कि रतन टाटा चुपचाप मुस्कुरा रहे होंगे।

अर्जुन देशपांडे की यात्रा इस बात का शानदार उदाहरण है कि सहानुभूति, जब कार्य से जोड़ी जाए, तो परिवर्तनकारी बदलाव ला सकती है। एक क्षय की करुणा ने उन्हें भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों में से एक दवा की किफायती उपलब्धता का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उनकी कहानी हमें याद दिलाती है कि उम्र प्रभाव डालने में बाधा नहीं है, और उद्देश्य-प्रेरित उद्यमिता लाखों जीवन को छू सकती है। श्री रतन टाटा के मार्गदर्शन और मूल्यों से प्रेरित होकर, अजून ने केवान एक व्यवसाय ही नहीं बनायर उन्होंने एक आंदोलन खड़ा किया। असली संदेश स्पष्ट है: असली सफलता लाथ में नहीं, बल्कि लोगों को सशक्त बनाने और समाज की सेवा करने में है।

**योगेश जोशी**

लेखक ने सालों तक बॉम्बे हाउस में टाटा स्टील के लिए पूरे कॉपोरेट कम्युनिकेशंस संभाला और वे दावोस, स्विट्जरलैंड में वाई कम्युनिकेशन फोरम के आयक्ष चुने जाने वाले एकमात्र एशियाई है। इसके कम्युनिशन प्रोफेशनला की विश्व की दूसरी सबसे पुरानी संस्था एबीसीआई के भारत में मौजूदा अध्यक्ष भी है।

yogesh @yogeshjoshi.pro

# 'विविध भारती आम आदमी के जीवन का बैकग्राउंड म्यूज़िक है'

**( इसी अक्टूबर को विविध भारती की स्थापना के 68 बरस पूरे हो गए. इतने बरस की विविध भारती की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने हमारी ज़िंदगी को सुरीला बनाया है. )**

किसी भी रेडियो चैनल ने अगर देश में साठ बरस से ज्यादा का सफर तय किया है तो यह प्रसारण इतिहास की एक अहम घटना है. देश के इतिहास का साझीदार बनने के साथ-साथ ऐसा रेडियो चैनल हर कदम पर नई चुनौतियों का सामना भी करता है. इसकी वजह यह है कि आधी सदी से ज्यादा की अपनी सक्रियता के दौरान रेडियो चैनल निश्चित रूप से अपनी संस्कृति गढ़ता है. अपना मुहावरा रचता है और बदलते वक्त, श्रोताओं और जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालता है. यानी 3 अक्टूबर को विविध भारती की स्थापना के 60 बरस पूरे हो रहे हैं. विविध भारती की स्थापना ऐसे दौर में की गई थी जब भारत में मनोरंजन का कोई और केंद्र नहीं था और भारतीय जनमानस के मनोरंजन का बीड़ा उठाया था रेडियो सीलोन ने. हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका की नियमित रेडियो सेवा के विदेश विभाग ने भारतीय श्रोताओं को पूरी तरह मोहित कर लिया था.

संगीत का यह वह दौर था जब अलग-अलग पीढ़ी के बेहद प्रतिभाशाली संगीतकार, गीतकार और गायक एक साथ सक्रिय थे. सबसे दिलचस्प बात यह है कि आज भी हमारे लिए पुराने गानों का मतलब इसी दौर के गानों से है. यह जिस समय की बात है तब प्रसारण की तकनीक आज की तरह उन्नत नहीं थी.

आज के स्टीरियो एफएम रेडियो स्टेशनों के बजाय तब मीडियम वेव और शॉर्ट वेव पर प्रसारण किया जाता था. प्रसारण के ये माध्यम भले ही उतने स्पष्ट और सहज नहीं थे, फिर भी इनके दीवानों की कमी नहीं थी. रेडियो सीलोन, बीबीसी की हिंदी और उर्दू सेवा या बाद में आए आकाशवाणी के राष्ट्रीय प्रसारण भी इसकी मिसाल हैं.

यह सच है कि रेडियो सीलोन के कार्यक्रम सुनना थोड़ा मुश्किल था. शॉर्ट वेव के प्रसारणों के लिए जाली वाला एंटीना लगाया जाता था और मीडियम वेव भी एरियल के सहारे ही आता था. इस सबके बावजूद प्रसारण काफी उतार-चढ़ाव भरा होता था.

वहीं रेडियो सीलोन का कंटेंट इतना शानदार होता था कि गली-मुहल्लों में लगातार उसकी आवाज सुनाई देती रहती थी. यानी अगर आप अपने शहर में टहलना शुरू करें तो घरों से आती रेडियो सीलोन की आवाजें लगातार आपका पीछा करती रहती थीं.

जब यह दिखाई दिया कि भारतीय कंपनियां अपने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए इस रेडियो-स्टेशन का सहारा ले रही हैं और देश का पैसा बाहर जा रहा है तो भारत सरकार ने विविध भारती की परिकल्पना की.

विविध भारती की स्थापना की एक और वजह थी. एक जमाने में भारत सरकार ने अनेक कारणों से आकाशवाणी पर फिल्मी गाने बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया था. यह समझा जा रहा था कि फिल्मी दुनिया से आ रहे गाने लोगों को बिगाड़ते हैं. इसलिए केवल सुगम-संगीत पर आधारित गीत ही रेडियो पर बजाए जाते थे.

उसी दौर में रेडियो सीलोन ताजा फिल्मी गीतों के जरिये श्रोताओं के बीच पहुंचकर अपने 'व्यावसायिक-हितों' को पूरा भी कर रहा था. ऐसे दौर में केशव पांडे, पंडित नरेंद्र शर्मा, गोपालदास और गिरिजा कुमार माथुर जैसी साहित्य और रेडियो प्रसारण की कद्दावर हस्तियों ने विविध भारती की नींव रखी.

विविध भारती को किस मकसद से शुरू किया जा रहा था, इसका जवाब बस इस एक वाक्य से ही मिल जाता है-यह आकाशवाणी की 'अखिल भारतीय मनोरंजन सेवा' थी. वहीं आकाशवाणी के पंचरंगी कार्यक्रम का अर्थ यह था कि इसमें पांचों ललित कलाओं का समावेश होना था.

अक्सर लोगों के मन में यह सवाल आता है कि विविध भारती पर पहला एनाउंसमेंट किसने किया होगा? आपको बता दें कि 3 अक्टूबर, 1957 को विविध भारती का आगाज शील कुमार शर्मा की आवाज में हुआ था. उन्होंने कहा था-'यह विविध भारती है, आकाशवाणी का पंचरंगी कार्यक्रम'.

आगे चलकर 'विविध भारती आकाशवाणी का पंचरंगी कार्यक्रम' वाला जुमला हमारे संस्कारों का हिस्सा बन गया. हमारे घर-परिवारों में बातूनी लोगों को चुप करते हुए अमूमन कहा जाता है, 'अब बस करो, क्यों विविध भारती की तरह चले जा रहे हो'.

एक बार फिल्मकार हृषिकेश मुखर्जी से मेरी बातचीत हो रही थी. बातों-बातों में उन्होंने कहा था कि विविध भारती भारतीय आम आदमी के जीवन का बैकग्राउंड म्यूजिक है. उनकी कई फिल्मों में भी विविध भारती की आवाज सुनाई देती है.

विविध भारती के आगाज के वक्त सबसे पहले- 'नाच रे मयूरा/ खोल कर सहस्न नयन/ देख सघन गगन-मगन/ देख सरस स्वप्न जो कि आज हुआ पूरा' गाना सबसे पहले बजाया गया था. इसे इस अवसर के लिए विशेष रूप से पंडित नरेंद्र शर्मा ने लिखा था और अनिल विश्वास के संगीत निर्देशन में मन्ना डे ने गाया था.

एक मनोरंजन रेडियो चैनल के रूप में विविध भारती ने न केवल मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई, बल्कि साहित्य, शास्त्रीय संगीत, नाटक, सिनेमा और फिल्म संगीत से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण बातों का दस्तावेजीकरण भी किया.

सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन जी से लेकर आज के जमाने के कवियों तकज्उर्दू अदब में अली सरदार जाफरी, इस्मत चुगताई से लेकर शहरयार तकज शास्त्रीय संगीत में पंडित डीवी पलुस्कर और भीमसेन जोशी से लेकर आज के महत्वपूर्ण हस्ताक्षरों तक. इसी तरह सिनेमा में अशोक कुमार और लीला नायडू से लेकर शाहिद कपूर और प्रियंका चोपड़ा तक सभी नामी हस्तियों की आवाजें विविध भारती के संग्रहालय में सुरक्षित हैं.

संगीत के दीवानों को विविध भारती पर ही नौशाद से लेकर ओपी नैयर, शंकर जयकिशन, सी.रामचंद्र, रोशन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल,कल्याणजी-आनंदजीज.इतने नाम हैं जिन्हें गिनाते-गिनाते थक जाएं.

इन सभी के साक्षात्कार विविध भारती से ही सुनने को मिले हैं. कौन से गाने कैसे बने, रिकॉर्डिंग के समय कौन-कौन सी घटनाएं हुईं. कौन से राग पर बने, शूटिंग के दौरान का किस्सा क्या हैज समझ लीजिए कि विविध भारती ने आधी सदी से ज्यादा वक्त में बड़ी लगन के साथ एक 'ध्वनि-महाग्रंथ' तैयार किया है इन सब बातों का.

विविध भारती ने रेडियो सीलोन के एकाधिकार को इस हद तक खत्म किया कि आगे चलकर उसका दायरा बहुत थोड़े श्रोताओं तक सिमटकर रह गया. विविध भारती ने बदलते वक्त के साथ अपनी उपलब्धता का अगाध विस्तार किया है.

ऑल इंडिया रेडियो लाइव' नामक एप्प के जरिये विविध भारती एंड्रॉइड और आइओएस पर भी पूरी दुनिया में सुना जा सकता है. वेब पर भी विविध भारती दुनिया भर में उपलब्ध है. आपके ट्रांजिस्टर और डीटीएच पर तो खैर पहले से ही है.

साठ बरस की विविध भारती की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने हमारी ज़िंदगी को सुरीला बनाया है।

(लेखक बीते दो दशक से विविध भारती से जुड़े हैं)

**यूनुस खान, मुंबई,रेडियो से जुड़े कर्मी**

कला-साहित्य/समाज

(यह लेख मूल रूप से तीन अक्टूबर 2017 को विविध भारती के साठ साल पूरे होने के मौक़े पर प्रकाशित किया गया था.)

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** आयात शुल्क लगने से चने में बाजार मामूली बढ़त पर रहे। उड़द-मूंग में मजबूती आयी। खाद्य तेलों में बाजार सुर्खी पर रहे। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में नारियल बाजार सुस्त रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में आयात शुल्क 31 अक्टूबर से प्रस्तावित है, जिसके चलते चने में बाजार हल्की फुल्की सुर्खी पर रहे। उड़द-मूंग में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन व सरसो में बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में नारियल बाजार सुस्त रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4210-4280, खोपरा गोला 320-375, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-245, जायफल 715-785, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-750, बेस्ट 780-791, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 521-525, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3600-3650, (160) 4200-4250, (200) 4400-4500, (250) 5000-5100

**तेल**- सींगदाना 1400-1420, मुम्बई 1420, राजकोट तेलिया 2205-2210, सोया साल्वेंट 1180-1185, सोया रिफाइंड 1250-1260, कपास्या 1255-1260, धूलिया 1265, कड़ी 1265,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1375-1380, मुम्बई पाम 1285, मुम्बई सोया 1285,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 7000-7300, रायडा 6200-6300, सोयाबीन 4200-4250, नया सोयाबीन 3800-4100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5100-5300, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशि?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5700-5800, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6800-6900, एवरेज 6600-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6800-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 380, उज्जैन 280, रतलाम 34.0 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।एजेंसी।** गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 146000, चॉंदी (99) 145500, टंच 140000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 120400,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबल गुरुवार को भारतीय रुपया 48 पैसे की गिरावट के साथ ही 88.70 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 21 पैसे टूटकर 88.43 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी फेडरल के रातोंरात ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बावजूद डॉलर सूचकांक बढ़कर 99.05 और 10 वर्षीय प्रतिफल 4.07 प्रतिशत पर पहुंच गया जिससे घरेलू मुद्रा दबाव में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.37 पर खुला। फिर 88.43 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.22 पर बंद हुआ था।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई।एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती के बाद दुनियाभर के बाजारों से मिले मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 592.67 अंक नीचे आकर 84,404.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 176.05 अंक टूटकर 25,877.85 पर बंद हुआ लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 52.80 अंक नीचे आकर 60,096.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 17.85 अंक गिरकर 18,469.70 पर था। आज ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक,फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटी और सर्विसेज के शेयर गिरावट पर रहे जबकि रियल्टी और एनर्जी शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स पैक में बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स,टाइटन और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल सबसे अधिक लाभ में रहे । वहीं भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, के शेयर नुकसान में रहे। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हल्की गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 84,750.90 अंकों पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से 0.29 फीसदी नीचे है। वहीं निफ्टी 50 ने 25,984.40 पर शुरुआत की, जो इसके पिछले बंद 26,053.90 से कम है। इसी तरह निफ्टी बैंक भी कमजोर खुला और 58,152.05 पर कारोबार शुरू किया, जबकि बुधवार को यह 58,385.25 पर बंद हुआ था। ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स लगभग स्थिर रहा लेकिन इसमें हल्की गिरावट दिखी। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।




# अगला बजट आने में तीन महीने, सरकार ने शुरू की तैयारियां

**नई दिल्ली।एजेंसी।** अगला बजट पेश होने में बस तीन महीने शेष हैं। सरकार ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने सरकार से गुहार लगाई है कि आम आदमी को इनकम टैक्स में और राहत दी जानी चाहिए। उद्योग संगठन ने कहा है कि सालाना 50 लाख रुपये तक कमाई करने वाले व्यक्तिगत करदाताओं को टैक्स की दरों में राहत दी जानी चाहिए। सरकार ने अगर उद्योग संगठन की बातों पर गौर किया तो सालाना 50 लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो सकती है। उद्योग संगठन ने अपील की है कि नए टैक्स रिजीम के तहत लगने वाले 30 फीसदी दर को बढ़ाकर 50 लाख से ऊपर की कमाई पर लागू किया जाए। अभी नए रिजीम में सालाना 24 लाख रुपये से ज्यादा कमाई वाले करदाता पर 30 फीसदी का स्लैब लगाया जाता है। उद्योग संगठन ने अपनी सिफारिश राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव को सौंप दी है। साथ ही अप्रत्यक्ष कर में भी कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। इससे पहले पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने व्यक्तिगत करदाताओं के साथ कॉरपारेट टैक्स को भी 25 फीसदी से नीचे लाने की सिफारिश की है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इनकम टैक्स की धारा 115 बीएबी में बदलाव करना चाहिए और नई इकाइयों को टैक्स में राहत देना चाहिए। इन पर शुरुआती इनकम टैक्स 15 फीसदी से ज?यादा नहीं होना चाहिए। इस पर सरचार्ज लगाया जा सकता है। सरकार ने यह टैक्स रेट सितंबर, 2019 में लागू किया था, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 तक कर दिया था, लेकिन इस टैक?स रेट को आगे भी लागू रखना चाहिए। इससे विदेशी कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए काफी प्रोत?साहन मिलेगा।

# टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत! अब 10 दिसंबर 2025 तक कर सकेंगे फाइलिंग

**नई दिल्ली।एजेंसी।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। विभाग ने 29 अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने ऑडिट केसों में आईटीआर फाइल करने की पुरानी डेडलाइन 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर अब 10 दिसंबर 2025 कर दी है। यह निर्णय देशभर के लाखों टैक्सपेयर्स और प्रोफेशनल्स के लिए राहत लेकर आया है, जिन्हें समय की कमी के चलते परेशानी हो रही थी। सीबीडीटी ने यह फैसला टैक्सपेयर्स की मुश्किलों और अदालतों के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया है। गुजरात, पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और आईटीआर फाइलिंग के बीच कम से कम एक महीने का अंतर होना चाहिए। इसी के अनुरूप अब नई डेडलाइन तय की गई है। जिन व्यवसायों का सालाना टर्नओवर 1 करोड़ से अधिक है या 10 करोड़ तक है और कैश ट्रांजैक्शन 5 फीसदी से कम हैं, उन्हें टैक्स ऑडिट कराना जरूरी है। वहीं डॉक्टर, वकील जैसे प्रोफेशनल्स जिनकी सालाना ग्रॉस रिसीट्स 50 लाख से ऊपर हैं, उन्हें भी ऑडिट करवाना होता है। यदि कोई टैक्सपेयर समय पर ऑडिट रिपोर्ट या आईटीआर जमा नहीं करता, तो धारा 271बी के तहत कुल टर्नओवर का 0.5 फीसदी या अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक पेनल्टी लग सकती है। हालांकि, देरी का उचित कारण होने पर राहत भी मिल सकती है।




# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला रहेगा। आपके विरोधी भी प्रबल रहेंगे, जिन्हें आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी मात दे सकेंगे। आप कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर यदि जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें गड़बड़ी होने से आपको अपने पिताजी से डांट खानी पड़ सकती है। किसी नए घर, मकान, दुकान आदि की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए किसी धन संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, लेकिन आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें, क्योंकि उसमें आपसे कुछ गड़बड़ी होने की संभावना है। किसी से आप कोई मन की बात शेयर कर सकते हैं। लेकिन बाद में वह उसका फायदा उठा सकते हैं। लेन देन से संबंधित मामलों मे आपको सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आपकी इनकम बढ़ेगी और आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा।

**कर्क**- आज का दिन किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी नए काम का हिस्सा बनेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जीवनसाथी से यदि आपकी कोई खटपट चल रही है, तो आप उसे मनाने की पूरी कोशिश करें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। जो लोग सिंगल है, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आप अपने रिश्ते को लेकर आगे बढ़ेंगे। आपको कोई नई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिल सकता है। आपको अपनी संतान से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी और घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है और आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। संतान आपसे कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकती हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**तुला**- आज दिन आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए रहेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों पर जोर देंगे। प्रॉपर्टी को लेकर भाई व बहनों में कोई खटपट होने की संभावना है। आपके पिताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपने यदि किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें गड़बड़ी अवश्य होगी।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी मेहनत के परिणाम बेहतर रहेंगे। आपको कोई शारीरिक कष्ट होने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा, लेकिन आपका कोई काम आज पूरा होगा। किसी प्रॉपर्टी संबंधित डील को फाइनल करने से पहले आप उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है। आपको अपने भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप सुख शांति भरा जीवन व्यतीत करेंगे। कोई नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके ध्यान कुछ महंगे गैजेट पर जाएगा। आप दिखावे के चक्कर में काफी धन खर्च करेंगे। पारिवारिक समस्याएं फिर से उभर सकती हैं।

**मकर**- आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों को लेकर सोच विचार ज्यादा करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर बहस बाजी हो सकती है। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी जिम्मेदारी बढ़ने से आप उनसे घबराएंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। घर में आप अपनी सुख सुविधाओं की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। किसी नए वाहन की खरीदारी करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप जोश में आकर कोई निर्णय न ले। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आपके लिए बेहतर रहेंगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों में अपने दोस्तों से अच्छी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काम करने में आसानी होगी। लेकिन आप किसी बेवजह के काम में ना पड़े, नहीं तो उसमे आपको समस्या होने की संभावना है। किसी को बिना मांगे सलाह न दें।

## शब्दजाल- 8065

*शब्द जाल में नौशाद द्वारा संगीतबद्ध 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | मु | ग | ल | ए | आ | ज | म | ल | द |
| द | वि | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | ल | म | दी | छ | स | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | न | दि | वा | स | ध | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | ल | ज | ना | तू | ग | झ | क |
| या | ल | द | र | दि | झ | उ | ती | ण | घ | क |
| ती | व | ल | मी | या | प | बै | जू | बा | व | रा |
| क | एं | ऊ | ई | द | ब | क | फ | ए | श | क |
| क | ड | ल | प | दे | गी | स | री | औ | प | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | द |
| क | ड | ल | प | या | प | स | व्य | ब | प | म |

प्रेमनगर, बैजू बावरा, दीवाना,मदर इंडिया,दिल दिया दर्द लिया, आदमी,धर्मकांटा,लव एंड गॉड, मुग़ल ए आजम, गीत.

### शब्दजाल - 8064 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**31 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.22 ब.से |
| चंद्र | कुंभ में | धनु | 09.38 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.44 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.30 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.03 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.33 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.14 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.25 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.41 बजे से |
| 10.30 से | | कन्या | 02.53 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | तुला | 05.04 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 304 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 10.04 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** धनिष्ठा 18.51 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 06.16 बजे तदनन्तर वृद्धि 04.32 बजे को प्रातः समाप्त।
**करण** कौलव 10.04 बजे तदनन्तर तैतिल 21.44 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 07'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872514
**जूलियन दिन** 2460979.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 08
**विशेष** अक्षय नवमी, जगद्धात्री पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, 'क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहाँ है?' वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर काँपते थे उसने आव देखा न ताव लगा गरीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, "क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहाँ रहते है?" "उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहाँ से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए।" वह व्यक्ति बोला। दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्यों संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा माँगने लगा। बोला, "महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया।" दरोगा की बात सुनकर संत दादू हँसते हुए बोले, "भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी खरीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।" संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## फिल्म वर्ग पहेली- 7009



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7008

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | न्या | सी | ■ | ह | मे | शा | ■ | खौ | फ |
| ध्या | ■ | मा | सू | म | ■ | र | क्षा | ■ | र्ज |
| ■ | रो | ■ | र | ■ | सौ | दा | ■ | त्रि | ■ |
| ना | जा | य | ज | ■ | त | ■ | श्री | दे | वी |
| ग | ■ | की | ■ | जा | न | म | ■ | व | ■ |
| म | हा | न | ■ | गृ | ■ | द | म | ■ | मा |
| णि | ■ | ■ | प्र | ति | का | र | ■ | ज | या |
| ■ | फ | र | हा | ■ | लि | ■ | ■ | मा | ■ |
| रॉ | की | ■ | र | जि | या | सु | ल्ता | न | ■ |
| ■ | रा | खी | ■ | स्म | ■ | र | ■ | त | ब्बू |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकू नवताल- 7318

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7317 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 8533



**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी,नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि,कमरिया-3
14. फटकार,भर्त्सना-4
15. वतन,स्वेदश-4
16. पार होना,पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब,निर्धन-2
21. लोचदार,लचकदार-5
25. पारंपरिक,पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता,जल्दी-3
2. मूल्य,कीमत-2
3. जनता,आम आदमी-2
4. किनारा,कोरा-2
5. इंकार,मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम,वहम-3
10. साधू,संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा,जीभ-3
17. रसदार,रसभरा-3
18. कारण,वजह-3
20. नेत्र,लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया,पंख-3
24. रग,नाड़ी-2

### शब्द पहेली -8532 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | शा | र | दा | ■ | सा | हि | ल | ■ |
| दा | म | ■ | न | ■ | ल | ■ | त | ब |
| खि | ■ | प्रा | व | धा | न | ■ | ■ | रा |
| ल | व | ण | ■ | न | ■ | त | ह | त |
| ■ | ■ | ना | म | ■ | रा | ह | ■ | ■ |
| ती | र | थ | ■ | स | ■ | ल | ग | न |
| स | ■ | ■ | मु | च | ल | का | ■ | क |
| रा | ज | ■ | नी | ■ | ह | ■ | बे | टा |
| ■ | न | र | म | ■ | जा | हि | ल | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# बे-मौसम बारिश से किसानों के श्रम पर फिरा पानी

## लांजी क्षेत्र के किसानों ने सर्वे कराकर पूर्ण मुआवजा देने की प्रशासन से की मांग

**पदमेश न्यूज,लांजी।** बे-मौसम बारिश का कहर अब किसानों की नींदे उडा चुका है। पहले तो किसान माहू कीट के प्रकोप से परेशान थे जैसे तैसे दवाई आदि का छिडकांव कर माहू कीट के प्रकोप को कम किया गया तथा बे मौसम बारिश ने किसानों के माथे चिंता की बडी लकीरें खींच दी, अब हाल यह है कि अधिकांश किसानों की फसले पूर्णत: नष्ट हो चुकी है। बतादें कि आधप्रदेश के समुद्रीतट से उठे चक्रवाती तुफान मोंथा का कहर देश के अधिकतर राज्यों में देखा जा रहा है। जिसकी चपेट मे उडीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्य आये है इस चक्रवाती तुफान मोथा का कहर प्रदेश के विभिन्न जिलो में देखा गया है जिसमे बालाघाट जिला अछुता नही है। मोंथा तुफान के कहर के चलते लगातार बारिश का दौर प्रारंभ है और 30 अक्टूबर को सुबह से ही बारिश देखी गई जो कि देर रात्रि तक चलती रही। यही बारिश ने क्षेत्र के किसानों के मांथे में चिंता की लकीरे बढा दी है। आज अधिकतर किसानो की फसले नष्ट हो चुकी है। बडी मेहनत से किसान अपनी फसलो को पालता पोषता है और जब फसलों की कटाई का समय आता है तो ऐसे चक्रवाती तुफान, बेमौसम बारिश, माहू कीट के प्रकोप के चलते पूरे वर्ष की मेहनत पर पानी फिर जाता है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों पर क्या बितती होगी। सरकार को चाहिये कि अतिशिघ्र सर्वे का कार्य करवाकर किसानो को पूर्ण क्षति पूर्ति के रूप में राशि प्रदान की जाये।





### विधायक कर्राहे ने वस्तु स्थिती से सीएम को कराया अवगत

जिले में किसानों पर आई आपदा को लेकर विधायक राजकुमार कर्राहे ने चिंता जताते हुये कहा कि जबलपुर संभाग में हुई समीक्षा बैठक जो कि प्रदेश के हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा ली गई थी। इसी बैठक मे मेरे द्वारा मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर जिले की वस्तु स्थिती से अवगत कराया गया। कि किस प्रकार बेमौसम बारिश, माहू कीट आदि के प्रकोप के चलते किसानों की फसलो पर बुरा असर पड़ा है। आपके द्वारा आश्वास्त किया गया है हर किसान के खेत का पूर्ण सर्वे का कार्य करवाया जाकर क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जावेगी। इस आदेश के परिपालन में कलेक्टर बालाघाट के द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर सर्वे कार्य करवाया जा रहा है पटवारी एवं कृषि विभाग की टीमें सर्वे कार्य कर रही है। आपने यह भी कहा कि मेरे द्वारा भी निरीक्षण किया जायेगा, सर्वे कार्य लगातार जारी रहेगा किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नही है सरकार आपके साथ हर कदम पर साथ खडी है।

### सर्वे को लेकर किसान सौंपेंगे ज्ञापन

क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश तथा माहू कीट के प्रकोप के चलते फसले खराब हुई है जिसको लेकर सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे के द्वारा किसानो से अपील की गई है कि आज 31 अक्टूबर को कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पंहिुचकर ज्ञापन सौंपा जायेगा कि खराब हुई फसलों का अतिशिघ्र सर्वे कार्य किया जाकर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाये। सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे ने प्रात: 11 बजे सभी किसानों से लांजी तहसील कार्यालय पंहुचने की अपील की है।

# कु. क्रिष्टी कोठारे का व्हॉलीबॉल की राष्ट्रीय टीम में चयन

**पदमेश न्यूज,लांजी।** लांजी क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही है। हर वर्ग या हर क्षेत्र में लांजी के छात्र छात्राओं के द्वारा अपना लोहा मनवाया गया है। बीते कुछ समय की बात की जाये तो लांजी क्षेत्र से यूपीएससी, एमपी पीएससी, एमबीबीएस, नेट, आई आई टी, न्यायाधीश सहित अनेको क्षेत्रो में आपको लांजी के होनहार छात्र छात्राआऐं नजर आयेंगे। इसी कडी में लांजी के छात्र छात्राओं ने खेल में भी अपना परचम लहराया है तथा स्टेट से लेकर अन्तराष्टीय स्तर तक भी आपको लांजी के छात्र छात्राऐं नजर आयेंगे। इसी कडी में लांजी की एक बेटी ने व्हॉलीबॉल खेल में अपना लोहा मनवाते हुये राष्टीय स्तर पर चयनित होकर लांजी सहित जिले का नाम रोशन किया है।



बता दे कि लांजी के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में कक्षा बारहवीं की साईंस ग्रुप की छात्रा कु क्रिष्टी कोठारे पिता युवराज कोठारे निवासी लांजी जिसका चयन राष्टीय स्तर पर व्हॉलीबाल प्रतियोगिता आयु वर्ग 19 में हुआ है। जो कि 13 से 17 नवंबर के मध्य नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा तहसील में आयोजित होगा जहां सभी राष्टीय स्तर की टीमें प्रतिभागिता करेगी। क्रिष्टी कोठारे जो कि एक होनहार छात्रा तथा उत्कृष्ट व्हालीबॉल खिलाडी है जो कि शहीद भगत सिंह स्पोटर्स एकेडमी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। तथा इसी स्पोटर्स क्लब के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम आपने जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता लालबर्रा में चयनित हुई, इसके पश्चात संभाग स्तर पर नरसिंहपुर में प्रथम स्थान प्राप्त तथा राज्य स्तर पर गाडरवाडा में आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्टीय स्तर पर चयनित हुई है। आगामी 13 से 17 नवंबर को राष्टीय स्तर पर गाडरवाडा में आयोजित प्रतियोगिता में क्रिष्टी कोठारे प्रतिभागिता करेगी। आपके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश फुल्लारे, शाला परिवार, परिजनों, शहीद भगत सिंह स्पोटर्स एकेडमी के प्रशिक्षक प्रज्ञात वासनिक, सहित समस्त एकेडमी के सदस्यों ने क्रिष्टी कोठारे को बधाई प्रेषित करतुं हुये कहा कि आप इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करे ताकि आपका चयन अन्तर्राष्टीय स्तर पर हो और आप लांजी क्षेत्र एवं जिले का नाम पूरे भारत देश में रोशन करे।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने कारंजा में आयोजित किया दीपावली मिलन समारोह

**पदमेश न्यूज,लांजी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के सेक्टर कारंजा में 29 अक्टूबर दिन बुधवार को डॉ तीरथ नगपुरे के निवास पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियशन तह-शाखा लांजी का दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। उक्त समारोह कार्यक्रम बी आर नाईक की अध्यक्षता में एवं आई एस चौहान, टी. डी. लिल्हारे, सेवकराम ठाकरे तह शाखा लॉजी के अध्यक्ष की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध किया कि अपने क्षेत्र के सभी पेंशनरों को संघ से जोड़ें। इस दौरान नये पेंशनर रूपदास उपवंशी एवं जी आर भण्डारकर का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पेंशनर्स साथियों ने अपने विचार रखे एवं कुछ प्रेरक प्रसंग बताएं। पेंशनर्स संघ के सचिव आई एस चौहान ने संघ की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आगामी 23 नवंबर 2025 को कटंगी में वार्षिक सम्मेलन होना है, जिसके संबंध विस्तार से बताया व सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपील की।



आगामी 4 नवंबर को देवलगांव सेक्टर का दिपावली मिलन समारोह ग्राम पंचायत भवन दहेगांव में आयोजित किया गया है, जिसमें सभी पेंशनर्स साथियों को उपस्थित होने की अपील की। अंत में सहसराम घोरमारे (पुलिस विभाग) जिनका 13 सितंबर को निधन हो चुका है उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान बी आर नाईक, एस आर ठाकरे, तीरथ नगपुरे, टी डी लिल्हारे, आई एस चौहान, एन एल बसेना, एन आर दहीकर, नामदेव बावनथड़े, डी आर बनोठे, सुखचंद लिल्हारे, भोजराज लिल्हारे, राजेंद्र पशीने, उमंग प्रसाद कबीरे, के एल बनोठे, प्रेमदास बोहने, युवराज दहीकर, अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, लालाराम नंदनवार, डी आर सोनवाने, नरेन्द्र श्रीवास, आर डी उपवंशी, ठाकुर दास पटले, जागेश्वर एड़े, भोजराज घोंगड़े सहित अनेक पेंशनर्स साथी उपस्थित थे।

# सनातन परंपराओं के अनुरूप पूजन कर महिलाओं ने मनाई आंवला नवमीं

**पदमेश न्यूज,लांजी।** सनातन परम्पराओं के अनुरूप नगर एवं क्षेत्र की महिलाओं ने गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 को श्रद्धा एवं आस्था के साथ आंवला नवमी पर्व मनाया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाला यह पर्व स्वास्थ्य, समृद्धि और धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है।आंवला नवमी के अवसर पर नगर के कोटेश्वर मंदिर प्रांगण सहित विभिन्न स्थानों पर आंवले के वृक्ष के नीचे महिलाओं ने एकत्र होकर विधिविधान से पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार इस दिन आंवले के फल और पत्तियों से पूजा की जाती है तथा आंवले से बने व्यंजनों का सेवन किया जाता है।मान्यता के अनुसार कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवले के वृक्ष की उत्पत्ति हुई थी। धार्मिक मान्यता यह भी है कि आंवले के पेड़ पर भगवान विष्णु, भगवान शिव और माता लक्ष्मी का वास होता है। इस दिन पूजा-पाठ, दान और व्रत करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है और हर मनोकामना पूर्ण होती है।आगामी 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के चार महीने की योगनिद्रा से जागने की परंपरा है, जिसके पूर्व अक्षय नवमी या आंवला नवमी का यह पर्व मनाया जाता है। महिलाओं ने इस अवसर पर सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और पारिवारिक कल्याण की कामना की।



### शारदा महिला मण्डल की महिलाओं ने मनाई आंवला नवमी पर्व

लांजी- नगर की सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अग्रणी संस्था शारदा महिला मण्डल के द्वारा महिला मण्डल की सदस्या श्रीमती शिखा गोस्वामी के निवास पर आंवला नवमी पर्व का आयोजन विधि पूर्वक किया गया। सभी महिला सदस्यों आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना कर आंवले से बने व्यंजनों का प्रसादरूपी ग्रहण किया गया। इस दौरान शारदा महिला मण्डल की अध्यक्ष उषा देवी पशीने, सुशीला दुग्गड़, सुनीता रॉय, सरिता श्रीवास्तव, भगवती कर्राहे, मंजू नारंग, बबीता पशीने, नम्रता आसटकर, पद्मा शर्मा, अंजली रैंच, अंजू पशीने, कल्पना पशीने, अनिता अग्रवाल, आराध्या आसटकर, नव्या बिलगौर, मीना बिलगौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डोरली में विधायक निधी से सभा मंच का किया भूमिपूजन

**पदमेश न्यूज,लांजी।** जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत डोरली में स्थित खेल मैदान में विधायक निधी से सभा मंच का भूमिपूजन कार्यक्रम 30 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रेवाजी करहाटकरे, सरपंच श्रीमती सुखीबाई नाकतोड़े, सीताराम बनाफरे, भिमेश्वर पिलारे, जागृति तिवारी, पवन पिलारे, पंच गण एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिती में सभामंच का भूमिपूजन किया गया। बतादे कि विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा ग्राम पंचायत डोरली में अपनी निधी से 2.50 लाख रूपये सभामंच हेतु प्रदान किया गया था जिसका भूमिपूजन विधि विधान पंडित संजय दुबे के द्वारा उपस्थित उक्त अतिथियो के हस्ते करवाया गया। बतादे कि खेल मैदान परिसर में उक्त सभा मंच का निर्माण किया जा रहा है जिससे खेल सहित अन्य आयोजनों में उक्त सभा मंच उपयोगी साबित होगा। ग्रामीण जनो के द्वारा विधायक राजकुमार कर्राहे का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया है।



# सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल का मिलन समारोह संपन्न

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर में सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल के द्वारा मिलन और अन्नकूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्रीकृष्ण का पूजन कर विभिन्न घरो से लाये गये पकवानो का ५६ भोग लगाया गया। पश्चात पं जुगलकिशोर शर्मा के द्वारा अन्नकूट का महत्व बताकर कार्यक्रम की खुलकर सराहना की गयी। साथ ही श्रीकृष्ण की जींवत झांकी वेदांशी सुधीर शर्मा की मनोहारी प्रस्तुती ने कार्यक्रम को दिव्यता भी प्रदान की। पं.जुगल शर्मा ने बताया कि विभिन्न समाजों का राजस्थानी कल्चर एक है, पहनावा व संस्कृति भी एक है। इस दौरान पं जुगलकिशोर शर्मा, भीकमचंद शर्मा, लक्ष्मी व्यास, सूशीला अग्रवाल, पार्वती खंडेलवाल, नंदकिशोर खंडेलवाल, गीता खंडेलवाल,मनोरमा जोशी, कृष्ण कुमार खुटाटे , किरण शर्मा, प्रिंयका शर्मा, पुष्पा शर्मा,संगीता अग्रवाल, यामिनी त्रिवेदी, सीमा जोशी, सीमा खंडेलवाल, राखी खंडेलवाल, भावना अग्रवाल, मनीषा शर्मा, राधिका खंडेलवाल, रीना खंडेलवाल, तुलसी शर्मा, रीचा खंडेलवाल, नूपूर अग्रवाल,अनू अग्रवाल, ईशानी चडंलिया, कोमल व्यास, चारू शर्मा, नेहा खंडेलवाल, प्रीति शर्मा, रेखा खंडेलवाल, सरिता अग्रवाल, राजू देवी राजपूरोहित ,डॉ एचपी शर्मा, सुरेश खंडेलवाल, प्रदीप खंडेलवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र खंडेलवाल, अशोक बाठिया, सुधीर शर्मा, संतोष चौहान, विनय सुराना, दिलीप शर्मा, कन्हैया राजपूरोहित, पुरषोत्तम पालीवाल मौजूद रहे।



# 45 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन



**पदमेश न्यूज,लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी ने 'सेवा, प्रेम और शांति' के मूल मंत्र के साथ लांजी एवं भानेगांव में नि:शुल्क महावीर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में विशेष रूप से नेत्र जांच पर फोकस रहा, जिसमें प्रशिक्षित चिकित्सक डॉ. कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में 45 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया।

शिविर में सहयोगियों इंद्रकुमार राजा भुते, शौर्य पारधी, कशिश घोरमो? और रूपेश नखाते ने सक्रिय भूमिका निभाई। महाकौशल जोन चेयरमैन एवं लांजी केंद्र चेयरमैन विशाल राउत खोंगल ने बताया कि संगठन प्रतिमाह नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित करता है ताकि स्थानीय नागरिकों को घरद्वार पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। सभी धर्मों, आयु-वर्गों से अपील है कि प्राणिमात्र की सेवा के इस अभियान में सहभागी बनें और भेदभाव मिटाकर प्रेम व समर्पण का संदेश फैलाएं।

# देवलगांव नाले के कटाव से सिंगोला-सेवती मुख्य मार्ग संकट में, साइड वॉल निर्माण की मांग

**पदमेश न्यूज,लांजी।** सिंगोला से सेवती को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी का मुख्य मार्ग, जो क्षेत्र की सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, इन दिनों गंभीर खतरे का सामना कर रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल और चौपहिया वाहनों का आवागमन होने वाले इस मार्ग पर देवलगांव के समीप बहने वाले नाले के तेज बहाव से सड़क के किनारे लगातार मिट्टी कट रही है, जिससे सड़क की चौड़ाई घटकर मात्र तीन फीट रह गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल साइड वॉल का निर्माण नहीं कराया गया तो पूरी सड़क कट सकती है और आवागमन ठप हो जाएगा।



वर्ष 2020 में इस नाले पर उच्च स्तरीय पुलिया का निर्माण कराया गया था, जिससे बरसात के मौसम में भी ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिली थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से नाले के उफान और तेज बहाव के कारण पुलिया के दोनों ओर तथा सड़क के किनारों की मिट्टी तेजी से कट रही है। पानी की अधिक मात्रा से सड़क का किनारा अब बेहद संकरा हो गया है, जिससे किसी भी बड़े वाहन के गुजरने पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश में नाले का पानी सड़क तक पहुंच जाता है। इस बार कटाव इतना बढ़ गया है कि सड़क तीन फीट तक सिमट गई है। यदि समय पर कार्य नहीं हुआ तो यह मार्ग किसी भी समय धंस सकता है। इससे न केवल देवलगांव बल्कि सिंगोला, सेवती और आसपास के गांवों के लोग भारी परेशानी में पड़ जाएंगे। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर नाले के किनारे मजबूत साइड वॉल बनाने की मांग कर रहे हैं, ताकि सड़क सुरक्षित हो सके और भविष्य में दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग से शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 में पारदर्शिता पर सवाल

## परीक्षा केंद्र पहले बताने पर बवाल, अभ्यर्थियों का हंगामा

इंदौर। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (श्वस्क्) द्वारा आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 गुरुवार से शुरू हुई, लेकिन पहले ही दिन परीक्षा विवादों में घिर गई। पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर अभ्यर्थियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हर साल परीक्षा से दो दिन पहले ही परीक्षा केंद्रों की जानकारी दी जाती थी, ताकि गोपनीयता बनी रहे। लेकिन इस बार परीक्षा से लगभग एक महीने पहले, 28 अक्टूबर को ही प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए, जिनमें परीक्षा केंद्रों की पूरी जानकारी प्रदर्शित थी।




अभ्यर्थियों का कहना है कि इतनी पहले केंद्रों की जानकारी जारी होने से सांठगांठ और गड़बड़ी की संभावना बढ़ गई है। असामाजिक तत्वों को परीक्षा केंद्रों से संपर्क करने का समय मिल गया है, जिससे मेहनती उम्मीदवारों के साथ अन्याय हो सकता है। इंदौर के गंजी कंपाउंड में हजारों अभ्यर्थियों ने एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया और परीक्षा प्रक्रिया पर सवाल उठाए। इस प्रदर्शन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ और धार जिलों से आए 1200 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए।

धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने कहा कि इस बार परीक्षा प्रक्रिया की गोपनीयता भंग हो गई है और अब परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा केंद्र बदलने की मांग की और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की।

अभ्यर्थी राहुल निगवाल ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी के कई मामले सामने आए हैं। निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उम्मीदवारों के परीक्षा केंद्र बदले जाने चाहिए। वहीं अभ्यर्थी दीपक खेडे ने कहा कि प्रदेश में पहले भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा और पटवारी परीक्षा में अनियमितताएं हो चुकी हैं। ऐसे में सरकार को इस परीक्षा का संचालन कर रही एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर देना चाहिए ताकि भविष्य में विश्वसनीय संस्थाओं से परीक्षा आयोजित कराई जा सके।

इसी दौरान अभ्यर्थी मंगलेश मोरे ने कहा कि पहले से केंद्रों की जानकारी होने से कुछ लोग अनुचित लाभ ले सकते हैं, जिससे मेहनती अभ्यर्थियों की तैयारी पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि परीक्षा निष्पक्ष तरीके से कराई जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाए।

अधिकारियों के अनुसार, पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 30 अक्टूबर से 12 दिसंबर तक चलेगी। इसमें 7500 पदों के लिए प्रदेशभर से साढ़े नौ लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। पहला सत्र सुबह 9ः30 से 11ः30 बजे, दूसरा सत्र दोपहर 12ः30 से शाम 4ः30 बजे तक। इंदौर में छह केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें आईपीएस कॉलेज, सेज यूनिवर्सिटी, केके विज्ञान कॉलेज, महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज और इस्लामिया करीमिया कॉलेज शामिल हैं।

यह परीक्षा ऑनलाइन हो रही है और अधिकारियों के मुताबिक इंदौर संभाग से सवा लाख आवेदन आए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया दो साल से लंबित है। 2023 में भी आरक्षक भर्ती निकाली गई थी, लेकिन कई अभ्यर्थियों को अभी तक जॉइनिंग नहीं मिली है।

ESB ने पहले पटवारी परीक्षा करवाई थी, जिसमें एक ही सेंटर के कई अभ्यर्थियों का चयन हो गया है। ठीक ऐसी आशंका इस बार भी नजर आ रही है, क्योंकि समय से पहले ही अभ्यर्थियों को उनके केंद्र बता दिए है। 28 अक्टूबर को जारी एडमिट कार्ड में सेंटर लोकेशन दर्शाई गई है। जबकि एडमिट कार्ड पर दर्शाया गया है कि परीक्षा केंद्र की जानकारी सात दिन पहले मिलेगी। अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**-गोपाल प्रजापत, एक्सपर्ट**

## सुरभी गौशाला कारंजा में गोपाष्टमी पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पद्मेश न्यूज,बालाघाट। मप्र शासन एवं उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग बालाघाट के निर्देशानुसार पशुपालन एवं डेयरी विभाग विकासखंड लांजी एवं गौशाला प्रबंधन द्वारा गौसंवर्धन के लिए 29 अक ?टूबर को गोपाष्टमी पूजन के शुभ अवसर पर सुरभी गौशाला कारंजा में विशेष गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्य आथित्य में गौशाला में समस्त गौमाता की विशेष भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर लड्डू भोग मिष्ठान एवं हरा घास खिला कर सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश भटेरे, सचिन अग्रवाल सचिव सुरभि गौशाला कारंजा, अशोक बापुरे पूर्व सरपंच, योगेश रामटेककर पूर्व सरपंच लांजी, लालाराम नंदनवार, विलास जुगाड़े, डॉ निरंजन ठाकरे, बलीराम शिवनकर, प्रकाश सोनटेके, उपस्थित जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं समस्त आचार्य परिवार बाला भाऊ देवरस विद्यालय कारंजा व विद्यार्थी की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. शानू देवी सींगोंर, एमके आसटकर एवीएफओ, अशोक नारनौरे एवीएफओ, सौरभ ऊईके एवं राजेन्द्र प्रसाद येडे की सहभागिता में गोपाष्टमी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्थापना दिवस पर करेंगे पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ

भोपाल। मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में नई सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 नवंबर को राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल से 'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, भारत के विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी भी उपस्थित रहेंगे।

### पिपरझरी की वर्षा ने लिखी अपनी किस्मत

## लाड़ली बहना योजना की राशि से बचत कर वर्षा ने कपड़े सिलाई का व्यवसाय शुरू किया

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को हर माह मिलने वाली राशि बहुत छोटी लग सकती है, लेकिन यही राशि बचत से कुछ समय बाद बड़ी रकम में बदल जाती है। बूंद-बूंद से घड़ा भर जाता है, ऐसे ही हर माह की छोटी-छोटी बचत भविष्य के लिए बड़ा सहारा बन जाती है। किरनापुर विकासखंड के ग्राम पिपरझरी की वर्षा ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। उसने लाड़ली बहना योजना में मिली राशि से बचत कर अब सिलाई मशीन खरीद लिया है और कपड़े सिलने का व्यवसाय प्रारंभ कर दिया है। उसने अपने घर पर ही कपड़ा दुकान भी खोल लिया है। लाड़ली बहना योजना ने वर्षा को आत्मनिर्भर बना दिया है।

श्रीमती वर्षा पति सेवकराम बिसेन ग्राम पंचायत पिपरझरी किरनापुर की निवासी है और एक गरीब परिवार की महिला है। उसे कपड़े सिलना आता था, लेकिन सिलाई मशीन खरीदने की सामर्थ नहीं थी। जब से लाडली बहना योजना का लाभ मिलने लगा तो उसने तय कर लिया था कि वह इस राशि को खर्च नहीं करेगी बल्कि बचत करेगी। कुछ समय बाद उसके पास सिलाई मशीन खरीदने लायक राशि जमा हो गई तो उसने एक सिलाई मशीन खरीद ली हैं। सिलाई मशीन आने से वर्षा ने अपने घर पर ही सिलाई सेंटर खोल लिया है और घर पर ही छोटी सी कपड़ा दुकान भी शुरू कर दिया है। वर्षा का सिलाई का काम अच्छा चल रहा है और इससे उसे बहुत काम मिल जाता है। इस व्यवसाय से उसकी आमदनी बढ़ गई और वह परिवार का खर्च चलाने में पति की मदद भी करने लगी है। वर्षा अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई है। इससे उसमें आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्षा की बेटी को भी लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती लक्ष्मीकांता बिसेन ने वर्षा को लाड़ली बहना योजना एवं उसकी बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाने में मदद की है। वर्षा को ग्राम पंचायत पिपरझरी का भी सहयोग मिल रहा है।

## निगम और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति एक बार फिर टली ?

### - एक पद के लिए 50 से अधिक दावेदार?

भोपाल। मध्य प्रदेश में 50 से अधिक निगम और मंडलों के पद खाली पड़े हुए हैं। जिसमें सैकड़ो भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाना है। जब भी नियुक्ति की बात शुरू होती है। उसको लेकर बड़ा बवाल पैदा हो जाता है।जिसके कारण बार-बार नियुक्ति टाल देनी पड़ती है।



पिछले कई बार मे निगम मंडलों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर संगठन और सरकार के स्तर पर कई बार सहमति बनाने के प्रयास किए गए हैं। लेकिन जिस तरह का बवाल देखने को मिलता है। उसके बाद मुख्यमंत्री और संगठन इस बबाल में हाथ डालने से बचते हैं। जिसके कारण कई वर्षों से निगम मंडल और प्राधिकरण में नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। पद खाली पड़े हुए हैं।

### दलबदलू और भाजपा नेताओं के बीच में दीवार

पिछले वर्षों में भाजपा में बड़ी संख्या में दूसरे दलों के लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। जब उन्हें भाजपा में लाया गया था। तब उन्हें बड़े-बड़े पद देने का सपना दिखाया गया था। चुनाव बीत जाने और उनकी उपयोगिता पूरी होने के बाद उन्हें पद देने से भाजपा संगठन बच रहा है। संगठन के अंदर भाजपा के जो समर्पित कार्यकर्ता पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह सबसे ज्यादा विरोध दल बदलू नेताओं का करते हैं। दल बदल करके जो नेता भाजपा में आए थे। जो नेता उन्हें भाजपा में लाए थे। उनके ऊपर वह लगातार दबाव बना रहे हैं। उन्हें जो आश्वासन दिया गया था।उसे पूरा किया जाए। दल- बदलुओं की कोई सुनवाई भाजपा में नहीं हो रही है।

### जवानी से बुढ़ापे में पद अभी भी नहीं?

भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता 30 से 40 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। जवानी से वह बुढ़ापे में प्रवेश कर गए हैं। अभी तक उन्हें कोई पद नहीं मिला। जिसके कारण ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिवार के लोग भी अब उनका मजाक उड़ाने लगे हैं। जिसके कारण पद पाने के लिए अब आर पार की लड़ाई भाजपा के कार्यकर्ता और नेता लड़ रहे हैं। इस आग में हाथ डालने से मुख्यमंत्री और संगठन के पदाधिकारी बार-बार अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। पद खाली होते हुए भी अभी तक इनमें नियुक्ति नहीं हो पा रही हैं।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश सलमान नशा ने मचाया आंतक

### - पुरानी रंजिश के चलते युवक के घर जाकर खिड़की से किया फायर, बाल-बाल बची जान

भोपाल। पुराने शहर के गौतम नगर थाना इलाके में आदतन बदमाश ने बीते दिन जमकर उत्पात मचाते हुए जहाँ दो युवको पर अड़ीबाजी करते हुए कट्टे की नोंक पर 1 हजार रुपये छीन लिये। वहीं पुरानी रजिंश के चलते

रैकी कर अन्य युवक के घर जा पहुंचा और खिड़की से भीतर फायर कर दिये। थाना पुलिस ने दोनो ही मामलो में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मिली टीआई महेंद्र सिहं ठाकुर के अनुसार रंभा नगर में रहने वाले साजिद खान पिता पिता स्व.मुंशी खान (48) ने घायल हालत में थाने पहुंचकर बताया की वह निजी काम करता है। इलाके का आदतन बदमाश और आरोपी सलमान उर्फ नशा डेंजर ईटखेड़ी में रहता है। वह पूर्व में उनके इलाके में ही रहा करता था। मोहल्ले से जाने के बाद भी उसका यहां आना-जाना लगा रहता है। सलमान उर्फ नशा डेंजर इलाके में बच्चों को कट् ?टा दिखाकर डराता है, साथ ही उन्हें नशीला पदार्थ बेचने का काम भी करता था। इसी बात को लेकर साजिद और उनके बेटे ने चार दिन पहले सलमान को फटकार लगाते हुए अपने घर के पास खड़े होने से मना किया था, इसी बात को उनके बीच विवाद हो गया और आरोपी पिता-पुत्र से रंजिश रखने लगा था। बुधवार देर रात साजिद अपने घर में बैठा था, और उसके घर की खिड़की खुली हुई थी। तभी मौका पाकर बदमाश सलमान नशा ने घर में बैठे साजिद पर खिड़ेह से कट्टे से दो फायर किये और फरार हो गया। एक गोली युवक के कंधे में लग गई, जबकि दूसरी गोली अलमारी में जा धंसी। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया। जहां पर उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने सलमान के



खिलाफ हत्या का प्रयास का केस दर्ज करते हुए सलमान की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस के पास रंभा नगर में ही रहने वाला दूसरा फरियदी शादाब मियां पिता प्यारे मियां (25) अपने साथी साथी फैसल के साथ पहुंचा। दोनों दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह काजी कैम्प की पुलिया से गुजर रहे थे। तभी उन्हें बदमाश सलमान नशा मिला और कट्टा अड़ाकर पैसों की मांग करने लगा। डर के कारण उन्होंने उसे अपने पास रखे एक हजार रुपए दे दिए। इस मामले में पुलिस ने मारपीट-अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की घेराबंदी शुरू की। जानकारी के अनुसार बदमाश की धरपकड़ के लिए तीन थानों की पुलिस टीमे रातभर जुटी रही। आखिरकार सुबह तड़के पुलिस ने उसे काजी कैंप इलाके से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया देसी कट्टा और कारतूस बरामद किये है। बताया जाता है, कि पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में आरोपी के हाथ-पैरों में चोटें आई हैं। पूछताछ में बदमाश ने बताया की साजिद से बदला लेने के लिये वह चार दिन तक लगातार पिता-पुत्र की रेकी करता रहा। इस बीच साजिद और उनके बेटे उसे मोहल्ले में नहीं दिखे। बुधवार रात को वह एक बार फिर साजिद के घर के पास पहुचां जहाँ उसे साजिद कमरे में बैठा नजर आया। उसे देख सलमान ने खिड़की से उनके सिर में निशाना लगाया। हालांकि निशाना चूकने के बाद गोली साजिद के कंधे से आर पार हो गई। हमीदिया अस्पताल में उसकी सर्जरी होना है। पुलिस ने बताया की आरोपी सलमान थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व में भी हत्या का प्रयास, हवाई फायर, अवैध कट्टा रखने, चोरी करने, मादक पदार्थ बेचने, मारपीट, अड़ीबाजी और चोरी जैसे 10 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय धान सम्मेलन में बालाघाट के चिन्नौर धान का किया गया प्रदर्शन

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। दिनांक 30 अक्टूबर को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय धान सम्मेलन (International Rice Conference) का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बालाघाट जिले के चिन्नौर धान का प्रदर्शन किया गया है। यह कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसमें बालाघाट जिले की फसल चिन्नौर धान को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ है।




उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में बालाघाट कृषि विस्तार कार्यालय से कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री मोनिका उइके, श्री लक्ष्य लांजेवार, इशुराल चौहान तथा भेजनलाल माने ने सहभागिता की। इस सम्मेलन में प्रदर्शनी के दौरान बालाघाट जिले के जी.आई. टैग प्राप्त चिन्नौर धान का प्रदर्शन किया गया।

## किन्ही बना हर घर जल ग्राम




पद्मेश न्यूज,बालाघाट। जलजीवन मिशन के अंतर्गत खैरलांजी विकासखंड का ग्राम किन्ही हर घर जल ग्राम बन गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत किन्ही ग्राम के सभी 663 घरों में नल से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जाने लगा है। इसके साथ ही ग्राम के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी नल से शुद्ध जल मिलने लगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके ने बताया कि ग्राम किन्ही के नल कनेक्शन वाले सभी हितग्राही परिवारों के आधार कार्ड की पोर्टल पर एंट्री कर दी गई है। ग्रामीणों को अब नल से शुद्ध जल मिलने लगा है। इससे ग्रामीणों को कुएं एवं अन्य जल स्त्रोतों के दूषित जल के सेवन से होने वाली संक्रामक बीमारियों का खतरा नहीं रहेगा। नल से शुद्ध जल मिलने से ग्रामीण स्वस्थ रहेंगें। घर में नल कनेक्शन होने से ग्रामीणों को पानी लाने के लिए कुएं या हेंडपंप पर जाने की झंझट भी नहीं रही है।

## बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए पहले मां सरस्वती को प्रसन्न करना पड़ता है, अर्थात् विद्यार्थियों के लिए मन लगाकर पढ़ाई में मेहनत करना जरूरी है। बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर समय विद्यार्थियों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों को त्वरित रूप से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सुखद परिणाम है कि प्रदेश में सामान्यतः छात्रवृत्ति अप्रैल के महीने में सत्र खत्म होने पर मिलती थी, वह अब अक्टूबर माह में ही विद्यार्थियों के खातों में जारी की जा रही है। पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, ड्रेस और साइकिल आदि भी समय पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से जारी की जा रही है। आज देव दीपावली से पहले विद्यार्थियों की दीपावली मन रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राशि अंतरण के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि जारी की। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा मंत्रीगण का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था में नई पहल की जा रही है। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। देश में सबसे अच्छे शासकीय विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। गत माह ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 8 लाख 50 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की गई। प्रदेश के निजी विद्यालयों में 20 प्रतिशत सीटों पर जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय, 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज तैयार हो रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 और 9वीं के 4 किमी दूर रहने वाले 1 करोड़ विद्यार्थियों को निश्शुल्क साइकिलें वितरित की हैं। बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 5 लाख विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए गए हैं। विद्यार्थियों को नीट, क्लेट, जेईई सहित सभी प्रकार की कोचिंग भी निश्शुल्क प्रदान करने के लिए योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर, वकील बनने के साथ उद्यमी बन लोगों को रोजगार देने वाला बनने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होना चाहिए।

जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के बच्चों को शिक्षा के नए आयाम दिए जा रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्ता शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शालेय शिक्षा की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यार्थियों की उपस्थिति की ट्रेकिंग के साथ शैक्षणिक स्टॉफ की उपस्थिति और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों की भी ट्रेकिंग की जा रही है।

# वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 में बांग्लादेश को हराकर सीरीज जीती

ढ़ाका। रोमारियो शेफर्ड और अकील हुसैन के की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 में भी मेजबान बांग्लादेश को 14 रन से हराकर 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हएु 9 विकेट पर 149 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 8 विकेट पर 135 रनों पर ही आउट हो गयी। शेफर्ड और अकील दोनो ने ही तीन-तीन विकेट लिए जबकि जेसन होल्डर ने दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज तन्ज़िद हसन ने 48 गेंदों में 61 रन बनाये।

शेफर्ड ने एक ही ओवर में तन्ज़िद और जैकर अली के विकेट लिए। इसके बाद एक के बाद एक बल्लेबाज पेवेलियन लौटते गये। वहीं इससे पहले वेस्टइंडीज ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 11.2 ओवर में ही एक विकेट पर 106 रन बना दिये।

तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने भी 21 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि स्पिनर नसुम अहमद ने 35 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं रिशाद हुसैन ने (20 रन देकर 2 विकेट लिए। होप ने 36 गेंदों में सबसे अधिक 55 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाज़े ने 33 गेंदों पर 52 रन बनाये। .उन्होंने और होप ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन बनाये।



# सबसे पहले नंबर एक पर पहुंचने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे हैं सचिन

मुम्बई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसी के साथ ही रोहित आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने वाले पांचवें भारती खिलाड़ी बने हैं। सबसे पहले नंबर एक पर पहुंचने वाले सचिन तेंदुलकर पहले भारतीय बल्लेबाज थे। इसके बाद महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली व शुभमन गिल नंबर एक पर पहुंचे।



### सचिन तेंदुलकर

सचिन तेंदुलकर दुनिया के नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बनने वाले पहले भारतीय थे। अपने 24 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान, तेंदुलकर कई बार दुनिया के नंबर 1 एकदिवसीय बल्लेबाज बने और उनके हाईएस्ट रेटिंग अंक 881 रही।

### महेन्द्र सिंह धोनी

महेन्द्र सिंह धोनी भी नंबर एक पर पहुंचने वाले दूसरे भारतीय रहे हैं जो सबसे हैरानी की बात भी रही है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में अधिक समय निचले क्रम में ही बल्लेबाजी की है। हालांकि मगर करियर की शुरुआत में उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने का भी अवसर मौका मिला था तभी उन्होंने नंबर-1 स्थान हासिल किया था। धोनी की रेटिंग 826 अंकों की रही थी।

### विराट कोहली

विराट कोहली नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बनने वाले तीसरे भारतीय रहे हैं। कोहली अपने करियर के दौरान एकदिवसीय के अलावा टेस्ट और टी20 में भी नंबर-1 रैंकिंग पर पहुंचे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं। कोहली आईसीसी टेस्ट, वनडे और टी20ढ्ढ बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में 900 से ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने वाले दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं।

### शुभमन गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल 2023 में अपने करियर में पहली बार दुनिया के नंबर 1 एकदिवीसयस बल्लेबाज बने। एकदिवसीय बल्लेबाज के रूप में शुभमन के सबसे अधिक रेटिंग अंक 847 हैं, जो उन्होंने सितंबर 2023 में इंदौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाने के बाद हासिल की थी।

### रोहित शर्मा

रोहित दुनिया के नंबर 1 एकदिवसीय बल्लेबाज बनने वाले पांचवें भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने ये उपलब्धि 38 साल की उम्र में हासिल की है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में हुई बारिश तो रिजर्व दिन होगा मैच

नवी मुंबई। आईसीसी महिला विश्वकप क्रिकेट का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के बीच होगा। वहीं अगर बारिश के कारण ये मैच नहीं हो पाता है तो नियम के अनुसार ये मुकाबला रिजर्व दिन 31 अक्टूबर को खेला जाएगा। वहीं अगर किसी कारणवश के मैच 31 अक्टूबर को भी तो ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में अंक तालिका में आगे होने के कारण फाइनल में पहुंच जाएगी। ऐसे में भारतीय टीम उम्मीद करेगी कि इस मैच में बारिश न हो। यहां बारिश की आशंका है और आसमान में बादल छाये हुए हैं। भारतीय टीम के पास कई ऐसे गेंदबाज हैं जो बादलों का लाभ उठा सकते हैं और उनसे घरेलू हालातों में अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं इस मैदान की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रही है। दूधिया रोशनी में गेंद शुरुआत में स्विंग करती है पर चमक कम होने पर यह कमजोर हो जाती है।

# सिद्धू ने ऋषभ की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे फीनिक्स पक्षी के समान बताया

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसकी इच्छा शक्ति और जुनून गजब का है। ऋषभ अभी दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेंगलुरु में जारी चार दिवसीय मुकाबले में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं। सिद्धू ने कहा कि किसी ने कल्पना तक नहीं की थी कि इतने भीषण कार हादसे के बाद ऋषभ दोबारा चल पायेंगे पर वह आज खेल रहे हैं। उन्होंने इस विकेटकीपर बल्लेबाज की तुलना पक्षी फीनिक्स से की है!



ऋषभ इंग्लैंड दौरे में लगी चोट से उबरकर अभी भारत ए की कप्तानी कर रहे है। इंग्लैंड दौरे में ही मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की एक यॉर्कर पर लगने से उनके पैर की उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। इसी कारण वह एशिया कप, के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी नहीं गये थे।

सिद्धू ने कहा, ऋषभ फीनिक्स पक्षी के समान हैं जो राख से उठ खड़ा होता है। उनकी निडरता को देखिए, उनकी असाधारण उपलब्धियों को देखिए जिसे उन्होंने हासिल किया है। जिस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी की थी, जिस तरह उन्होंने इंग्लैंड में हमें मैच जितवाए, वो शानदार है। मैं अब तक जितने भी क्रिकेटर देखें हैं उनमें से वह सबसे अच्छे क्रिकेटरों में एक है। जब मैं उन्हें देखता हूं तो आनंद आता है। इस क्रिकेटरों ने सभी को सिखाया है कि जिंदगी में मुश्किलों से कैसे निकल सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका ए के साथ मैच में भारत ए की कप्तानी करते हुए ऋषभ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

# भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी

मेलबर्न। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में होने वाले दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले टी20 में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और कप्तान सूर्यकुमार यादव व उपकप्तान शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की थी हालांकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 19 रन ही बना पाये थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को अभिषेक से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अभिषेक और सूर्यकुमार के अलावा तिलक वर्मा पर भी निर्भर रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को बल्लेबाजी में कप्तान मिचेल मार्श और टिम डेविड से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी जोश हेजलवुड पर आधारित रहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।



दोनो के बीच अब तक 33 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 20 मुकाबले जबकि 11 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। वहीं 2 मैचों का परिणाम नहीं निकला।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः

भारत - सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

ऑस्ट्रेलिया- मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट , माहली बीअर्डमैन , बेन ड्वारशुइस , नाथन एलिस, जोश हेजलवुड ग्लेन मैक्सवेल तीसरे से पांचवें मैच तक, टिम डेविड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुहनेमैन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेटकीपर), मैथ्यू शॉर्ट, जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा और तनवीर सांघा।

# तेलंगाना में मंत्री बन सकते हैं अजहरुद्दीन

हैदराबाद। पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन अब तेलंगाना सरकार में कैबिनेट मंत्री बन सकते है। जुबली हिल्स उपचुनाव से पहले कांग्रेस उन्हें मंत्री पद देना चाहती है। इस साल अगस्त में अजहरुद्दीन को विधान परिषद के लिए नामित किया गया था। राज्य विधानमंडल के उच्च सदन विधान परिषद में उनका प्रवेश राज्यपाल के कोटे से हुआ था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अगस्त में विधान परिषद के लिए अजहरुद्दीन को नामित किया था। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, 'अजहरुद्दीन को कैबिनेट में जगह देने पर फैसला कई बैठकों में लिया गया।' अजहर रेवंत सरकार के पहले मुस्लिम मंत्री हो सकते हैं। अजहर मैच फिक्सिंग कांड में भी फंसे थे जिससे उनका करियर से खत्म हो गया था। उनपर साल 2000 में बीसीसीआई ने आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। खेल करियर समाप्त होने के बाद वह राजनीति में उतरे मगर 2014 में हुए आमचुनाव में हार गये। इसके बाद 2023 में विधानसभा चुनाव भी वह हारे। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से दूरे हो गये पर अब वह मंत्री बनने के बाद फिर सक्रिय हो सकते हैं।



# पहली बार महिला विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका ने यहां हुए पहले सेमीफाइनल मे इंग्लैंड को 125 रनों से हराकर महिला विश्व कप क्रिकेट 2025 के फाइनल में प्रवेश किया है। ये पहली बार है जब अफ्रीकी टीम खिताबी मुकाबले में पहुंची है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 319 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 42.3 ओवर में 194 रन ही बना पायी। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने शुरुआती 2 विकेट 0 पर ही खो दिये। इसके बाद चौथे विकेट के लिए कप्तान नट सेवियर ब्रंट और एलिस कैप्सी ने 105 रन जोड़े। के 50 रनों के निजी स्कोर पर आउट होते ही टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी। कप्तान नट सेवियर ब्रंट 64 और डेनी व्याट 34 रन पर आउट हुई। इसेक बाद दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी लिंसे स्मिथ भी 27 रन बनाकर पेवेलियन लौट गयीं। इंग्लैंड की टीम 42.3 ओवर में 194 रन ही बना पायी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से मारिजेन कैप ने 20 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि अयाबोंगा खाका, एन मल्बा, और सुन लूस ने 1-1 जबकि नाडिन डे क्लार्क ने 2 विकेट लिए।




वहीं दूसरी ओर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के शतक से 7 विकेट पर 319 रन बनाए थे। लौरा ने 143 गेंदें पर 20 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 169 रन बनाये। लौरा के अलावा, दक्षिण अफ्रीका की ओर से तजमिन ब्रिट्स ने 45, मारिजेन कैप ने 42, और क्लो ट्रायोन ने 33 रन बनाए।

## मारिजैन कप्प महिला विश्वकप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी बनीं

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका की मारिजैनने महिला विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। मारिजेन ने इसी के साथ ही भारतीय टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का महिला विश्वकप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया है। अब मारिजैन महिला विश्वकप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। मारिजैन के नाम अब महिला विश्वकप में 44 विकेट हैं, वहीं झूलन के नाम 43 विकेट थे। मैरिजेन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल 20 रन खर्च देकर 5 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 3 मेडन ओवर भी डाले। महिला विश्वकप में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट के 39 विकेट हैं।

# ब्रॉड से बोले कैरी, हमारी टीम मैदान में जवाब देगी

सिडनी । आगामी एशेज सीरीज को लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों के बीच बयानबाजी जोरों पर है। पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया की वर्तमान टीम को अब तक की सबसे कमजोर टीम बताया था। वहीं उसपर प्रतिक्रिया देते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम को कम आंकने की भूल न करें। कैरी ने कहा कि ऋहमारे खिलाड़ी अपने को कभी चुका हुआ नहीं मानते। इंग्लैंड को वो मैदान पर करारा जवाब देंगे। वहीं ब्रॉड ने कहा था, ऋयह कोई राय नहीं बल्कि तथ्य है कि यह 2010 के बाद की सबसे कमजोर ऑस्ट्रेलियाई टीम है जबकि इंग्लैंड साल 2010 के बाद की अब तक की सबसे बेहतरीन टीम है।



कैरी ने कहा, क्या उन्होंने सही में ऐसा कहा? अब देखते हैं आगे क्या होता है। हमारी टीम के सभी खिलाड़ी ब्रॉड के खिलाफ पहले खेल चुके हैं और हम जानते हैं कि वो कितने बड़े प्रतिस्पर्धी हैं परन्तु हमारे खिलाड़ी कभी भी अपने को कमजोर या बेकार नहीं नहीं मानते। कैरी ने साथ ही कहा, ऋहमारी टीम पिछले तीन-चार सालों में काफी सफल रही है। हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, इंग्लैंड में एशेज बरकरार रखी, और इस साल फिर से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचे हैं। इससे हमारी क्षमता और अनुभव का सभी को अंदाजा होगा। हमारी टीम में भी होता है वह अपनी ओर से 100 फीसदी देता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही एशेज सीरीज में कप्तान पैट कमिंस के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी में उतरेगी। वहीं तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने घरेलू पिचों पर 12.63 की शानदार औसत से विकेट लिए हैं, कमिंस की जगह शामिल किये जा सकते हैं। कैरी ने स्मिथ की कप्तानी और टीम की बेंच स्ट्रेंथ पर भरोसा जताते हुए कहा, कमिंस के बाहर होने से भी अधिक असर नहीं पड़ेगा। इसका कारण है कि स्टीव के पास अनुभव है और उनका दिमाग बेहद अच्छा है।

## क्रिस्टल पैलेस ने लिवरपूल को 3-0 से हराया, आर्सेनल से होगा क्वार्टर-फाइनल

लंदन। यहां जारी लीग्स कप फुटबॉल में क्रिस्टल पैलेस ने लिवरपूल को 3-0 से हरा दिया। यह इस सीजन में लिवरपूल की 7 मैचों में छठी हार थी। साल 1953 के बाद पहली बार ऐसा हुआ। वहीं एक अन्य मुकाबले में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने लगातार 8वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम ईएफएल कप में जीत की ओर बढ़ रही है। अब क्वार्टर-फाइनल में आर्सेनल का सामना क्रिस्टल पैलेस से होगा।

एक अन्य मुकाबले में ईएफएल चैंपियनशिप में मैनचेस्टर सिटी ने स्वानसी को 3-1 से हार कर क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया।

अभी तक केवल लिवरपूल ही एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने 8 से ज्यादा ट्रॉफियां जीती हैं।

# शमी को लेकर बंगाल के कोच ने चयन समिति पर निशाना साधा

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट टीम के कोच लक्ष्मीरतन शुक्ला ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें कहीं भी अपनी फिटनेस साबित करने की जरुरत नहीं है। शुक्ला के अनुसार शमी की टीम इंडिया में अब तक वापसी हो जानी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि शमी ने रणजी में एक बार फिर अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि उन्हें किसी से प्रमाण की जरुरत नहीं है। माना जा रहा है कि इस प्रकार से शुक्ला ने चयन समिति पर तंज कसा है क्योंकि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने कहा था कि उन्हें शमी की फिटनेस को लेकर जानकारी नहीं है। शमी ने गुजरात के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल की 141 रन की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई है। शुक्ला ने उसी के बाद शमी को लेकर आलोचकों को जवाब दिया है।



शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में जगह नहीं दिये जाने के बाद अगरकर ने कहा था कि घरेलू सीजन अभी शुरू ही हुआ है, इसलिए पहले ये देखना होगा कि क्या शमी पूरी तरह फिट हैं या नहीं। वहीं उसके जवाब में शमी ने कहा था कि अगर वह रणजी ट्रॉफी खेल सकते हैं तो एकदिवसीय भी खेल सकते हैं।

बांगाल बनाम गुजरात के रणजी ट्रॉफी मैच की बात करें तो शमी ने पहली पारी में 44 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। दूसरी पारी में उन्होंने 5 विकेट झटके। 4 साल बाद उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 5 विकेट हॉल हासिल किया है। मौजूदा रणजी सीजन में शमी 10.46 की औसत से 15 विकेट हासिल कर चुके हैं और वह संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। शमी टखने की चोट से उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह भारतीय में वापसी के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। गुजरात की दूसरी पारी में 5 विकेट लेने के बाद उन्होंने कहा था, मैंने काफी कड़ी मेहनत की है और मेरा मानना है कि किस्मत भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# प्रो कबड्डी लीग के फाइनल में दबंग दिल्ली का मुकाबला पुणेरी पल्टन से होगा

नई दिल्ली। दबंग दिल्ली की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12 वें सत्र के फाइनल में प्रवेश किया है। यहां अब उसका मुकाबला पुणेरी पल्टन टीम से होगा। इसमें उसकी नजरें दूसरे प्रो कबड्डी लीग खिताब जीतने पर रहेंगी। इस बार दबंग दिल्ली ने लगातार छह मैच जीतकर अपने को खिताब के प्रबल दावेदार के तौर पर पेश किया है। उसे केवल एक ही मुकाबले में पटना पाइरेट्स (30-33) से हार का सामना करना पड़ा था। को कुछ समय के लिए रोक दिया, लेकिन इस हार ने उनके जुझारूपन को फिर से जगाया।

दबंग दिल्ली केसी के हेड कोच जोगिंदर नरवाल ने अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा, इस टीम ने पूरे सत्र में निरंतरता दिखायी है। हर खिलाड़ी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन किया। हमारा पूरा ध्यान ट्रॉफी जीतने पर है हालांकि पुणेरी पल्टन से होने वाला फाइनल कठिन है। हमारे सभी मैच टाईब्रेकर में समाप्त हुए हैं। हमें उसके खिलाफ अपना सौफ फीसदी देना होगा।

टीम के प्रदर्शन को लेकर दबंग दिल्ली केसी के सीईओ प्रशांत रमेश मिश्रा ने कहा, यह सत्र हमारी टीम की मजबूती, एकता और दृढ़ संकल्प का प्रमाण रहा है। आशु मलिक की कप्तानी में खिलाड़ियों ने परिपक्वता और लड़ने का जज्बा दिखाया है। इसके अलावा टीम दबाव में नहीं आयी। सभी ने एकजुट होकर खेला।

## भरवेली ग्राम पंचायत के पंचों पंचों की चेतावनी

# आज से करेंगे अनिश्चितकालीन अन्न त्याग भूखहड़ताल

पदमेश न्यूज,बालाघाट। भरवेली पंचायत में निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और सत्ता पक्ष व विपक्षी पंचो के बीच पिछले कई महीनों से चल रहा विवाद, थमने का नाम नही ले रहा है।जहां आए दिनों सरपंच व उपसरपंच सहित अन्य पंचो के बीच सहमति ना बनने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ,एक दूसरे का जमकर विरोध कर रहे है।पिछले कुछ महीनो से चल रही इन्हीं गतिविधियों के बीच बुधवार से पंचायत भवन भरवेली के ठीक सामने उपसरपंच सहित अन्य विपक्षी 13 पंचो ने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिनका यहां धरना प्रदर्शन दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। ग्राम पंचायत भरवेली के विभिन्न निर्माण कार्यों में सरपंच पति के हस्तक्षेप रोकने, आय व्यय व जमापूंजी का ब्यौरा देने और निर्माण कार्यों में की गईअनियमितता के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर पिछले 2 दिनों से धरने पर पर बैठे पंचो ने धरना स्थल पर दूसरे दिन भी जमकर नारेबाजी की, तो वहीं उन्होंने अनियमिताओं की शिकायत पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर अपना एतराज जताते हुए उनका यह धरना प्रदर्शन तेज किए जाने की बात कही है।जहां उन्होंने जल्द से जल्द मामले की जांच न होने पर इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को अन्न त्याग धरना प्रदर्शन में बदलने की चेतावनी दी है जिन्होंने स्पष्ट कर दिया की धरना प्रदर्शन के बावजूद भी उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है,जिसके चलते समस्त पंचों ने सामूहिक रूप से 31 अक्टूबर शुक्रवार से केवल पानी पीकर, धरना देने और मांग पूरी ना होने तक अन्न (भोजन) का त्याग कर भूखहड़ताल किए जाने की चेतावनी दी है।



### इन 6 सूत्रीय मांगो को पूरा करने की लगाई गुहार

ग्राम पंचायत भरवेली द्वारा कराए गए 72 निर्माण कार्यो में 2-3 करो? रु का हिसाब देने, मॉयल से पंचायत को प्राप्त टैक्स की राशि करीब 40-45 लाख रु. का ब्यौरा प्रस्तुत करने, ग्रामकोष की राशि का लेखा जोखा दिए जाने, सरपंच पति के द्वारा निर्माण एवं पंचायत के विभिन्न कार्यो में हस्तक्षेप पर प्रतिबंध लगाने, विगत 3 वर्षो का ग्राम पंचायत भरवेली के पंचो को आय-व्यय का हिसाब देने, और पंचो को अपने अधिकार से सरपंच पति के द्वारा वंचित रखे जाने का आरोप लगाते हुए उपसपंच सहित पंचायत के अन्य 13 विपक्षी पंचो द्वारा बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है जो गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारी पंचो ने उनकी समस्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराए जाने, और पूर्व शिकायतो की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है, तो वहीं उन्होंने मांग पूरी न होने पर शुक्रवार से अन्न त्याग कर भूखहड़ताल किए जाने की चेतावनी दी है।

### समस्त पंचों द्वारा शुरू की जाएगी सामूहिक भूख हड़ताल-मालती साहू

दूसरे दिन भी जारी धरना प्रदर्शन को लेकर की गई चर्चा के दौरान भरवेली वार्ड नंबर 11 पंच श्रीमती मालती साहू ने बताया कि आज धरना प्रदर्शन का दूसरा दिन है, अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं आए हैं, और ना ही हमारी मांगों पर ध्यान दिया गया है। बुधवार से शुरू किए गए इस धरना प्रदर्शन के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को सरपंच गीता बिसेन ने जो बयान दिया है वह झूठा व गलत है, सरपंच मैडम बोल रही हैं कि मैं गांव में विकास कार्य करा रही हूं ,विपक्षी पार्षदगण विकाश कार्यो में हस्तक्षेप कर रहे हैं। हमारी जनता और अधिकारियों से मांग है कि वे वार्डों में जाकर देखें कि हमारे वार्डों में कितना काम पंचायत द्वारा कराया गया है। वार्डो का निरीक्षण करने पर सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। सरपंच मैडम से हमारा निवेदन है कि वह इतना झूठ ना बोले, सरपंच मैडम ने पत्रकारों को बताया है कि उन्होंने सभी पंचों को पंचायत कि आय, उसका खर्च और पंचायत राशि का पूरा हसाब दे दिया है, यह भी झूठ है। अगर हिसाब किताब मिल जाता तो हम 13 पंच पागल नहीं है जो कि हिसाब मिलने के बाद भी बार-बार हिसाब मांगे ,अभी धरना प्रदर्शन के हमारे दो दिन हो गए हैं, अब भी यदि मांग पूरी नहीं हुई तो हम समस्त पंचगण शुक्रवार से सामूहिक रूप से भूख हड़ताल शुरू कर देंगे।

## विद्यार्थियों की जरूरतों का ध्यान रख रही प्रदेश सरकार- श्रीमती देशमुख

**पद्मेश न्यूज,कटंगी।** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी नि:शुल्क साइकिल वितरण योजनांतर्गत मुख्यालय स्थित सांदीपनि विद्यालय के कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों को बुधवार को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। प्रभारी नपाध्यक्ष श्रीमती धर्मकला देशमुख के मुख्य आतिथ्य में 125 छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभांवित हुए। यह सुविधा पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। ये सभी विद्यार्थी दूरस्थ गांवों से आना-जाना कर सांदीपनि विद्यालय में शिक्षा अर्जित करते हैं। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति भानूप्रताप पटले, संस्था प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, उप प्राचार्य यतीन्द्र कुमार अग्रवाल, शिक्षक निर्दोष डोंगरे, श्रीमती जयश्री सोनी, श्रीमती ईइयंका पटले, यवनलाल राहुड़, श्रीमती लीना शरणागत, समाजसेवी एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि कामराज देशमुख आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी नपाध्यक्ष श्रीमती देशमुख ने कहा कि हमारी सरकार हर गांव, हर व्यक्ति के हितों को देखते हुए हर रोज नई-नई योजनाएं बना रही है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क साइकिल, गणवेश, किताबें उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। ये विद्यार्थी जो देश का भविष्य है उनको उनकी इच्छानुसार पढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से स्कूल एवं घर आने-जाने की व्यवस्था स्वरूप नि:शुल्क साईकिलें प्रदान करने की योजना सरकार की अनूठी पहल है जो कि वर्ष 2003 से सतत् जारी है। जनपद उपाध्यक्ष भानूप्रताप पटले ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने एवं विद्यालय आने जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा समाज एवं राष्टपऊ निर्माण में सईि्रय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।



## 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन




**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट पी.जोशी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक कालातीत ऋण प्रकरणों की आपसी सुलह, समझौते के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

श्री जोशी ने शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको और संस्था प्रबंधको को एक मुश्त समझौता योजना 2024 लोक अदालत में बैंक/समिति के कालातीत ऋण प्रकरणों का निराकरण करने के लिए योजना अंतर्गत बैंक से पूर्व में जारी दिशा निर्देशों के तहत अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने निर्देशित किया गया हैं। श्री जोशी ने लोक अदालत की जानकारी के लिए बैंक, समिति के बकाया कालातीत सदस्यों की संख्या व राशि की सूची तैयार कर पात्रताधारी सदस्यों से सघन संपर्क करने एवं लोक अदालत में शामिल होने की सहमति प्राप्त कर प्रत्येक समिति से न्यूनतम पांच प्रकरण तैयार करने, लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह के आधार पर समझौता करने पर उन्हे मिलने वाले लाभ व छूट की जानकारी से सदस्यों को अवगत कराने, समिति, बैंक के कार्यक्षेत्र ग्रामों में लोक अदालत का अधिक से प्रचार-प्रसार कर योजना अंतर्गत कालातीत ऋण प्रकरणों का निपटारा कराने निर्देशित किया हैं। इसके साथ ही शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको को योजना अंतर्गत दिशा निर्देशों के तहत प्रकरणों की सावधानी पूर्वक जांच, परीक्षण कर, प्रकरण बैंक मुख्यालय में दिनांक 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

## वैनगंगा के साकड़ी-डांगोरली घाट पुल ने म.प्र.महाराष्ट्र को किया करीब

**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** वारासिवनी से गोंदिया, रायपुर, तिरोड़ा जाने के लिए आवागमन की एक नई सुविधा सुलभ हो गई है। वारासिवनी से बेनी-साकड़ी-डांगोरली रोड पर वैनगंगा नदी पर बालाघाट जिले के साकड़ी घाट एवं महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले के डांगोरली घाट पर लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनकर तैयार हो गया है और इस पुल से आवागमन चालू हो गया है। इस पुल के बनने से वारासिवनी क्षेत्र के लोगों को महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जाना हो तो उन्हें बालाघाट आने की आवश्यकता नहीं है। अब वे वारासिवनी से सीधे बेनी, साकड़ी, डांगोरली होते हुए गोंदिया पहुंच सकते हैं। इससे उन्हें 16 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना होगा। इससे उनके श्रम, समय एवं अर्थ की भी बचत होगी। इस पुल के बनने से अब वे डांगोरली से सीधे गोंदिया पहुंच सकते हैं।



वैनगंगा नदी के साकड़ी-डांगोरली घाट पर पुल निर्माण के पूर्व वैनगंगा नदी पर आस-पास कोई पुल नहीं था। नदी के दोनों ओर की दूरी आधे किलोमीटर से कुछ ही अधिक होने के बाद भी पुल नहीं होने से यह दूरी मिलों लंबी लगती थी। नदी के दूसरी ओर जाने के लिए लोगों को बहुत सोचना होता था और नदी पार करने में जोखिम भी रहता था। लोगों को नाव के सहारे एक छोर से दूसरे छोर पर आना जाना होता था। इससे कई दुर्घटनाएं हो जाती थी। वर्षा ऋतु में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। वर्षा के दिनों में नदी पार करने के लिए लोगों को अधिक दाम देकर नाव का सहारा लेना पड़ता था। लेकिन अब साकड़ी-डांगोरली घाट पर पुल बन जाने से बालाघाट एवं महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की जनता को आवागमन के लिए अच्छी सुविधा सुलभ हो गई है। इस पुल के बनने से बेनी, साकड़ी, सतोना एवं आसपास के ग्रामीणों, किसानों एवं पशुपालकों की आर्थिक गतिविधियां बढ़ गई है। अब वे अपने कृषि उत्पाद, दूध एवं अन्य सामग्री कम समय में और कम लागत में गोंदिया व तिरोड़ा ले जाने लगे हैं। यह पुल एक तरह से अपने आसपास के ग्रामों के लिए आर्थिक विकास के द्वार खोलने लगा है। वैनगंगा नदी पर बालाघाट जिले के साकड़ी घाट एवं गोंदिया जिले के डांगोरली घाट पर आधे किलोमीटर से अधिक लंबाई का उच्च स्तरीय पुल केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र की उन्नति एवं प्रगति का वाहक भी बन रहा है। इस पुल के बनने से आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े एवं अच्छे अस्पताल पहुंचने में आसानी हो गई है। क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार के लिए पड़ोस के गोंदिया जाने में सुविधा हो गई है। यह पुल वैनगंगा नदी के दोनों ओर के ग्रामीणों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ और मजबूत बनायेगा।

लोक निर्माण सेतु संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अर्जुन सिंह सनोडिया ने बताया कि साकड़ी-डांगोरली घाट पर पुल बनने से आस पास के 9 ग्राम के 578 अनुसूचित जाति, 404 अनुसूचित जनजाति एवं 10 हजार 178 अन्य जातियों के इस प्रकार कुल 11 हजार 160 ग्रामवासियों की गरीबी उन्मूलन, शैक्षणिक, सामाजिक विकास आदि में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा एवं किसानों के उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में यह पुल एक मील का पत्थर साबित होगा। शासन एवं जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से वारासिवनी-बेनी-साकडी-डागोंरली मार्ग पर बैनगंगा नदी पर 550 मीटर लंबाई के उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा 30 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। 30 नवंबर 2019 को इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था जो लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से 16 मार्च 2023 को पूर्ण हो गया है।

## जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में

### नलजल योजना एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा

**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।** 30 अक्टूबर को कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जल जीवन मिशन एवं नलजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक गौरव सिंह पारधी, विक्की पटेल, श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, सांसद प्रतिनिधि अभय कोचर, जनपद पंचायत बालाघाट के उपाध्यक्ष डॉ. शंकरलाल बिसेन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बीएल उईके, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री अमित कुमार, अन्य अधिकारी, समिति के सदस्य एवं नलजल योजनाओं का कार्य कर रहे ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को माह दिसम्बर 2025 तक जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को पूर्ण कर हितग्राहियों के घर नल कनेक्शन देना है। नल कनेक्शन देने के साथ ही पोर्टल पर हितग्राहियों के आधार कार्ड की एंट्री भी की जाना है। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा कहा गया कि नल जल योजनाओं के कार्य समय पर पूर्ण नही हो रहे है। इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर नलजल योजनाओं का कार्य गुणवत्ता के साथ नही किया जा रहा है और समय सीमा में पूर्ण नही किया जा रहा है उन ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए और उन्हें ब्लेक लिस्टेड किया जाए। कलेक्टर श्री मीना ने जल जीवन मिशन की पूर्ण हो चुकी योजनाओं में हितग्राहियों से जल कर की वसूली के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। जिससे नलजल योजना का व्यवस्थित संचालन किया जा सके।

बैठक में विधायक गौरव सिंह पारधी ने तिरोड़ी की पेयजल योजना के लिए वाटर प्लांट पर शीघ्र कार्य करने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन में कार्य कर रहे ठेकेदारों से कहा कि नलजल योजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करें। भविष्य में इसकी जांच होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। विधायक श्रीमती अनुभा मुजारे ने ग्राम धपेरा की कट्टीटोला में पेयजल की शीघ्र व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता बतायी। जनपद उपाध्यक्ष डॉ. शंकरलाल बिसेन ने चांगोटोला में बनी 02 टंकियों को डिस्मेंटल किये जाने की आवश्यकता बतायी और कहा कि गुडरू के स्कूल में 600 बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था नही है। इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि क्षतिग्रस्त एवं दुर्घटना की आशंका वाली टंकियों को डिस्मेंटल करने के लिए ग्राम पंचायत की बजाय वे स्वयं कार्यवाही करें। सांसद प्रतिनिधि श्री अभय कोचर ने जिले के नक्सल प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने की बात कही। विधायकों द्वारा कहा गया कि उनके क्षेत्र में जिन स्थानों पर जल जीवन मिशन की टंकी बनायी जाना है उसकी जानकारी उन्हें भी उपलब्ध करायी जाए।

## शासकीय महाविद्यालय हट्टा मे आयोजित हुआ एक दिवसीय व्याख्यान




**पद्मेश न्यूज,हट्टा।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन शाखा, शासकीय महाविद्यालय हट्टा, जिला बालाघाट द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान 29-10-2025को आयोजित हुआ आगामी राष्टीय एकता दिवस के अवसर पर, भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन शाखा, शासकीय महाविद्यालय हट्टा द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उन्नति फाउंडेशन के श्री आशुतोष दुबे एवं संस्था के डॉ. सचिन तिवारी द्वारा सरदार पटेल के जीवन, उनके राष्ट निर्माण में योगदान, तथा युवाओं के लिए उनकी प्रेरणादायी विचारधारा पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने छात्रों को एकता, अनुशासन और राष्ट सेवा के महत्व से अवगत कराया। और छात्रों के भविष्य हेतु उनके पर्सनैलिटी डेवलपमेंट हेतु महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश बिसेन ने अपने उद्बोधन में छात्रों से राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आंवला नवमी पर्व आज

### विधी विधान से आंवला वृक्ष की होगी पूजा अर्चना

**पदमेश न्यूज,बालाघाट।** प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलो व ग्रामीण अंचलो में शुक्रवार को आंवला नवमी का पर्व हर्षोल्लास और पूर्ण विधि विधान के साथ मनाया जाएगा।जहां सौभाग्यवती महिलाए पति व सन्तानो की दीघार्यु के लिए आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना करेगी।कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस आंवला नवमी पर्व पर आंवला नवमी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करके सौभाग्यवती महिलाओ द्वारा आंवले के पेड़ की जड़ में दूध, रोली, अक्षत, फूल,गंध च?ाया जाएगा। फिर आंवले के पेड़ की कम से कम 07 बार और अधिक से अधिक 108 बार परिक्रमा कर दीये जलाएं जाएंगे। इसके बाद महिलाएं कथा का वचन करेंगी और आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-सौभाग्य की कामना करेंगी।वही आंवला वृक्ष को भोग लगाकर उसके नीचे बैठकर भोजन ग्रहण करेंगी। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है और अब सौभाग्यवती महिलाएं इस पूजन के लिए भोर सुबहा होने के इंतजार में हैं।



### आंवला के पेड़ पर होता है देवताओं का वास

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आंवले के पेड़ में देवताओं का वास होता है जिसमें भगवान विष्णु और भगवान शिव आंवले के वृक्ष में वास करते हैं इसके चलते आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है।यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-सौभाग्य की कामना की जाती है। मान्यता के अनुसार, इस दिन किया गया तप, जप, दान इत्यादि व्यक्ति को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्त करता है। आंवले के पेड़ की पूजा करने का एक कारण यह भी है कि आंवला स्वास्थ्य के लिए बहुत गुणकारी होता है।विभिन्न रूपों में इसका सेवन बीमारियों को दूर करता है।

### किसी विशेष मुहूर्त की जरूरत नहीं होती

बताया गया कि आंवला नवमी पूजन पुरुषों के लिए भी जरूरी है लेकिन प्राया माता आंवला नवमी का व्रत करती हैं वे अपने पुत्र व सौभाग्य की दीर्घायु के लिए इस व्रत को करती हैं ताकि इस के पूजन से उनका सौभाग्य अक्षय रहे, अटल रहे और उनकी संतान अक्षय को प्राप्त करें।आंवला वृक्ष की पूजा करके सहपरिवार आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन किए जाने का प्रावधान है मान्यता है कि इस दिन ऋषि चमन ने आंवला का सेवन कर पुन: यौवन्ता को प्राप्त किया था।आंवला पर्व पर प्रातकाल स्त्रियां स्नान कर, अक्षय वृक्ष के नीचे परोसती हैं वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उसकी परिक्रमा करती हैं और भोग लगाकर स्वयं और परिवार के साथ भोजन ग्रहण करती हैं।आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है जिसके चलते पूरे दिन मुहूर्त रहता है इसके लिए किसी विशेष मुहूर्त की जरूरत नहीं होती।

## कांद्रीखुर्द में रात-दिन की मड़ई मेला का भव्य आयोजन कल

### चौरा मां गौंदा की शानदार प्रस्तुति बनेगी आकर्षण का केंद्र

**पदमेश न्यूज,किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांद्रीखुर्द में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरा और संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।जहा नवयुवक मड़ई मेला समिति, कांद्रीखुर्द के तत्वावधान में 1 नवम्बर शनिवार को रात-दिन की मड़ई मेला卐 का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है।ग्रामवासियों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली पर्व के बाद होने वाला यह मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा बल्कि छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की ग्रामीण लोक संस्कृति को भी सजीव रूप में प्रदर्शित करेगा।बताया गया कि जीयारानी और रंजन पांडेय की प्रस्तुति में चौरा मां गौंदा का मंचन मेले का मुख्य आकर्षण रहेगा।जहा लोकनाट्य प्रस्तुति चौरा मां गौंदा, जिसका मंचन प्रसिद्ध कलाकार जीयारानी एवं रंजन पांडेय के निर्देशन में किया जाएगा। यह प्रस्तुति देवी भक्ति, लोककला और सामाजिक संदेश का संगम होगी, जिसे देखने दूर-दूर से श्रद्धालु और दर्शक पहुंचेंगे।समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में पारंपरिक कला और नाट्य संस्कृति को पुनर्जीवित करना है ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सके।बताया गया कि कांद्रीखुर्द का यह मेला वर्षों से क्षेत्र की पहचान रहा है। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति, पारंपरिक गीत-संगीत, और धार्मिक आयोजन मिलकर इसे आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम बनाते हैं। इस अवसर पर आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के पहुंचने की संभावना है।बताया गया कि कांद्रीखुर्द में नवयुवक मड़ई मेला समिति द्वारा आयोजित यह मेला केवल मनोरंजन का नहीं बल्कि संस्कृति और एकता का उत्सव है।रात्रि में होने वाली चौरा मां गौंदा की नाट्य प्रस्तुति इस आयोजन को यादगार बना देगी। मेला आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन की कमान नवयुवक मड़ई मेला समिति कांद्रीखुर्द के हाथों में है। सरपंच,रेखा लोकेश मड़ामे ग्राम पंचायत कान्द्रीखुर्द,अध्यक्ष संतोष भाजीपाले उपाध्यक्ष सुभाष बाबुरघे, और सचिव प्रमोद मेश्राम सहित अन्य पदाधिकारियों व ग्रामवासियों ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक मेला को सफल बनाएं।



# आसमानी तबाही

## • जिले में मोंथा ने मचाई भयंकर तबाही • हजारों एकड़ में धान कटाई प्रभावित

## बारिश ने शहर को किया तरबतर, मोंथा चक्रवात से हो रही बारिश से किसानों को नुकसान

सिटी रिपोर्टर
**पद्मेश न्यूज,बालाघाट।**

जिले में पिछले कई दिनों से मोंथा चक्रवात के प्रभाव के कारण लगातार बे-मौसम बरसात का दौर जारी है। इस अनियंत्रित वर्षा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसलें अब धीरे-धीरे खराब होती जा रही हैं, जिससे किसान भारी चिंता में हैं। 30 अक्टूबर को भी सुबह से शुरू हुई बरसात देर रात तक जारी रही। इस दौरान आसमान में बादलों का डेरा दिनभर बना रहा और कई जगहों पर तेज़ हवाओं के साथ झमाझम बारिश होती रही। लगातार हो रही वर्षा ने जनजीवन को भी प्रभावित किया है। शहर की गलियों से लेकर गाँवों के खेत-खलिहानों तक हर ओर पानी भर गया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय खेतों में तिलहन, सरसों, चना, गेहूँ और अन्य रबी फसलों की तैयारी चल रही थी, वहीं कुछ क्षेत्रों में खरीफ की फसल की कटाई का दौर जारी था। लगातार हो रही बारिश से कटाई का काम पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यह मिजाज कुछ दिन और ऐसा ही बना रहा, तो फसलें पूरी तरह सड़ सकती हैं। कई किसानों ने बताया कि खेतों में पानी भर जाने से उपज की गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है। कुछ जगहों पर तो खेतों में खड़ी धान फसलें पूरी तरह झुक गई हैं। मौसम विभाग ने भी जिले में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, मोंथा चक्रवात का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति और बिगड़ सकती है।

मोंथा चक्रवात के कारण बदलते मौसम से हो रही लगातार बारिश ने न केवल शहरी क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित किया है बल्कि किसानों की समस्या भी काफी बढ़ा दी है। गुरुवार को सुबह से ही हो रही बारिश ने आम लोगों की दिनचर्या पर असर डाला है। शहर की सड़कों पर जलभराव से आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में खेतों में खड़ी फसलों पर इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है। खेतों में लगी हल्की फसलों के कट जाने के बाद खेतों में पड़ी फसल पर करपा, नमी बढ़ने से उसके दानों पर असर पड़ने की संभावना कृषि वैज्ञानिक जता रहे हैं। लगातार गिरते तापमान और बढ़ती नमी से फसल के दानों की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। कृषि वैज्ञानिक उत्तम बिसेन ने बताया कि आगामी एक-दो दिनों तक मौसम का यही रुख बना रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को इस समय धैर्य रखने की आवश्यकता है, क्योंकि जल्दबाज़ी में कटाई करने से नुकसान बढ़ सकता है। जिला धान उत्पादक जिला माना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान धान की खेती करते हैं। कृषि वैज्ञानिक उत्तम बिसेन बताते हैं कि बालाघाट जिले में 115, 125 और 140 दिन की अवधि वाली धान की किस्में लगाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने धान काट ली है, उन्हें इस समय सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ रहा है क्योंकि बारिश के चलते फसल में नमी का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि खेतों या खलिहानों में रखी धान यदि नमी से भीग जाती है, तो दानों का रंग और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होते हैं। ऐसे में किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर असर पड़ा है। अब किसानों को नमी पड़ी धान को सुखाने के लिए



अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। वहीं खेतों में खड़ी धान गिरकर यदि जमीन के संपर्क में आ गई है, तो इसका असर धान के दाने पर भी पड़ेगा। लगातार हो रही बारिश से फसलों में सड़न और दानों के काले पड़ने की समस्या देखने को मिल रही है।

### रबी फसल के लिए बनी नमी फायदेमंद

इस बारिश से किसानों को कुछ फायदा भी मिल सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि रबी फसलों की बुवाई के लिए मिट्टी में आवश्यक नमी बन गई है, जिससे किसान गेहूं, चना, अलसी और सरसों जैसी फसलों की बुवाई कर सकेंगे। कृषि वैज्ञानिक उत्तम बिसेन ने बताया कि नवंबर में मेड़ों पर लगाई जाने वाली तुअर की फसल में इस समय फूल आते हैं, लेकिन यदि मौसम का यही हाल रहा तो फसल में इल्लियों के प्रकोप का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगातार बारिश होने से धान की फसलों में बैक्टेरिया माइन और भूरा माहु जैसी बीमारियाँ फैल रही हैं, जिससे धान की फसल में बदरापन दिखाई दे रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि मौसम पूरी तरह खुलने तक फसलों की कटाई न करें, ताकि नुकसान को कुछ हद तक रोका जा सके।

### किसानों में हताशा

बे-मौसम बारिश ने किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुँचाया है। मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण खेतों में खड़ी और कटी हुई धान की फसलें दोनों ही प्रभावित हुई हैं। अक्टूबर के अंत में जारी इस बारिश से धान की कटाई पूरी तरह रुक गई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। जिले के लांजी, बिसोनी, बहेला, रिसेवाड़ा सहित लांजी क्षेत्र के कई गांवों में हजारों बीघा में बोई गई धान की फसलें बारिश की चपेट में आ चुकी हैं। कई किसानों के खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटाई के लिए तैयार फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। किसानों ने बताया कि उनकी फसल को 35 से 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने पहले ही कटाई कर ली थी और फसल को खेत के किनारों या खलिहान में रखा था, उनकी धान भी भीग चुकी है और दाने काले पड़ने लगे हैं।

### किसानों ने सरकार से की मुआवजे की मांग

किसानों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द फसल क्षति का आंकलन कर मुआवजा घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम ने उनकी मेहनत और उम्मीद दोनों पर पानी फेर दिया है। लगातार बारिश से धान की फसल सड़ने लगी है और बाजार में बिकने लायक नहीं बची है। किसानों ने बताया कि अगर मौसम अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहा, तो नुकसान का प्रतिशत और बढ़ जाएगा। फिलहाल कृषि विभाग की टीमें स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं और किसानों को फसल को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## चौक - चौराहों पर पुलिस के मेंन्यूअल ट्रेफिक सिग्नल सिस्टम से यातायात में राहत

### दो मिनट चौकों पर रुकने से हर दिशा के वाहनों को आवागमन में आसानी हुई

*सिटी रिपोर्टर*
*पदमेश न्यूज़ । बालाघाट*



*बीते लगातार 3 दिनों से शहर के अति व्यस्ततम चौक चौराहों में पुलिस द्वारा चारों दिशाओं से आवागमन कर रहे वाहन चालकों को क्रम बद्ध तरीके से सिस्टमैटिक ट्रेफिक टाइमिंग सिस्टम मैनुअली विकसित कर डायवर्ट करने से शहर के लोग काफ़ी राहत महसूस कर रहे हैं।*

*इस दौरान पुलिस के जवान हाथों में ट्रेफिक सिग्नल (रेड और ग्रीन )लेकर दिशा के हिसाब से वाहनों को आवाजाही के लिए डायवर्ट कर रहे हैं. इससे प्रत्येक वाहन को हर चौक पर दो मिनट कम से कम रुकना पड़ रहा है जिससे जहां सड़क पर वाहनों की धमा चौकड़ी पर अंकुश लगा है वहीं वाहन चालक भी इत्मीनान में देखे गए।*

*यह व्यवस्था इन दिनों चेकिंग बेरीकेड्स के समय अमूमन सभी चौक चौराहों में एक साथ वाहनों का रेला पहुंचने से यातायात को बिगड़ने से बचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है. इससे जहां वाहनों की किसी भी दिशा में कभी भी घूस जाने की अफरा तफरी को भी बहुत हद तक नियंत्रण करने से बेहतर परिणाम आये हैं।*

*नागरिकों का मानना है कि सभी चौक चौराहों पर यह व्यवस्था स्थायी होनी चाहिए ताकि अधिक गति और भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके।*

*हाथों में लाइट स्टिक लिए पुलिस के जवानो द्वारा सभी दिशाओं के वाहनों को उनके क्रम के हिसाब से प्रति दो मिनट बाद छोड़े जाने से सिग्नल सिस्टम की कमी पूरी हो रही है।*

*जब तक विधिवत सिग्नल सिस्टम शुरु नहीं हो जाता तब तक यही मैनुअल पुलिस ट्रेफिक सिस्टम ही लागू रहे तो शहर के बाशिंदे राहत महसूस करेंगे।*

## आज सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर यूनिटी मार्च

पद्मेश न्यूज,बालाघाट। देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को 'एकता दौड़ / यूनिटी मार्च' का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च पुलिस लाइन बालाघाट से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, आंबेडकर चौक, हनुमान चौक, सुभाष चौक, कालीपुतली चौक से होते हुए आंबेडकर चौक पर समाप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।यह आयोजन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8-30 बजे होगा। जिले के महाविद्यालयों, विद्यालयों, अधिकारी-कर्मचारियों, खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों से इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने की अपील की गई है, ताकि राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं समरसता का संदेश पूरे जिले में प्रसारित हो सके।

**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
**उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।**
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट